CMYK

जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स



मलाइका ने किया नोरा को रिप्लेस...
पेज -09

सिरोही, शनिवार, 01 फरवरी 2025 ◆ वर्ष : 18 ◆ अंक : 15 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रू.

## न्यूज ब्रीफ

### प्रयागराजः पीपा पुल टूटने से कई श्रद्धालु दबे



**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुंभ में शुक्रवार दोपहर के समय संगम क्षेत्र से बाहर फाफामऊ इलाके में गंगा नदी पर बना पीपा का पुल अचानक से टूट गया। पुल टूट जाने से कई लोगों के दबे होने की आंशका जताई जा रही है। फिलहाल मौके पर स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी है।

### बजट से पहले चमका शेयर बाजार

**मुंबई।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल वित्त वर्ष 2025-26 के लिए देश का बजट पेश करेंगी। इस दौरान भारतीय शेयर बाजार ने रफ्तार पकड़ ली और शानदार बढ़त के साथ कारोबार बंद किया। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 740.76 और एनएसई का निफ्टी 50 भी 258.90 अंकों (1.11 प्रतिशत) की तेजी के साथ 23,508.40 अंकों पर बंद हुआ।

## संसद में पेश इकोनॉमी सर्वे 2025

# हर साल चाहिए 78.5 लाख जॉब

## जीडीपी ग्रोथ 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान

## काबू में रहेगी महंगाई, खपत रह सकती स्टेबल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष का इकोनॉमिक सर्वे संसद में पेश कर दिया है। इकोनॉमिक सर्वे देश की आर्थिक स्थिति का लेखा-जोखा कहा जाता है। सर्वे के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट 6.3 फीसदी से 6.8 फीसदी के बीच रह सकती है। सर्वे में उम्मीद जताई गई है कि महंगाई कंट्रोल में रहेगी। जबकि खपत स्थिर रह सकती है।

### 2030 तक जॉब क्रिएट करने की जरूरत

इकोनॉमिक सर्वे में सुझाव दिया गया है कि भारत को 2030 तक सालाना 78.5 लाख नए नॉन फार्म जॉब क्रिएट करने की जरूरत है. साथ ही 100 फीसदी हासिल करने, हमारे शिक्षा संस्थानों की क्वालिटी में सुधार करने और भविष्य के लिए तैयार बुनियादी ढांचे का तैयार करने की जरूरत है।



### युवाओं को प्रोडक्टिव बनाना जरूरी

सर्वे में कहा गया है कि भारत ग्लोबल लेवल पर सबसे युवा देशों में से एक है. भारत की आर्थिक सफलता इस बात निर्भर करेगी कि वह अपने युवा वर्क फोर्स को कितना प्रोडक्टिव बन पाती है. डेमोग्राफिक डिविडेंड का पूरी तरह से लाभ उठाने के लिए क्वालिटी वाली नौकरियां पैदा करना महत्वपूर्ण है।

### ज्यादा काम मेंटल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

सैपियन लैब्स सेंटर फॉर ह्यूमन ब्रेन एंड माइंड की एक स्टडी का हवाला देते हुए कहा कि डेस्क पर लंबा समय बिताना कर्मचारी के मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और जो व्यक्ति डेस्क पर रोजाना 12 या इससे ज्यादा समय बिताता है, उसे मेंटल हेल्थ से जुड़ी दिक्क तों से जूझना पड़ता है। सात दिन में 55-60 घंटे से ज्यादा काम करना मेंटल हेल्थ के लिए हानिकारक है।

### भारत के युवा देश को बना सकते 10 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी

भारत के युवा हमारी सबसे बड़ी पूंजी हैं, जो भारत को 10 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बना सकते हैं। यहां तक कि ये युवा 2030 तक भारत को अमेरिका और चीन के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बना देंगे। हमारी आबादी में 26 फीसदी हिस्सा 10 साल से 14 साल के बीच के लोगों की है। जो हमारे लिए एक बड़े वर्कफोर्स का निर्माण कर रहे हैं।

## यूपी के गाजीपुर में सड़क हादसा

# छह श्रद्धालुओं की मौत, दस गंभीर रूप से घायल

## महाकुंभ से स्नान कर लौट रहे थे श्रद्धालु

**लखनऊ।** गाजीपुर जिले में प्रयागराज से महाकुंभ स्नान के बाद तीर्थ यात्रियों को लेकर आ रही गाड़ी नंदगंज थाना क्षेत्र के कुसुम्ही कला के पास हाईवे पर हादसे का शिकार हो गई।

हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एसपी डॉ. ईरज राजा ने बताया कि हादसे में छह लोग की मौत हुई है और 10 लोग घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। ये दर्दनाक हादसा नंदगंज थाना क्षेत्र के सहेड़ी इलाके में वाराणसी-गोरखपुर हाईवे पर हुआ। महाकुंभ से एक पिकअप वैन श्रद्धालुओं को लेकर गाजीपुर आ रही थी। सहेड़ी इलाके में वाराणसी-गोरखपुर हाईवे पिकअप अनियंत्रित होकर एक ट्रक से टकरा गई। ट्रक से टकराते ही पिकअप से लोग हाईवे पर गिर पड़े। मृतकों में 2 महिलाएं, 2 पुरुष और 2 बच्चे शामिल हैं।



### सीएम योगी ने लिया घटना का संज्ञान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

## राहुल गांधी और सोनिया गांधी के बयान से मचा बवाल, बोले...

# राष्ट्रपति का भाषण बोरिंग और उबाऊ

## बजट सत्र से पहले राष्ट्रपति का संबोधन, बीजेपी ने की कांग्रेस से माफी की मांग



**नई दिल्ली।** बजट सत्र के पहले दिन भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त सदन को संबोधित किया। अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने सरकार के विभिन्न कार्यों पर चर्चा की। हालांकि, राष्ट्रपति के संबोधन के खत्म होते ही राजनीतिक बयानबाजी फिर शुरू हो गई।

कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के संबोधन को लेकर कुछ ऐसी बात कह दी जिससे सियासी घमासान शुरू हो गया है। भाजपा ने इस मामले में कांग्रेस पार्टी से माफी मांगने को कहा है।

### क्या कहा मां-बेटे ने



संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद मीडिया से बात करते कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी ने कहा कि राष्ट्रपति अंत तक बहुत थक गई थीं। वह मुश्किल से बोल पा रही थीं। इस दौरान सोनिया गांधी ने कथित तौर पर 'पूअर थिंग' शब्दों का प्रयोग किया। वहीं, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी राष्ट्रपति मुर्मू के भाषण को बोरिंग बताया।

### राष्ट्रपति की टिप्पणी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर सोनिया गांधी की टिप्पणी पर राष्ट्रपति भवन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। राष्ट्रपति भवन ने कांग्रेस के बयान को न केवल गलत कहा, बल्कि इसे राष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला भी बताया। राष्ट्रपति भवन ने अपने बयान में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने संबोधन के दौरान किसी भी पल थकी नहीं थीं। उन्होंने पूरे आत्मविश्वास और ऊर्जा के साथ संसद को संबोधित किया। विशेष रूप से जब वे हाशिए पर खड़े समुदायों, महिलाओं और किसानों के अधिकारों की बात कर रही थीं, तब वे और भी ज्यादा संकल्पित थीं। राष्ट्रपति को विश्वास है कि इन वर्गों की आवाज उठाना कभी भी थकावट का कारण नहीं बन सकता, बल्कि यह उनके कर्तव्य का एक अहम हिस्सा है।

### जेपी नड्डा ने की माफी की मांग

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, मैं और भाजपा के सभी कार्यकर्ता सोनिया गांधी द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए 'पूअर थिंग' वाक्यांश के प्रयोग की कड़ी निंदा करते हैं। ऐसे शब्दों का जानबूझकर इस्तेमाल कांग्रेस पार्टी की गरीब-विरोधी और आदिवासी-विरोधी प्रकृति को दर्शाता है। मैं कांग्रेस पार्टी से राष्ट्रपति और भारत के आदिवासी समुदायों से बिना शर्त माफी मांगने की मांग करते हूं।

## राष्ट्रपति का अभिभाषण

# धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा तीन-चार को

### छह को राज्यसभा में पीएम देंगे जवाब

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। अब तीन और चार फरवरी को लोकसभा में राष्ट्रपति अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। लोकसभा में चर्चा का जवाब चार फरवरी की शाम को पीएम देंगे। 6, 7, 10 और 11 फरवरी को बजट पर चर्चा होगी। 11 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का जवाब होगा। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब पीएम मोदी छह फरवरी को देंगे।

### दोनों विषय महत्वपूर्ण

राष्ट्रपति ने कहा कि एक साथ चुनाव और वक्फ अधिनियम में संशोधन के मुद्दे पर बात की। उन्होंने कहा कि ये महत्वपूर्ण विषय हैं, जिन पर सरकार ने तेज गति से कदम आगे बढ़ाए हैं। लोस. और राज्यों की विस. में महिला आरक्षण महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### कानूनों की समीक्षा की

मेरी सरकार महिलाओं के नेतृत्व में देश को सशक्त बनाने में भरोसा करती है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सरकार ने संविधान के लागू होने से पहले बने कानूनों की विस्तार से समीक्षा की है। कई कानूनों को निरस्त या संशोधित किया जा रहा है। जिससे पूरा तंत्र वर्तमान सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना कर सके।

### देश का मेट्रो नेटवर्क एक हजार किमी

देश का मेट्रो नेटवर्क अब एक हजार किलोमीटर को पार कर चुका है। यह दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क है। शहरी यातायात को सुगम बनाने के कार्य लगातार जारी हैं। नमो भारत रैपिड रेल सेवाएं विकसित भारत के शहरों का स्वरूप हैं।

## शिकायतकर्ता को छह माह की सजा

### सीएम सिद्धारमैया के खिलाफ 'मूडा' केस

**मैसूरु।** 'मूडा'जमीन आवंटन मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाले एक्टिविस्ट स्नेहमयी कृष्णा को चेक बाउंस मामले में छह महीने जेल की सजा हुई है। मैसूरु के थर्ड जेएमएफसी कोर्ट ने ये फैसला सुनाया है। वर्ष 2015 में स्नेहमयी कृष्णा ने अखबार चलाने और घरेलू जरूरतों के लिए कुमार नाम के व्यक्ति से कर्ज लिया था, इसके बदले में उसने मर्चेंट्स को-ऑपरेटिव बैंक का चेक दिया था। जब कुमार ने इसे अपने बैंक खाते में जमा किया तो वह बाउंस हो गया। बाद में उन्होंने कृष्णा के खिलाफ केस दर्ज कराया।



# ट्रंप ने दी 'ब्रिक्स' देशों को चेतावनी

### दूसरी मुद्रा के इस्तेमाल पर सौ फीसदी टैरिफ

### 'कोई और मूर्ख देश' ढूंढ लें ब्रिक्सः ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिक्स देशों को फिर एक बार बड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर ब्रिक्स देश अंतरराष्ट्रीय व्यापार में अमेरिकी डॉलर की जगह किसी और मुद्रा के इस्तेमाल का प्रयास करेंगे तो वह उन पर 100 प्रतिशत शुल्क लगा देंगे। ट्रंप ने कहा कि ब्रिक्स देश 'कोई और मूर्ख देश' ढूंढ लें। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बृहस्पतिवार को एक पोस्ट में कहा, "ब्रिक्स देश डॉलर से दूर जाने की कोशिश करें और हम खड़े होकर बस देखते रहें, इस तरह के विचारों के दिन खत्म हो चुके हैं।' वह ब्रिक्स देशों से यह प्रतिबद्धता चाहते हैं कि वे न तो नई ब्रिक्स मुद्रा बनाएंगे न ही अमेरिकी डॉलर की जगह किसी अन्य मुद्रा का समर्थन करेंगे। ट्रंप ने



ब्रिक्स सदस्य देशों द्वारा अपनी मुद्रा जारी करने के किसी भी कदम की बार-बार आलोचना की है और यह अब तक का उनका सबसे कड़ा विरोध है। दिसंबर में भी ट्रंप ने ब्रिक्स देशों को इस तरह के कदम के खिलाफ चेतावनी दी थी। ब्रिक्स दस देशों - ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात का एक अंतर-सरकारी संगठन है। जिसका गठन 2009 में किया गया था।

# महाकुंभ के भंडारे में फेंकी राख

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ में श्रद्धालुओं को भोजन कराने के लिए कई जगहों पर भंडारे का भी आयोजन किया गया है। इस आयोजन के बीच एक ऐसा वीडियो सामने आया जिसने लोगों को दुखी कर दिया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है कि एक पुलिसकर्मी ने महाकुंभ में आने वाले लोगों के लिए भंडारे के भोजन प्रसाद में राख मिला दिया है। वीडियो सामने आने के बाद

### थाना प्रभारी निलंबित

अब पुलिसवाले कर कार्रवाई कर दी गई है। भंडारे के भोजन प्रसाद में राख मिलाने का जब वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तब यूपी पुलिस भी एक्शन में आई।

घटना के संबंधित पुलिसवाले की पहचान सोरांव थाना प्रभारी बृजेश कुमार तिवारी के रूप में की गई है। गुरुवार को पुलिस उपायुक्त (गंगा नगर) कुलदीप सिंह गुनावत ने थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया है। इस घटना पर यूपी पुलिस ने लिखा-उक्त प्रकरण का संज्ञान लेते हुए पुलिस उपायुक्त (गंगानगर) द्वारा एसीपी सोरांव की रिपोर्ट के आधार पर सोरांव थाना प्रभारी को निलंबित किया गया है। सपा के प्रमुख अखिलेश यादव ने भी एक पर लिखा- ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो लोग महाकुंभ में फँसे लोगों के लिए भोजन-पानी की व्यवस्था कर रहे है उनके सद्प्रयासों के ऊपर राजनीतिक विद्वेषवश मिट्टी डाल दी जा रही है।

## तेलंगाना में जीबीएस का पहला मामला

# सिद्दीपेट की युवती संक्रमित

**हैदराबाद।** पुणे और कोलकाता के बाद तेलंगाना के सिद्दीपेट जिले में भी जीबीएस का मामला सामने आया है। यहां एक युवती के अंदर जीबीएस संक्रमण का पता चला है। यह राज्य में जीबीएस का पहला ज्ञात मामला है। सिद्दीपेट जिले की एक महिला में गिलियन-बैरे सिंड्रोम का पता चला है, जो एक दुर्लभ तंत्रिका विकार है। शुक्रवार को केआईएमएस अस्पताल के अनुसार संक्रमित महिला ने पुणे या आसपास के इलाकों में कोई यात्रा नहीं की थी। तेलंगाना के सिद्दीपेट की एक 25 वर्षीय महिला को वर्तमान में जीबीएस का पता चलने के बाद केआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसे वेंटिलेटर सपोर्ट उपचार पर रखा गया है। कंसल्टेंट न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रवीण कुमार यादा के अनुसार, जीबीएस तब होता है जब बुखार या दस्त के बाद शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली गलती से अपने तंत्रिका तंत्र पर हमला करती है।

### वेंटिलेटर सपोर्ट पर चल रहा इलाज

## दिल्ली चुनाव से पहले 'आप' में भगदड़ः पांच दिन में सात विधायकों ने छोड़ी पार्टी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव करीब आते ही आप में इस्तीफों की झड़ी लग गई है। त्रिलोकपुरी से विधायक रोहित कुमार, महरौली से विधायक नरेश यादव, कस्तूरबानगर से विधायक मदन लाल, पालम से विधायक भावना गौड़ और जनकपुरी से विधायक राजेश ऋषि ने आप से इस्तीफा दे दिया है। इनके अलावा बिजवासन से बीएस जून और आदर्श नगर से पवन शर्मा ने भी इस्तीफा दे दिया है। पार्टी ने सभी का टिकट काट दिया था जिससे ये नाराज चल रहे थे।

# तिरुपति मंदिर ट्रस्ट को एक करोड़ का दान

## बैंक में रहेगा पैसा ■ ब्याज से भक्तों कोमुफ्त भोजन

**तिरुपति।** आंध्र प्रदेश के तिरुमाला में तिरुपति मंदिर ट्रस्ट को दान ममहाकुंभें एक करोड़ रुपए मिले हैं। चेन्नई के एक भक्त ने यह दान खास तौर पर भक्तों के लिए चलाई जाने वाली फ्री खाने की योजना के लिए किया गया है। चेन्नई के एक श्रद्धालु ने शक्रवार को तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के एसवी अन्नप्रसादम ट्रस्ट को एक करोड़ रुपए का दान दिया। वेंकटेश कन्नपन ने रंगनायकुला मंडपम में टीटीडी के अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी सीएच वेंकैया चौधरी को डिमांड ड्राफ्ट के रूप में यह राशि दान की।

### इस ट्रस्ट के पास करोड़ों की संपत्ति

पूर्व सीएम एन टी रामाराव ने 1985 में प्रतिदिन 2,000 तीर्थयात्रियों को मुफ्त भोजन परोसने के लिए वेंकटेश्वर नित्य अन्नदानम बंदोबस्ती योजना शुरू की थी।

### देश का सबसे अमीर मंदिर

तिरुपति बालाजी देश का सबसे अमीर मंदिर है। मंदिर के पास 2.5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 10 टन से ज्यादा सोना, करीब 16000 करोड़ रुपए और अन्य संपत्तियां भी हैं। तिरुपति मंदिर के संचालन और वित्त की देखरेख तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम करता है।

CMYK

## सुपर मार्केट का किया शुभारंभ



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** शहर के बड़गांव रोड स्थित मिस्त्री कॉलोनी में शुक्रवार को 99 सुपर मार्केट सेल का शुभारंभ ठा. रावत मानवेन्द्र सिंह देवड़ा ने फीता काटकर किया। पपनभाई मिस्त्री, पिन्टुभाई मिस्त्री ने अतिथियों का साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान टिंकलसिंह देवड़ा, यासीनभाई मिस्त्री, ईदुभाई मिस्त्री, इम्तीयाज भाई मिस्त्री, बसंतकुमार प्रजापत, जयंतीलाल पुरोहित, कांतीलाल प्रजापत सहित कई लोग मौजूद थे।

## पथमेड़ा को मिला व्यापार उत्कृष्टता पुरस्कार



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** भारत मंडपम में आयोजित एक समारोह में विश्व की सबसे बड़े गोसेवा संस्थान गोधाम पथमेड़ा, मनोरमा गोलोकतीर्थ पथमेड़ा को व्यापारी महासंघ की ओर से व्यापार उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार विश्वविख्यात आध्यात्मिक गुरु सुधांशु महाराज और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की ओर से गोधाम महातीर्थ पथमेड़ा के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (सीइओ) आलोक सिंहल को प्रदान किया गया। इस अवसर पर व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघी भी मौजूद रहे। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता जावेरी ने बताया कि व्यापारी महासंघ से जुड़े लाखों व्यापारियों ने देश की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पथमेड़ा जैसी धार्मिक संस्था द्वारा गोसेवा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। पथमेड़ा ने न केवल धार्मिक गतिविधियों में बल्कि व्यापार और उद्योग के क्षेत्र में भी एक मिसाल पेश की है।

## चौधरी बने बर्तन व्यापार संघ के अध्यक्ष

जागरूक टाइम्स संवाददाता संवाददाता



**सांचौर।** बर्तन व्यापार संघ की मेहता मार्केट में मंगलाराम जाट की अध्यक्षता में बैठक में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से हरचंदराम चौधरी को अध्यक्ष, साबिर हुसैन मेमन को उपाध्यक्ष, सांवलाराम माली को सचिव, डूंगराराम प्रजापति को सहसचिव, और चतराराम देवासी को कोषाध्यक्ष के पद के लिए चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने व्यापारियों के हित में कार्य करने की बात कहीं और व्यापारियों के सहयोग से व्यापार मंडल के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने और हर समस्या को हल करने की हर संभव कोशिश करने की बात कही। नव निर्वाचित अध्यक्ष हरचंद राम चौधरी को साफा पहनाकर स्वागत किया।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का हुआ समापन

# विद्यार्थियों को किया सम्मानित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जिले में 1 से 31 जनवरी तक 'परवाह' थीम पर चलाए गए राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2025 का शुक्रवार को जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में समापन किया गया। जिसमें वाहन चालकों व विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। जिला परिवहन अधिकारी ओमप्रकाश चौधरी ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान आयोजित की गई गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। वही सड़क सुरक्षा संबंधित विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों व कार्मिकों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम, जिला परिवहन अधिकारी




भीनमाल ओमसिंह शेखावत, आरसीएचओ डॉ. राजकुमार, शिक्षा विभाग, परिवहन व पुलिस विभाग के अधिकारी-कार्मिक सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान का करवाया भ्रमण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** पीएमश्री योजना के तहत पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय जालोर की कक्षा 9 व 11 के कुल 105 विद्यार्थियों को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर का भ्रमण करवाया गया। भ्रमण दल की बस को प्राचार्य गोपाल मीना ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर में विद्यार्थियों को संस्थान के महत्वपूर्ण उद्देश्यों, क्रियाकलापों भविष्य में प्रौद्योगिकी के उपयोग आदि के बारे में जानकारी दी गई। कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों को स्थानीय क्षेत्र के निर्माणाधीन राजकीय भवनों, कारखानों, पुलिस स्टेशन, डाक कार्यालय व अन्य राजकीय संस्थानों का भ्रमण करवाया गया। भ्रमण से विद्यार्थियों को राजकीय संस्थानों के क्रियाकलापों, कार्यप्रणाली, भौतिक संरचना आदि के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान अनुरक्षक के रूप में शारीरिक शिक्षक कपिल कुमार, कला शिक्षक बाबुलाल मीना, कार्यानुभव शिक्षक हीराराम व प्राथमिक शिक्षिक सुश्री भारती उपस्थित रही।



## निकाली जलयात्रा, मूर्ति स्थापना आज

### हनुमान मन्दिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** निकटवर्ती नाकोड़ा विहार कॉलोनी में हनुमान मन्दिर के दो दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर शुक्रवार को जलयात्रा एवं गणेश पूजन किया गया। महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह नजर आया। रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकार जोगसिंह देवड़ा ने भजनों की प्रस्तुति दी। शनिवार प्रातः मुर्ति स्थापना की जाएगी व भोजन प्रसादी होगी। जलयात्रा में सदीप सोलंकी, कृष्णकुमार देवासी, दलपत रावल, जसवंतसिंह, भगराज देवासी, अशोक बंसल, अशोक दर्जी, भीखा महाराज, विवेक श्रीमाली व कई भक्त मौजूद थे।

## ब्लॉक स्तरीय सृजनात्मक प्रतियोगिता आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता संवाददाता

**जालोर।** पीएमश्री राउमावि जालोर में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की जालोर ब्लॉक स्तरीय सृजनात्मक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता प्रभारी प्रियंका शर्मा ने बताया कि सृजनात्मक प्रतियोगिता के तहत निबंध, आशु भाषण, क्विज, चित्रकला और एकल गीत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें राजकीय और निजी विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत विधार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में भावना, योगेश सोनी, मनीषा आशु भाषण में संजना, मंथन शर्मा, उमर मेहर क्विज में मोहित चौधरी, मेघा खत्री, विवेक राठी चित्रकला में तनिषा गोस्वामी, संजय, दीपिका कुमारी तथा एकल गीत में निकिता कुमारी, दीपिका, खुशबू ने क्रमशः




प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य चैनकरणसिंह करणोत ने बताया कि ब्लॉक स्तर के विजेता और उपविजेता विद्यार्थी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जालोर ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में उप प्राचार्य खीमसिंह, किरण सिंह, अंबिका प्रसाद तिवारी, मुकेश चौधरी, शिवदत्त शर्मा, जयप्रकाश पणिया, सांवलाराम, लता मुकेश, शैलजा माथुर, श्वेता आचार्य और रेणु प्रजापत ने निर्णायक का दायित्व निर्वहन किया।

# वार्षिकोत्सव पर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जसवंतपुरा।** स्थानीय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में शुक्रवार को अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक ईश्वर सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी नरसिंगगिरी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी त्रिकमाराम देवासी, आरपी कुलदीपसिंह चारण, अमराराम, नोडल अधिकार विक्रमसिंह चारण, विकास अधिकारी पृथ्वीसिंह, थाना प्रभारी गुमानसिंह भाटी, उपप्राचार्य जयंतीराम चौधरी के आतिथ्य में शैक्षिक बाल मेला व वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। अतिथियों ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस तरह के बाल मेले व वार्षिकोत्सव से बच्चों में सकारात्मक व सृजनात्मक सोच का विकास होता है। ऐसे आयोजनों का उद्देश्य बालिकाओं को प्रोत्साहित करने के साथ आत्मविश्वास बढ़ाना भी है, जिससे बालिकाएं उच्च शिक्षा ग्रहण कर उच्च नेतृत्व कर सके। इस दौरान बालिकाओं ने राजस्थानी संस्कृति व लोक गीतों तथा देश भक्ति गीतों के गायन पर शानदार प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का संचालन भगवतसिंह राणावत ने किया। संस्था प्रधान सुनीता मीणा ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। समाजसेवी मोड़ाराम प्रजापत, एडवोकेट महेन्द्रसिंह, एसएमसी अध्यक्ष बसंतीदेवी, किशनलाल देवासी, सतीश जोशी, समाजसेवी प्रवीण राव, कुलदीपसिंह, नरेन्द्रसिंह भाटी, अर्जुन भाटी, कल्याणसिंह वाडा भवजी, विपुल माहेश्वरी, सुरेश राठी, किशोर माली, वार्डन रेखा सैन, नेहा चौहान, कोकिला राठौड़, नीतिका, प्रियंका दवे, मोनिका चौहान, संतोष सैन, नेनु देवी, कमलादेवी, चुकी देवी, रघुनाथ विश्नोई आदि मौजूद रहे।

### स्टालों व प्रदर्शनी का किया अवलोकन

किशोरी बाल मेले में करीब एक दर्जन से अधिक स्टॉल लगाई गई। इस दौरान सीबीईओ त्रिकमाराम देवासी सहित अतिथियों ने शैक्षिक स्टॉल प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों से संवाद किया। जिसमें ज्ञानवर्धन बातें समझाई गई। वहीं शैक्षणिक गतिविधियों, शैक्षिक गुर सिखाने समेत अन्य संचालित गैर शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। वहीं मेले के दौरान लगी प्रदर्शनी में बालिकाओं के हुनर को परखा गया। इस मेले में आस-पास के विद्यालयों की किशोरियों ने भी भाग लिया।





## 'शहनाई' कार्यक्रम में दी रंगारग प्रस्तुतियां

**भीनमाल।** स्थानीय महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रेबारियों की ढाणी में 'शहनाई' का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी। विद्यालय परीक्षा परिणाम, टैबलेट योजना चयनित 38 विद्यार्थियों, एनएमएमएस चयनित विद्यार्थियों, विज्ञान मेला, खेलकूद और कला क्षेत्र में राज्य स्तर पर चयनित 10 विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया गया। एसएमसी-एसडीएमसी सदस्य, विद्यालय स्टाफ,विद्यार्थी एवं अभिभावकगण मौजूद थे।

उधर स्थानीय आदर्श विद्या मंदिर बालिका विद्यालय की ओर से भगिनी निवेदिता संस्कार केन्द्र का वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्कार केन्द्र में पढने वाले छात्र एवं छात्राओं ने एक से बढ़कर एक नृत्य कविता भाषण एवं देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। इस दौरान गरीब बस्ती में संस्कार केन्द्र में पढने वाले बच्चों के लिए दरी पट्टी, पानी के केन, बाल पोथी अभ्यास पुस्तिका पेंसिल रबर शॉपनर एवं बिस्किट वितरित किए। उम्मेदराज परमार ने संस्कार केंद्र में माइक सेट भेंट किया। इस अवसर पर नरेंद्र आचार्य, अमित व्यास, रमाकांतदास, नारायण जांगिड़, उम्मेदराज परमार, सुशीला राव, भरत जीनगर, मीरा देवासी, श्रवण सोनगरा, सुरेश कुमार, कपूराराम, नवल किशोर व अर्जुन मकवाना सहित बड़ी संख्या विद्यार्थी मौजूद रहे।



# नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष राजपुरोहित का किया स्वागत, बांटी मिठाई

### जिलाध्यक्ष राजपुरोहित ने क्षेत्रपाल मंदिर में लगाई धौक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बागोड़ा।** नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित का काला-गोरा क्षेत्रपाल धर्मशाला में गुरुवार को स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष राजपुरोहित ने काला-गोरा क्षेत्रपाल भैरव के मंदिर में दर्शन कर प्रसादी का भोग लगाया। पूर्व सोसायटी अध्यक्ष विजयसिंह चौहान व एडवोकेट गणपत गिरी ने साफा एवं माल्यापर्ण कर स्वागत किया गया। राजपुरोहित ने संबोधित करते हुए कहा संगठन ने उन्हें जिम्मेदारी दी है उस पर खरा उतरेंगे। पार्टी को आगे बढाने का काम करूंगा। सांचौर जिले को लेकर हमारा कोई विरोध नहीं है, लेकिन भीनमाल जिला बनने की भौगोलिक दृष्टि के तहत मापदंडों पर पूर्ण होने से भाजपा सरकार में भीनमाल को जिला बनाया जाएगा। इस स्वागत समारोह में सांवलाराम देवासी पूर्व चेयरमैन भीनमाल, टिकमसिंह राणावत, भाजपा ग्रामीण मंडल बागोड़ा अध्यक्ष गंगाराम माली ने भी सम्बोधित किया।



### यह भी रहे मौजूद

समाजसेवी देवीसिंह चौहान, विजयसिंह चौहान भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पूर्व सोसायटी अध्यक्ष, नारायणसिंह चौहान, एडवोकेट छैलपुरी गोस्वामी डाबली, मोड़सिंह चौहान पूर्व उप सरपंच, लादुराम विश्नोई सेवानिवृत्त विकास अधिकारी, मांगीलाल सुथार वार्ड पंच, दिग्विजयसिंह दहिया, छैलसिंह मोरसीम, गेनसिंह, हीराराम चौधरी, चेलाराम चौधरी किसान नेता, शिम्बुराम जाट रंगाला, कृष्णकुमार सुथार, भीमाराम प्रजापत बागोड़ा, जेताराम मेघवाल जैसावास, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष थानाराम मोरसीम, युवा मोर्चा जिलामंत्री जालमसिंह चौहान, लाखनसिंह राव, अर्जुनसिंह राव सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



**सायला।** निकटवर्ती धनानी गांव में शुक्रवार को वरिष्ठ भाजपा नेता दीपसिंह चंपावत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित का साफा- माला पहनाकर स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष राजपुरोहित ने भी चंपावत का आशीर्वाद लिया। इस दौरान जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित, मण्डल अध्यक्ष नैनमल लखारा, महामंत्री मूलसिंह चम्पावत, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अशोकसिंह जेतावत, मण्डल मंत्री रमेश राजपुरोहित, दिलावरसिंह थलवाड़, चौपाराम देवासी, लालाराम माली, विक्रमसिंह दहिया, थानमल थलवाड, पारसाराम राणा, उगमसिंह, उमरावसिंह, नरपतसिंह रेवतडा, जब्बरसिंह सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव पर श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** स्मृति वन में गौ माता मंदिर एवं सत्येश्वर महादेव तथा द्वादश ज्योतिर्लिंग की तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया। प्रातः वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मूर्ति पुजन किया गया। मंदिर पर कलश ध्वजादंड की प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान महादेव व गौमाता के जयकारों से वातावरण शिवमय हुआ। मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के बाद हवन की पूर्णाहुति हुई, जिसके बाद महाप्रसादी में सैकडों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पूरे मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया। समारोह में गौऋषि दत्तशारणानंद महाराज, नंदराम महाराज पथमेड़ा, बलदेवदास महाराज पालड़ी, विट्ठल महाराज, गोपालानंद महाराज महादेवानंद महाराज का सान्निध्य रहा। केलाशपुरी हाड़ेचा मठ संतोषपुरी होथीगांव मठ रतोड़ा मठ शिवपुरी नेनावा मठ, पंडित भागीरथ व्यास, पंडित ज्योति प्रकाश, पंडित ऋषभ व्यास, सीए सत्येन्द्र साहू ,आत्माराम पुरोहित दानाराम चौधरी, अमराराम माली, श्रवण कुमार मांजू सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

**रात्रि जागरण में बही भक्ति सरिता**

गुरूवार रात्रि को भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें जोगभारती एंड पार्टी सहित कई गायक कलाकारों की ओर से मधुर मय एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर गौ माता की विशेष पूजा अर्चना की गई।

## सांचौर संघर्ष समिति का 34वें दिन धरना जारी

# प्रतापपुरा के ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** राज्य सरकार की ओर से सांचौर जिला खत्म करने के विरोध में सांचौर संघर्ष समिति का धरना 34 वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान धरने को प्रतापपुरा के ग्रामीणों ने समर्थन देते हुए उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान धरने को पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई, मोहम्मद शाह, पीराराम देवासी फालना, केशाराम मेहरा, किशनलाल देवासी ने भी संबोधित किया। धरने में हाकिम शाह, देवाराम भील, जयराम सुथार पालडी, शम्भुराम भील, सुल्तान शाह, खाराम गर्ग, नारायण मेघवाल, भरत भाटिया विरोल, छगनलाल मेघवाल, रमेश देवासी बड्सम, अमलू राम सारण, दिनेश सारण, वागाराम सारण, किशनलाल लोल सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।



### बार एसोसिएशन ने रखी पैन डाउन हड़ताल

जिला बहाली मांग को लेकर बार एसोसिएशन ने संघर्ष समिति को समर्थन देते हुए बार एसोसिएशन अध्यक्ष लादूसिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को पेन डाउन हड़ताल रखी। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। साथ ही उपखंड अधिकारी को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा।

### हाईकोर्ट में पहुंचा मामला

राज्य सरकार की ओर से सांचौर जिला खत्म करने के विरोध का मामला हाईकोर्ट में पहुंच गया, याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस मुनरी लक्ष्मण और मनिंदर मोहन श्रीवास्तव की खंडपीठ ने याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से 24 फरवरी को जवाब मांगा है। याचिका में अधिवक्ता डॉ. विकास बालिया और वरिष्ठ अधिवक्ता कुणाल उपाध्याय ने सांचौर जिले के पक्ष में अपने तर्क प्रस्तुत किए। वहीं सरकार की ओर से सह-एजी राजेंद्र प्रसाद, अनिरुद्ध सिंह शेखावत और एएजी रवींद्र सिंह झाला ने अपना पक्ष रखा। एसएस लादरेचा ने भी सरकार का प्रतिनिधित्व किया।

# यातायात नियमों को समझना और उनकी पालना करना बेहद जरूरी : चौधरी

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** प्रदेशभर में 01 से 31 जनवरी तक 'परवाह' थीम के साथ आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुक्रवार को समापन हो गया। परिवहन कार्यालय में जिला स्तरीय समापन समारोह आयोजित किया गया। जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों की शुरूआत अपने अपने कार्यालयों से होनी चाहिए। सभी को यातायात नियमों को समझने और उनका पालन करने की बेहद जरूरत है। उन्होंने यातयात नियमों की पालना पर जोर दिया। जिला पुलिस अधीक्षक अनिलकुमार बेनिवाल ने कहा कि सरकार द्वारा हर वर्ष सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन में जागरूकता लाने के लिए ऐसे अभियान चलाए जाते हैं। उन्होंने इन अभियानों की गंभीरता को समझते हुए सड़क सुरक्षा नियमों की पालना की बात कही। उन्होंने कहा कि इस बार विभिन्न भामाशाहों के सहयोग से बड़ी संख्या में हेलमेट बांटे गए है। जिलेवासियों से सड़क सुरक्षा नियमों की पालना तथा दुपहिया वाहन चालकों से सदैव हेलमेट पहनने की अपील की। एएसपी प्रभूदयाल धानिया ने अभियान के तहत पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी। सीएमएचओ डॉ दिनेशकुमार खराडी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में ज्यादातर मौतें बिना हैलमेट के कारण होती है। उन्होंने कहा कि मस्तिष्क एक बेहद महत्वपूर्ण अंग है इसके बचने व सुरक्षित रहने से जीवन बच जाता है। वरिष्ठ परिवहन निरीक्षक सुजानाराम चौधरी ने अभियान के दौरान पूरे माह किए गए विभागीय कार्यो का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिला परिवहन अधिकारी रामेश्वरप्रसाद वैष्णव ने अभियान की सराहना करते हुए यातायात नियमों की पालना करने की बात कही एवं सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### उल्लेखनीय कार्य के लिए इन्हें किया सम्मानित

जिले में सडक सुरक्षा संबंधी उत्कृष्ट कार्य करने पर उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सत्यप्रकाश शर्मा, धानीराम, ब्यावर-पिण्डवाडा टोल वे प्रालि के प्रोजेक्ट हैड सतीशकुमार, प्लाजा मैनेजर संदीप शर्मा, रूट मैनेजर मूलचंद खिंची, परिवहन विभाग के निरीक्षक मनीष खत्री, सहायक प्रोग्रामर राजूराम व कनिष्ठ सहायक नीरव मीणा, राजकीय पीजी कॉलेज सिरोही के छात्र भैरूसिंह पुत्र रूपसिंह, कोमल



माली पुत्री पुनमाराम, खुशी चारण पुत्री सुरेशसिंह चारण, सोनूकंवर पुत्री मोडसिंह, यशपालसिंह पुत्र छैलसिंह, युवराजसिंह पुत्र जीवसिंह एवं राहुल गहलोत पुत्र भूपेन्द्र गहाले समेत विभिन्न अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

### प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया सम्मानित

इसी तरह सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही के कक्षा 8वीं के विद्यार्थी अक्षत माली प्रथम, कक्षा 6 के आयुष भाटी द्वितीय एवं कक्षा 7 के माधवन परमार तृतीय रहे। इसी प्रकार एमजी उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही में कक्षा 9वीं के कुणाल रावल प्रथम, डिम्पल माली द्वितीय व भूमिका तृतीय स्थान पर रह। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नवीन भवन कक्षा 10 के हिमांशु ने प्रथम, मोहम्मद आस्कान खान ने द्वितीय एवं दिव्यांश माली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य प्रतियोगिताओं में एमजी उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही के 10वीं के जयवर्धन राठौड ने प्रथम, पूर्वी माली ने द्वितीय एवं विद्यार्थी पीयूष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में 10वीं की टीशा रावल व कोमल सुथार प्रथम, सौफीन व तैमीना द्वितीय एवं यशविनी



व अवंतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में परिवहन निरीक्षक जुहारमल मीना, विनीता चौहान, अक्षमिता राठौड़ समेत अन्यजन अधिकारी, कार्मिक व गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा जरूरतमंद दुपहिया वाहन चालकों को हेमलेट भी वितरित किए गए।





## न्यूज़ ब्रीफ

### आरएएफ के जवानों ने किया परिचित अभ्यास



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रेवदर।** रेपिड एक्शन फोर्स सौ वाहिनी अहमदाबाद के प्लाटून वन कमांडेंट रातुल दास के मार्गदर्शन में जिला- सिरोही (संवेदनशील कैटेगरी) में 28 जनवरी से एक फरवरी तक सहायक कमांडेंट राजेशकुमार तिवारी के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर परिचित अभ्यास किया गया। इसी ' म में जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार को सहायक कमांडेंट तिवारी ने जिलेभर में किए जा रहे परिचित अभ्यास के संबंध में जानकारी दी गई। परिचित अभ्यास हेतु नामित प्लाटून के मुख्य उद्देश्य से अवगत करवाते हुए बताया कि जिले के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से मेल-मिलाप कर जिले के संवेदनशील/ अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की जानकारी प्राप्त करते हुए जिले के ईलाकों के वरिष्ठ नागरिकों, समाजसेवियों एवं गणमान्य व्यक्तिओं से मेल-मिलाप करने एवं पूर्व में घटित दंगों व अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल करना इसका मुख्य उद्देश्य है। अभ्यास करने से उस जिले की भौगोलिक स्थिति एवं पिछले कुछ एक वर्षों में कानून एवं व्यवस्था की महत्वपूर्ण जानकारी एकत्रित करने, क्षेत्रों में आपातकालीन स्थिति में साम्प्रदायिक कर्तव्य निर्वहन को सुदृढ रखने में आरएएफ के जवानों को मदद मिलती है। अभ्यास हेतु उपस्थित प्लाटुन द्वारा क्षेत्रों में स्वस्थ व मंनोरजन पूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु भारत सरकार द्वारा जारी की गई गतिविधियों में शामिल होकर जिलों में स्वच्छता अभियान, खेलकूद व आमजनता के बीच विश्वास बनाने का कार्य किया जाता है। अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आम जनता के बीच जाकर पुलिस फोर्स की छवि को अधिक मजबूत बनाना एवं असामाजिक तत्वों के लिए एक कड़ी चुनौती पेश करते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने में स्थानीय पुलिस के लिए सहायक बनना है।

### नेत्र चिकित्सा शिविर में जांची लोगों की आंखें



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**निम्बज।** राजीव गांधी सेवा केन्द्र में निशुल्क नेत्र जांच शिविर भामाशाह दिवंगत संतोष देवी /रामदास वैष्णव परिवार के तत्वावधान में ग्लोबल हॉस्पिटल आबूरोड द्वारा आयोजित किया गया। शिविर में वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक त्रिलोचन साहु द्वारा 262 मरीजों के आंखों की जांच की गई। मोतियाबिंद पीड़ित 44 लोगों में से 29 मरीजों को ऑपरेशन हेतु ग्लोबल हॉस्पिटल नेत्र संस्थान तलहटी आबूरोड भेजा गया। शिविर में भवानीसिंह देवड़ा, भामाशाह रामदास वैष्णव, ग्लोबल हॉस्पिटल टीम प्रभारी प्रवीण सिंदल, सहायक पिन्टू मेघवाल, फरजाना बानो, शिवम, पुष्पा, हंसाराम, नंदिनी आदि मौजूद थे। निम्बज सहित अनापुर, केसुआ, वड़वज, अमरापुरा, रायपुर आदि गांवों के लोगों ने शिविर का लाभ उठाया।

### ग्लोबल वार्मिंग व पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

» मॉडर्न डिफेन्स स्कूल के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन में शरीक हुए साइकिल यात्री



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**शिवगंज।** मॉडर्न डिफेन्स स्कूल में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन में शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर भारत यात्रा पर निकले पांच साइकिल यात्रियों ने भी शिरकत कर ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया।विद्यालय परिवार के सान्निध्य में विद्यार्थियों ने सीाी साइकिल यात्रियों का तिलक लगाकर एवं संस्था निदेशक नरेंद्रसिंह राजपुरोहित ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर ये साइकिल यात्री 4 जनवरी को जम्मू कश्मीर के लाल चौक से रवाना हुए है जो 4048 किलोमीटर की यात्रा पूर्ण कर 19 फरवरी को कन्या कुमारी पहुंचेंगे। साइकिल यात्रियों ने बच्चों को अधिक से अधिक साइकिल चलाने और पैदल चलने का महत्व समझाया। शिवगंज शहर को प्लास्टिक मुक्त करने का संकल्प दिलाया। पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रत्येक व्यक्ति को अपनी भूमिका अदा करने से ही पर्यावरण को बचाया जा सकता है। संस्था निदेशक नरेंद्रसिंह राजपुरोहित ने साइकिल यात्रियों का गोल्ड मेडल देकर सम्मान किया। संस्था के सहायक निदेशक भानुप्रतापसिंह राजपुरोहित ने बताया कि बच्चों ने मानव श्रृंखला बना यात्रा की मंगल शुभकामनाएं के साथ यात्रियों को शिवगंज से विदा किया। उधर प्रतियोगिता के दूसरे दिन 200 व 400 मीटर दौड़, ऑक्टोपस दौड़ का आयोजन किया गया।

### समस्या निवारण को हेल्प डेस्क स्थापित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिले में 5 फरवरी से 30 मार्च तक आयोजित किए जाने वाले फॉर्मर रजिस्ट्री शिविरों के लिए फॉर्मर्स रजिस्ट्री प्रोजेक्ट के तहत जिला स्तरीय हेल्प डेस्क के लिए विभिन्न कार्मिकों की नियुक्ति की गई है।प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख ने बताया कि इसके लिए तहसीलदार भू अभिलेख अचलाराम मेघवाल (97998-368 61) को प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं प्रोग्रामर पिंकी कार्यालय पंचायत समिति सिरोही एवं कम्प्यूटर अनुदेशक शिवलाल तथा गौरांग को नियुक्त किया गया है। प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के कार्य से सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्मिकों को आने वाली विभिन्न समस्याओं का निस्तारण हेल्प डेस्क द्वारा किया जाएगा। जिससे फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में समस्या का यथा संभव त्वरित निस्तारण स्थानीय स्तर से ही संभव हो सके। हैल्प डेस्क द्वारा प्रत्येक दिवस में अनिस्तारित प्रकरणों की सूची ओएसडी फार्मर रजिस्ट्री को प्रेषित की जाएगी जिससे राज्य स्तर से से ऐसी समस्याओं का उचित निस्तारण किया जा सके।

## दिव्यांग प्रमाणीकरण शिविर 5 से

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिला प्रशासन, सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग, चिकित्सा विभाग एवं राजस्थान पथ परिवहन निगम के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांग ऑनलाइन प्रमाण-पत्र के लिए 5 फरवरी से विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे।इसके तहत 5 फरवरी को पंचायत समिति सिरोही, 19 को पंचायत समिति पिण्डवाडा, 28 को पंचायत समिति रेवदर, 4 मार्च को पंचायत समिति आबूरोड एवं 11 को पंचायत समिति शिवगंज में ऑनलाइन दिव्यांग प्रमाण पत्र यूडीआइडी कार्ड के लिए शिविरों का आयोजन किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक राजेन्द्र कुमार पुरोहित ने बताया कि इन शिविरों में दिव्यांगजन के पूर्व में ऑफ्लाइन बनाए गए प्रमाण पत्र ऑनलाइन करवा सकेंगे। ऐसे दिव्यांगजन जिसके पास दिव्यांग प्रमाण-पत्र नहीं है वे इ-मित्र पर पंजीयन करवाना/ पंजीयन रसीद शिविर पर लाकर मेडिकल टीम के समक्ष उपस्थिति होने पर प्रमाण-पत्र की प्र' या की जाएगी। जिनके पास यूडीआइडी कार्ड नहीं है वे भी इन शिविरों में भाग लेकर अपने साथ आधार कार्ड, जन आधार कार्ड एवं दिव्यांग प्रमाण-पत्र लेकर उपस्थिति होंकर शिविर का लाभ उठा सकते है। शिविरों में रोडवेज की ओर से स्मार्ट कार्ड भी बनाए जाएंगे। दिव्यांग उपकरण के लिए चिहिन्करण भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर से पूर्व पंजीयन करवाना सुनिश्चित कर पंजीयन रसीद लेकर आना होगा।

## खेलकूद प्रतियोगिताएं व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्य म का समापन शुक्रवार को हुआ।कार्यवाहक प्राचार्य सुमेरदान के अनुसार प्रतियोगिता में रस्सा-कस्सी, चम्मच दौड़ का आयोजन हुआ। सांस्कृतिक कार्य म में एकल गायन, एकल नृत्य व सामूहिक नृत्य का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कार्य म प्रभारी महेश कुमावत, सदस्य गिर्राजप्रसाद मीना, माधूराम, हसमुख परमार, विद्यार्थी बुलबुलकंवर, दुर्गा देवासी आदि मौजद थे।

## नव निर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष ने किए देव दर्शन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** नव निर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ रक्षा भंडारी ने जिलाध्यक्ष बनने के बाद सारणेश्वर धाम पहुंचकर आराध्य महादेव के दर्शन कर पूजन किया। उन्होंने नाडोल आशापुरा माता, सोनाणा खेतलाजी, मुंडारा चामुंडा माता मंदिर भी पहुंच पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में अमन, चैन खुशहाली की कामना की। साथ ही राज्य मंत्री ओटाराम देवासी का आशीर्वाद प्राप्त किया। राज्यमंत्री देवासी ने डॉ रक्षा भंडारी का चुनरी ओढाकर स्वागत सरकार कर उज्वल भविष्य की कामना के साथ बधाई दी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष चिराग रावल, ताराचंद कुमावत, महिपाल चारण, दक्षा देवड़ा, गंगाराम खंडेलवाल, कुंदनमल राठी, नरेश सिंघी, मोहनलाल सोलंकी, रामलाल मेघवाल, राजेंद्रसिंह चौहान, कैलाश मेघवाल, इंदरसिंह मकवाना, शैतानसिंह, बाबूसिंह माकरोड़ा, वेलाराम पुरोहित, हार्दिक देवासी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



## बांट जीएसएस सदस्यों ने की शेष हिस्सा राशि देने की मांग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** बांट ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष वियाराम चौधरी समेत सभी सदस्यों ने शेष हिस्सा राशि बांट समिति को देने की मांग की है। समिति अध्यक्ष चौधरी ने बताया 156 सदस्यों की हिस्सा राशि 8 लाख 15 हजार 755 रुपए बांट समिति को प्राप्त हुई है। बांट के सदस्यों की हिस्सा राशि जेतावाड़ा से बची हुई है वह भी जल्द बांट को दी जाए। ताकि किसानों को लेनदेन में राहत मिले। चौधरी ने बताया की राज्य सरकार के आदेशानुसार जेतावाड़ा एवं बाट समिति के बीच में विभाजन करके बांट समिति के हिस्से की 496 किसानों की हिस्सा राशि पूर्व में बांट समिति को जेतावाड़ा से प्राप्त हो गई थी। लेकिन ऋणी किसान सदस्यों की (लोन चुकत) करके जेतावाड़ा समिति से बांट समिति की ओर से बांट में लोन वितरण किया गया था, उनकी हिस्सा राशि समिति के पास ही जमा रखी हुई है। जेतावाड़ा अध्यक्ष को कई बार अवगत करवाने के बार भी हिस्सा राशि नहीं दी जा रही है। जिससे समिति को लोन वितरण में समस्या आ रही थी।

## माधव विवि में ह्युमैन माइक्रोबायोम पर व्याख्यान आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय के बेसिक और अनुप्रयुक्त विज्ञान संकाय में अंत:विषय अनुसंधान के तहत विशेष आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आइआइटीई गांधी नगर के सहायक प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डॉ. मेहुल पी दवे ने ह्युमैन माइ' ोबायोम विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ. दवे ने व्याख्यान में मानव माइ' ोबायोम, यानी शरीर में मौजूद सूक्ष्मजीवों का समूह, कैसे मानव के स्वास्थ्य, प्रतिरक्षा तंत्र, बुद्धि स्तर और जीनोम को प्रभावित करता है, की जानकारी द ी। उन्होंने विशेष रूप से आंत के बैक्टीरिया और अवसाद के बीच के संबंधों पर प्रकाश डाला, जिससे स्वास्थ्य संबंधी नई खोजों की दिशा स्पष्ट हुई। कार्य म में विवि के विज्ञान संकाय अधिष्ठाता डॉ. जिगर सोनी, संकाय सदस्य डॉ. केएस दहिया, डॉ. भावीन सोनी, डॉ. ममताबेन सोनी, डॉ. पवन स्वर्णकार, डॉ. फरमान अली, डॉ. शहजाद अली, डॉ. अफसर अली, डॉ. पंकज चौहान, डॉ. आशा राणा, डॉ. रोहिताश कुमार, डॉ. अरुण परिहार, डॉ. अरुण कुलश्रेष्ठ, डॉ. गितिकासिंह और रविना जांजरिया उपस्थित रहे। साथ ही संकाय के विद्यार्थी और शोधार्थी भी इस महत्वपूर्ण वार्ता में शामिल हुए। डॉ. जिगर सोनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



## रात्रि चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, किया समाधान

मेथीपुरा को पंचायत बनाने की मांग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** पादर पंचायत मुख्यालय पर गुरुवार रात्रि जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में अतिरिक्त जिला कलेक्टर दिनेश राय छापेला,



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवाराम चौधरी, उपखंड अधिकारी सुबोधसिंह चारण, तहसीलदार मंजू देवासी, नायब तहसीलदार जब्बरसिंह देवड़ा, विकास अधिकारी हेमाराम चौधरी, डिस्कॉम के कुलदीप शर्मा सहित उपखंड तथा जिले के अधिकारी उपस्थित रहे। ग्राम विकास अधिकारी नवरंगलाल चौधरी ने बताया कि रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने मेथीपुरा को ग्राम पंचायत मुख्यालय बनाने, मंडार से मेथीपुरा तक 5.50 मीटर सड़क चौड़ी करने, पंचायत मुख्यालय पादर पर 33 केवी जीएसएस बनवाने, पंचायत पादर को टीएसपी क्षेत्र घोषित करवाने, पादर से कातरावाड़ी तक डामर सड़क बनाने, जलदाय विभाग की ओर से जल जीवन मिशन के तहत क्षतिग्रस्त सीसीरोड की मरम्मत करवाने जैसी मांगों को पूरा करवाने ज्ञापन सौंपा गया। चौपाल में प्रभुराम देवासी, भंवरसिंह देवड़ा, रामाराम देवासी, महेंद्रकुमार कोली समेत कई लोग मौजूद थे।

# शिंदे गुट के नेता अशोक धोड़ी की हत्या

- 20 जनवरी से थे लापता
- चार संदिग्ध पुलिस हिरासत में

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**पालघर।** पालघर जिले के शिवसेना एकनाथ शिंदे गुट के नेता अशोक धोड़ी की हत्या कर दी गई है। अशोक धोड़ी 20 जनवरी से लापता थे। उनके परिजनों ने ही संपत्ति विवाद के चलते हत्या की है। पालघर जिले के डहाणू विधानसभा क्षेत्र में शिवसेना (शिंदे गुट) के संगठक अशोक धोडी के अपहरण के मामले में नया मोड़ सामने आया है। बारह दिनों की गहन जांच के बाद पुलिस की आठ टीमों ने चार संदिग्धों को हिरासत में लिया है, जिन्होंने पूछताछ के दौरान अशोक धोड़ी की हत्या की बात स्वीकार की है। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने धोड़ी की हत्या के बाद उनके शव को उनकी ब्रेजा कार सहित गुजरात में एक खदान में 50 फीट गहरे पानी में फेंक दिया और मामले को हादसा बताने की कोशिश की।

### पुलिस को करीबी पर शक

जांच के दौरान चौंकाने वाला तथ्य सामने आ रहा है कि इस अपराध के पीछे मृतक के सगे भाई या किसी करीबी परिजन का ही हाथ हो सकता है। जांच के अनुसार भाई ने व्यक्तिगत दुश्मनी के चलते अन्य आरोपियों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया होगा। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को यही कहानी बताई है। हालांकि पालघर पुलिस तमाम सबूतों को जुटाने में लगी है, ताकि हत्या का असल कारण और साजिशकर्ता सामने लाया जा सके। घटना की गंभीरता को देखते हुए पालघर के पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटील, क्राइम ब्रांच के पुलिस निरीक्षक प्रदीप पाटील और घोलवड पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक गजानन पडलकर अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे।

### पत्नी ने दी थी शिकायत

जिस दिन वह लापता हुए थे, उनकी पत्नी ने कहा था कि मेरे पति ने मुझसे कहा था कि वह काम के लिए मुंबई जा रहे हैं। मुंबई और ठाणे जाते समय वे हमेशा अपनी गाड़ी दहानू में छोड़कर ट्रेन से जाते थे। उन्होंने मुझे सोमवार को फोन करके बताया कि सब्जियां पकाकर वहीं छोड़ दो वे घर आ रहे हैं। जब मैंने खाना बनाया और फोन किया, तो मेरा फोन नहीं उठा। उनकी पत्नी ने जवाब दिया कि उनका फोन आज तक बंद है। अगले दिन आसपास के बच्चों ने पूछा कि साहब घर आए हैं या नहीं, लेकिन फोन बंद होने के कारण हमने हर जगह खोजना शुरू कर दिया। लेकिन जब वे हमें नहीं मिले तो हमने बाद में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

## मुंबई में दो बांग्लादेशी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने वर्सोवा से दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। दोनों रिश्ते में पिता-पुत्र हैं। ये दोनों आठ साल से भारत में पहचान छिपाकर रह रहे थे। दोनों ने अवैध तरीके से भारत के अंदर घुसपैठ की थी। इसके बाद से दोनों यहीं रहने लगे। वर्सोवा पुलिस ने शुरुआती पूछताछ के बाद दोनों दो गिरफ्तार कर लिया है। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक मुंबई की वर्सोवा पुलिस ने अवैध रूप से भारत में रहने वाले दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक मोनेर बुकतियार शेख और दूसरा बुकतियार दोसुर शेख है। एटीसी द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर और पुलिस को उनकी बातचीत से महसूस हुआ कि वह दोनों भारतीय नहीं हैं। उनकी भाषा अलग नजर आ रही थी। इसके बाद पुलिस उप निरीक्षक सचिन उगले और उनकी टीम से जुड़े लोगों ने मौके पर जाकर जांच की।

**वर्सोवा में 2016 से रह रहे थे पिता-पुत्र**

# मुंबई की अनाया शाह सम्मानित

- दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया पुरस्कृत



- महाराष्ट्र के 20 विजेताओं में से एक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** गोपी बिरला मेमोरियल स्कूल(जीबीएमएस), मुंबई की कक्षा 8सी की छात्रा अनाया शाह ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। वह वीर गाथा 4.0 के सुपर 100 विजेताओं में से एक बनी हैं। यह प्रतिष्ठित पहल रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित की जाती है, जिसका उद्देश्य भारत के वीरों की वीरता को सम्मानित करना है। अनाया के अद्भुत चित्रकला के हुनर के लिए उन्हें इस सम्मान से नवाजा गया। अनाया, महाराष्ट्र के 20 विजेताओं में से एक हैं, अपने आयु वर्ग में देशभर के 25 विजेताओं में शामिल हैं।

### यह पुरस्कार जीतना मेरे लिए बेहद खास :अनाया

अपनी खुशी व्यक्त करते हुए अनाया शाह ने कहा,"इस पुरस्कार को जीतना मेरे लिए बेहद खास है! अपनी रचनात्मकता के माध्यम से हमारे देश के वीर नायकों को सम्मानित करना एक अद्भुत अनुभव है। मेरे स्कूल ने मुझे सिखाया है कि शिक्षा केवल एकेडमिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि आत्म-अभिव्यक्ति और अपनी प्रतिभा को खोजने का माध्यम भी है। मैं अपने शिक्षकों की आभारी हूं, जिन्होंने मेरी रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया और इसे निखारने में मदद की।

### हम हर बच्चे के विकास में रखते विश्वास : प्राचार्य

गोपी बिरला मेमोरियल स्कूल की प्राचार्या, श्रीमती मधु वाडके ने कहा, "हमारे स्कूल में हम हर बच्चे के पूरे विकास में विश्वास रखते हैं। अनाया की यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि जब छात्रों को सही अवसर और प्रोत्साहन दिया जाता है, तो प्रतिभा, रचनात्मकता और मेहनत एक साथ अपना अद्भुत परिणाम देती है। हमें अनाया पर बेहद गर्व है और हम कामना करते हैं कि वह इसी तरह आगे भी सफलता की नई ऊंचाइयां छूती रहें।

# जिलाधिकारियों को वितरित की जाएगी नई आधार किट : शेलार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** राज्य के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा राज्य के जिलाधिकारी कार्यालयों के लिए 4066 नई आधार किट का वितरण 10 फरवरी को किया जाएगा, ऐसी जानकारी सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री एडवोकेट आशिष शेलार ने दी। नए आधार कार्ड बनाना, आधार कार्ड नवीनीकरण करना, पते में बदलाव करना जैसी विभिन्न सेवाएं देने वाले ई-सेंटर राज्यभर में शुरू किए गए हैं। इन केंद्रों के लिए आवश्यक 3873 आधार कार्ड किट वर्ष 2014 में जिलाधिकारी कार्यालयों को उपलब्ध कराई गई थीं। इनमें से लगभग 2558 किट वर्तमान में उपयोग में हैं, जबकि 1315 किट के खराब होने की शिकायतें सरकार को प्राप्त हुई थीं। इसके अलावा, जिलाधिकारी कार्यालयों से 2567 नई किट की मांग की गई थी। ग्रामीण क्षेत्रों से प्राप्त मांगों को ध्यान में रखते हुए राज्य के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री एडवोकेट शेलार ने मंत्रालय में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रधान सचिव पराग जैन नैनुटीया और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर पूरी स्थिति की समीक्षा की और इस बैठक के बाद 4066 नई किट उपलब्ध कराने का निर्णय घोषित किया। आगामी 10 फरवरी से ये नई किट उपलब्ध कराई जाएंगी, और वर्तमान में यूआईडीएआई की टेस्टिंग प्रक्रिया जारी है।

### जिलेवार किट का विवरण

जिन जिलों में नई किट वितरित की जाएंगी उनमें अहिल्यानगर को 34, अकोला 78, अमरावती 109, छत्रपति संभाजीनगर 134, बीड 58, भंडारदरा 23, बुलढाणा 124, चंद्रपुर 74, धुले 113, गडचिरोली 44, गोंदिया 48, हिंगोली 88, जलगांव 167, जालना 104, कोल्हापुर 188, लातूर 271, मुंबई शहर 103, मुंबई उपनगर 122, नागपुर 91, नांदेड़ 112, नंदुरबार 90, नाशिक 49, उस्मानाबाद 73, पालघर 153, परभणी 55, पुणे 338, रायगढ़ 63, रत्नागिरी 59, सांगली 130, सातारा 132, सिंधुदुर्ग 160, सोलापुर 146, ठाणे 400, वर्धा 50, वाशिम 100 और यवतमाल को 83 किट उपलब्ध कराई जाएंगी।

## मराठी साहित्य सम्मेलन 21 से दिल्ली में

# सम्मेलन को हरसंभव समर्थन : सीएम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**महाराष्ट्र सदन में कार्यालय का उद्घाटन**

**मुंबई।** नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन को हरसंभव समर्थन दिया जाएगा। दिल्ली में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा। 21 से 23 फरवरी के बीच आयोजित होने वाला यह साहित्य सम्मेलन सफल होगा, यह कहना मुख्यमंत्री फडणवीस का। कोपरनिकस मार्ग स्थित महाराष्ट्र सदन में साहित्य सम्मेलन के लिए बनाए गए कार्यालय का उद्घाटन मुख्यमंत्री फडणवीस ने किया। कार्यक्रम में केंद्रीय सहकार राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल उपस्थित थे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि दिल्ली में आयोजित यह साहित्य सम्मेलन निश्चित रूप से भव्य होगा। यह सम्मेलन न केवल देश के लिए, बल्कि दुनियाभर के मराठी लोगों के लिए गर्व का विषय बनेगा। साहित्य सम्मेलन का आयोजन सफल बनाने के लिए विभिन्न संस्थाएं समन्वय से कार्य कर रही हैं। महाराष्ट्र राज्य के गठन के बाद और मराठी को अभिजात भाषा का दर्जा मिलने के बाद दिल्ली में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन का विशेष महत्व है। राजधानी में हो रहे इस साहित्य सम्मेलन को लेकर मराठी साहित्यकारों में उत्सुकता है और यह सम्मेलन विचारोत्तेजक साबित होगा। साहित्य सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया गया है, ऐसा मुख्यमंत्री फडणवीस ने बताया। दिल्ली के मराठी मंडल की ओर से मुख्यमंत्री फडणवीस का नागरिक सम्मान दिल्ली के विभिन्न मराठी मंडलों की ओर से मुख्यमंत्री फडणवीस का नागरिक सम्मान किया गया। इस अवसर पर दिल्ली में लंबे समय से रह रहे मराठी समुदाय के लोगों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी कुछ अपेक्षाएं रखीं।

# नालासोपारा रेलवे स्टेशन से दो आरोपी गिरफ्तार

**नालासोपारा।** पश्चिम रेलवे की उपनगरीय नालासोपारा रेलवे स्टेशन पर तैनात आरपीएफ ने अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। दोनों आरोपियों को जीआरपी वसई के हवाले कर दिया हैं। यह कार्रवाई ऑपरेशन यात्री सुरक्षा एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरपीएफ अधिकारी - कर्मचारी ने निरीक्षक लोकेश यादव के मार्गदर्शन में किया गया हैं। जानकारी के अनुसार नालासोपारा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं.4 पर 22 नवंबर को एक यात्री का मोबाइल चोरी हो गया था। नालासोपारा स्टेशन की अपराध दस्ते की टीम के सीटी कृष्ण कुमार सैनी, सीटी कुलदीप सिंह और एमएसएफ कपिल धवले एमएसएफ पारस राठौड़,जीआरपी- वसई स्टाफ किशन केंद्रे और अतुल कुटे पीसी द्वारा सीसीटीवी के जरिए लगातार निगरानी किया जा रहा था। इसी बीच टीम ने 29 जनवरी को नालासोपारा रेलवे स्टेशन से एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया। एएसआई- विनोद कुमार शर्मा द्वारा पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम जनक महावीर सऊद (36) निवासी-नेमिनाथ नगर, नालासोपारा (पूर्व) बताया, और मोबाइल (15000 रूपए) चोरी करने का अपराध कबूल किया। **दूसरा मामला:** नालासोपारा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं.2 पर 29 जनवरी को सोने की चेन छीनने की घटना घटी थी। जीआरपी वसई उक्त मामले में बीएनएस की धारा 304 (2) के तहत केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी थी, 30 जनवरी को सीपीडीएस टीम ने स्टेशन परिसर से सोमनाथ नयन नस्कर (18) निवासी-मुंबई पहलास्ता स्थायी पता-कैनिग तालुका उस्ती जिला दक्षिण चोबिश परगना राज्य-पश्चिम बंगाल को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया।



# बिश्नोई प्रीमियर लीग का आयोजन मार्च में

- ऑक्शन 16 को प्रस्तावित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** बिश्नोई प्रीमियर लीग मुंबई 2025 का आयोजन सात से नौ मार्च तक आयोजित किया जाएगा। बिश्नोई स्पोर्ट्स क्लब मुंबई द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली इस क्रिकेट लीग को इस वर्ष नवी मुंबई के बेलापुर स्थित राजीव गांधी खेल स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। लीग में पालघर , ठाणे, रायगढ़-पनवेल सहित मुंबई में निवासरत सभी खेल प्रेमी भाग लेगे। इस वर्ष लीग में कुल बारह टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी। लीग में भाग लेने वाली टीमों के खिलाड़ियों का चयन ऑक्शन के माध्यम किया जाएगा। ऑक्शन का आयोजन 16 फरवरी को होना प्रस्तावित है। ऑक्शन के लिए स्थान और समय की सूचना आगामी दिनों में प्रदान की जाएगी। बिश्नोई स्पोर्ट्स क्लब मुंबई द्वारा आयोजित इस वार्षिक क्रिकेट प्रतियोगिता का बृह्न मुंबई में निवासरत बिश्नोई समाज के युवा बड़े ही बेसब्री से इंतज़ार करते है। बिश्नोई स्पोर्ट्स क्लब की प्रबंधन कमेटी नें खेलप्रेमियों को तन मन धन से सहयोग करके लीग के आयोजन को भव्य बनाने की अपील की है।

# सीए कुमावत ने लगाया जीत का सिक्सर

- मीरा भायंदर स्थित वसई ब्रांच का चुनाव संपन्न
- सीए के चुनाव में 14 प्रत्याशियों ने लिया भाग



**भायंदर।** मीरा भयंदर स्थित वसई ब्रांच के चुनाव में अपने ही अंदाज में सीए अशोक गुमानराम कुमावत, निवासी सिंगरावट कलां (डीडवाना- कुचामन), ने जीत का सिक्सर लगाया। इस चुनाव में 14 प्रत्याशियों ने भाग लिया, जिनमें से उन्होंने 118 वोटों के साथ छठवां स्थान प्राप्त कर नौ सदस्यों की कमिटी में अपनी जगह सुनिश्चित की। इस जीत के साथ सीए अशोक कुमावत ने अपने गांव सिंगरावट कलां (डीडवाना-कुचामन) का नाम रोशन किया। कुमावत की जीत का स्वागत मुंबई के साथ-साथ गांव में भी जश्न मनाकर किया गया। कुमावत समाज को गर्व है कि इतिहास में पहली बार वसई ब्रांच में समाज के किसी चार्टर्ड अकाउंटेंट ने यह उपलब्धि प्राप्त की है। सीए अशोक कुमावत को अपने गांव सिंगरावट कलां (डीडवाना-कुचामन) का पहला सीए होने का भी गौरव प्राप्त है। ब्रांच चुनाव के जागरूक मतदाता सीए सुमन कुमावत, जो दुबई में कार्यरत हैं, चुनाव में अपना मतदान करने के लिए मीरा भयंदर आईं और अपने भाई सीए अशोक कुमावत के चुनाव प्रचार का हिस्सा बनकर एक मिसाल कायम की है। ब्रांच के सभी पूर्व चेयरमैन, मेंबर्स, मित्रों और सामाजिक संस्थाओं ने उनकी जीत का स्वागत किया और बधाईयां दी।

## गुइलेन-बैरे सिंड्रोम से तीसरी मौत पुणें में

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) के कारण एक और मौत हो गई। इस बीमारी से अब तक कुल तीन लोगों की मौत हो चुकी है। गुइलेन-बैरे सिंड्रोम से हुई तीसरी मौत 36 साल के एक ओला ड्राइवर पिंपल गुरव की हुई है। 21 जनवरी को उसे यशवंतराव चव्हाण मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिसके बाद आज उसने इस बीमारी के चलते दम तोड़ दिया। पुणे के बाद नागपुर और पश्चिम बंगाल में भी इस बीमारी के मरीज मिल चुके हैं। चार दिन पहले पश्चिम बंगाल में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम से एक किशोर की मौत हो गई थी। उत्तर 24 परगना जिले के आम डांगा निवासी 17 वर्षीय अरित्रा मंडल की 27 तारीख को इस रहस्यमयी बीमारी से मौत हो गई। नागपुर में भी इस बीमारी के मरीज बढ़ रहे हैं। दो मरीजों को वेंटिलेटर पर रखा गया है।

# आकाश राजपुरोहित का सत्कार



- सिद्धिविनायक पूजा सामग्री का उद्घाटन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** भूलेश्वर स्थित समाजसेवी छगनलाल दोलपुरा के नूतन प्रतिष्ठान श्री सिद्धिविनायक पूजा सामग्री का उद्घाटन नगरसेवक आकाश राजपुरोहित ने किया। अथिति पुरोहित का दोलपुरा ने साफा पहनाकर सत्कार किया। इस अवसर पर पूर्व नगरसेवक शरद पेटीवाल, प्रकाश तवाव, गवराराम खाण्डादेवल, वैभव मयेंकर (शाखा प्रमुख), वालाराम पुरोहित,प्रतापभाई दाता, राजूभाई रावल, जसवंत रोड़ा,भरत पुरोहित,दिलीप जैन, मनोज,मंगलाराम पुरोहित, धर्मेंद्र जैन,जयेश तिवारी, भवर सिंह चौहान, मफाराम पुरोहित, वगतावर जैन, वचनाराम पुरोहित, उमेद सिंह पुनाड़िया, मुकेश जैन, राकेश तिवारी, सुरेश ओखोनी, दिनेश दोलपुरा, रमेश ओखोनी, चेतन पुरोहित, केवाराम ओखोनी, मनीष,गोविंद सलतरा समेत सैकड़ों प्रवासी मौजूद थे।

## मतदान दिवस 5 फरवरी को मिलेगा सवैतनिक अवकाश

**जयपुर।** दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के आम चुनाव 5 फरवरी 2025 को होंगे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी जयपुर आशीष कुमार ने जयपुर जिले में कार्यरत उन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जो दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के पंजीकृत मतदाता हैं उन्हें दिल्ली विधानसभा आम चुनाव के मतदान दिवस 5 फरवरी को सवैतनिक अवकाश प्रदान करने के निर्देश समस्त विभागाध्यक्षों दिये हैं।

उन्होंने बताया कि जयपुर जिले में कार्यरत अधिकारी या कर्मचारी, जो दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के पंजीकृत मतदाता है, द्वारा आवेदन करने पर सवैतनिक अवकाश प्रदान करने हेतु संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों, विभिन्न विभागों, उपक्रमों, बोर्ड, निगमों आदि के विभागाध्यक्षों को प्राधिकृत किया गया है इसी के साथ श्रम विभाग द्वारा दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्रों के निजी औद्योगिक संस्थानों एवं राजकीय उपक्रमों के मतदाताओं तथा जयपुर जिले के ऐसे कार्मिक जो दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के पंजीकृत मतदाता है, उन्हें उनके क्षेत्र में मतदान दिवस दिनांक 5 फरवरी 2025 के लिए सभी संस्थानों में कार्यरत सभी कामगारों को, जिनमें आकस्मिक कामगार भी सम्मिलित है।

# दिल्ली से मुंबई पहुंचे एचएसएनसी के साइकिलिस्ट

- एचएसएनसी यूनिवर्सिटी के फिट भारत क्लब की पहल
- सेंटर से कोस्ट की यात्रा में तय की 1448 किमी. की दूरी



**मुंबई।** एचएसएनसी विश्वविद्यालय के फिट भारत क्लब के अंतर्गत 12 सदस्यीय टीम ने सेंटर से कोस्ट (दिल्ली से मुंबई तक) की 1,448 किलोमीटर की साइकिल यात्रा की। हालांकि जब उन्होंने इस साइकिल यात्रा की संकल्पना की तब किसी ने उन पर विश्वास नहीं किया था। लेकिन विश्वविद्यालय की ओर से मिले पूर्ण रूपेण आर्थिक एवं मानसिक सहयोग ने उनके विश्वास को बढ़ाया। यह साइकिल यात्रा 18 जनवरी को दिल्ली के इंडिया गेट से शुरू हुई थी और गणतंत्र दिवस की सुबह गेटवे ऑफ इंडिया मुंबई पहुंच कर यात्रा को संपन्न कर वर्ली स्थित विश्वविद्यालय कैंपस पहुंचे। अपनी इस यात्रा को निर्धारित समय में पूरा करने के उद्देश्य से इन्होंने प्रतिदिन लगभग 200 किमी. की दूरी तय की। इस यात्रा को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं सुखद बनाने के उद्देश्य विश्वविद्यालय की ओर से मेडिकल सुविधाओं से सुसज्जित एवं डॉक्टर युक्त एंबुलेंस, साइकिल के अपेक्षित कलपुर्जों के साथ विशेषज्ञ इंजीनियर एवं बीच-बीच में अल्पाहार एवं रात्रि विश्राम हेतु विभिन्न जगहों पर होटल की व्यवस्था विश्वविद्यालय की ओर से की गई थी। इस साइकिल यात्रा का नेतृत्व के.सी. महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक मयुर दुमासिया ने किया। उनके साथ के.सी. महाविद्यालय के मयूर डुमसिया, आर्यन साध, इंदर विश्नोई, शुभम पाटिल, अमीश पाटिल, मतीन कादरी, अनुज सिंह, कुणाल बावलिया, सीएच श्रीनिवास, नबील सिद्दीकी, ओम परदेशी, राहुल पाल ने सेंटर से कोस्ट की इस यात्रा को सफलता पूर्वक पूरा किया। इस दौरान उनके सहयोगी के रूप में स्वयंसेवक केशव शाह व सुमित झा लगातार जुड़े रहे।

### प्रोवोस्ट व कुलपति ने किया सम्मानित

दिल्ली के इंडिया गेट से शुरू हुई यह साइकिल यात्रा गेटवे ऑफ इंडिया, मुम्बई होते हुए। गणतंत्र दिवस की सुबह वर्ली स्थित विश्वविद्यालय कैंपस में आकर सम्पन्न हुई। जहां विश्वविद्यालय के प्रोवोस्ट डॉ. निरंजन हीरानंदानी एवं कुलपति प्रो. (डॉ.) कर्नल हेमलता बगला ने स्वागत किया। साथ ही टीम के सभी सदस्यों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। प्रोवोस्ट डॉ. हीरानंदानी ने इनकी इस यात्रा को अभूतपूर्व एवं प्रेरणादायी बताते हुए इसे भविष्य में भी जारी रखने का आह्वान किया।

# डोबिंवली में एक शाम बाबा रामदेव के नाम

सुरेश पाडीव/जागरूक टाइम्स

**ठाणे।** डोबिंवली स्थित जय अंबे सेवा संस्था, लोढ़ा हेवन में रामदेव नवयुवक मंडल व श्री आई माता गौसेवा ग्रुप के तत्वावधान में एक शाम बाबा रामदेव एवं श्री आई माता के नाम विशाल भजन संध्या सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम मां अंबे व बाबा रामदेव मंदिर में पूजा अर्चना करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस विशाल भजन संध्या मे सुप्रशिद्ध गायिका अनिता जांगिड़ व भजन गायक सोहनसिंह खरवड़ ने श्रीं गणेश वंदना से भजनो की प्रस्तुति देकर धार्मिक व देशभक्ति के गाने गाकर भक्तो को झूमने पर मजबूर कर दिया। जांगिड़ ने बाबा रामसा पीर का धोली धोली धजा.... सावला मंडफिया वाला काली गाड़ी लानी है एवं महाराणा प्रताप का मायड थारो वो पूत कटे जैसे एक से बढ़कर एक गानों की प्रस्तुति दी। राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मटका मास्टर उत्तम पटेल ने अपनी सिर पर पानी से भरा मटका लेकर कान्हा कांकरिया मत मार मटकिया फुट जावेली पर शानदार नृत्य कर श्रोताओं को ताली बजाने को मजबूर कर दिया।भजन संध्या मे स्थानीय विधायक राजेश मोरे,नगरसेवक,समेत भाजपा,शिवसेना,मनसे के नेताओं का भी संस्था की ओर से राजस्थानी साफा व दुप्पटा पहनाकर सत्कार किया गया। इस अवसर पर जय अंबे सेवा संस्था के अध्यक्ष सुरेश परमार,उपाध्यक्ष दलपत सिंह राजपुरोहित, खजीनदार वेनाराम सीरवी, सेक्रेटरी जीवराज पुरोहित, संस्थापक सुरेश सिंह राजपुरोहित,उत्तम भाई पटेल समेत समस्त कार्यकारिणी के पदाधिकारी मौजूद रहे।





## महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग की परीक्षा कल

**मुंबई।** दो फरवरी को आयोजित की जाने वाली महाराष्ट्र गट-ब (अराजपत्रित) सेवा संयुक्त पूर्व परीक्षा 2024 को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए आयोग पूरी तरह से तैयार है। यह जानकारी महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग की सचिव डा. सुवर्णा खरात ने किया। महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग के बेलापुर, नवी मुंबई स्थित कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों से कहा कि दो फरवरी को होने वाली 'महाराष्ट्र गट-ब (अराजपत्रित) सेवा संयुक्त पूर्व परीक्षा-2024' की प्रश्नपत्रिका पूर्व में उपलब्ध कराए जाने से संबंधित समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरें पूरी तरह गलत हैं। सभी प्रश्नपत्रिकाएं सख्त सुरक्षा इंतजामों के तहत सुरक्षित रखी गई हैं। कुछ मोबाइल नंबरों से उम्मीदवारों को प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का लालच देकर पैसों की मांग की जा रही है। इस मामले में महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग ने पुणे पुलिस आयुक्त के पास शिकायत दर्ज कराई है।

## विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### शिविर में 191 लोग लाभान्वित

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय केदारमल हलवाई की स्मृति में ? उनके परिवार द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला झुंझुनूं में संपन्न हुआ। शिविर में 191 रोगियों की जांचकर निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में रमाकांत हलवाई, डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, रीजन सेकेटरी महेश कुमार मूंड, देवेंद्र कुमार गौड़, मुबारक अली पहाड़ियान, सुमेरसिंह कर्णावत, शिव प्रसाद महर्षि, अशोक कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार शुक्ला, रमेशचंद्र अग्रवाल, डॉ. मूलसिंह, प्रमोद कुमार व काफी संख्या में गणमान्य जन व डॉक्टर्स टीम उपस्थित रहे।

### ट्रैफिक पुलिस ने एमबी एक्ट में कार्रवाई कर 21 वाहनों को किया जप्त



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी कोतवाली थाना क्षेत्र में यातायात पुलिस ने बाड़ी शहर में माघ महीने में होने जा रहे विशेष आयोजनों को लेकर शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के लिए उच्चाधिकारियों के निर्देशन में बाड़ी शहर के बाजार में दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान रखकर किए गए अतिक्रमण को समझाइश कर हटवाया साथ ही भविष्य में अतिक्रमण ना करने के लिए कहा गया। जानकारी देते हुए नवनियुक्त बाड़ी ट्रैफिक पुलिस प्रभारी गोविंद सिंह जाट ने बताया कि पुलिस उप अधीक्षक महेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशन एवं बाड़ी कोतवाली थाना कार्यवाहक एसएचओ हरवीर सिंह के निकटतम सुपरविजन में यातायात पुलिस के जवानों को लेकर शहर के बाजार में दुकानदारों द्वारा दुकान का सड़क पर सामान रखकर जो अतिक्रमण कर रखा था उसे समझाकर हठवाया है। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे 41 वाहन चालकों के खिलाफ एमबी एक्ट में कार्यवाही की है साथ ही 21 वाहनों को जप्त किया है। यातायात प्रभारी गोविंद सिंह जाट ने बताया कि ट्रैफिक रूल्स का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस उच्चाधिकारियों के निर्देशन में लगातार कार्यवाही करेगी और आमजन को शहर में आये दिन लगने वाले जाम से निजात दिला कर पुलिस थानों में लिखे स्गोलन को चरितार्थ कर अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास को बढ़ाने का कार्य करेंगी। उन्होंने बताया कि कार्यवाही के दौरान उनके पास बड़े-बड़े रसूखदारों के फोन आए लेकिन उन्होंने किसी की भी बात को ना मानते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देशों की पालना कर अपना ईमानदारी से कर्तव्य निभाया है।

### कौशल दक्षता प्रदर्शनी के अंतिम दिन 265 अवलोकनकर्ताओं ने किया अवलोकन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**बगड़।** शिवओंकार माहेश्वरी तकनीकी संस्थान बगड़ में जारी चार दिवसीय व्यावसायिक कौशल एवं दक्षता जागरूकता प्रदर्शनी के अंतिम दिन झुंझुनूं जिले व बगड़ कस्बे के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। अवलोकनकर्ताओं ने प्रशिक्षणार्थियों द्वारा तैयार मॉडलों का अवलोकन करते हुए प्रशिक्षणार्थियों की कार्य कुशलता एवं नवीनतम मशीनरी व टूल्स के माध्यम से संस्थान द्वारा दिए जा रहे गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण की सराहना की। प्रदर्शनी के अंतिम दिन संस्थान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बख्तावरपुरा के 48, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाकरा के 65, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बुडाना के 39, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कालीपहाड़ी के 31, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अलीपुर के 34 एवं राजकीय आईटीआई उदावास के 48 छात्र—छात्राओं सहित कुल छह विद्यालयों के 265 विद्यार्थियों एवं 28 आगुंतुकों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। अधीक्षक ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि संस्थान में संचालित चार दिवसीय कौशल दक्षता प्रदर्शनी में 27 शिक्षण संस्थाओं के 1783 छात्र-छात्राओं एवं आगंतुकों सहित कुल 1936 अवलोनकर्ताओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं प्रदर्शनी की प्रशंसा की।

### सरस का गुड़ा में संतों के सानिध्य में प्रतिष्ठ के साथ करवाई पगलियों की स्थापना

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** निकटवर्ती चारभुजा तहसील के सेवंत्री पंचायत का गांव सरस का गुड़ा में माघ सुदी बीज शुक्रवार को प्रातः शुभ वेला में सामाजिक संतों के सानिध्य में पगलिया बावजी की स्थापना की गई। पगलिया बावजी मंदिर के भोपा नारायणलाल सालवी ने बताया कि शुक्रवार को शुभ मुहूर्त में संत मंगलदास, संत किशन दास सहित ग्रामीणों के सानिध्य में पागलियों की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा करवाई गई । उसमें पूर्व रात्रि विशाल सत्संग हुआ जहां पर सालवी मेघवाल समाज ही नहीं वरण सर्व समाज के ग्रामीण कस्बे वासी ने भाग लिया। शुभ समय में स्थापना कर प्रसाद वितरण किया गया।

**नोटिस टू शो कॉज (जनरल) फार्म**
(Civil Procedure Code Appendix 'H' Form No.4)
न्यायालय :- अपर जिला न्यायालय, पिण्डवाड़ा
नाम एवं पद न्यायाधीश :- ममता मेनारिया (R.J.S.)
मोतीलाल विरूद्ध जीताराम व अन्य
वाद क्रमांक. CM -1/2025
वास्ते : धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
आपत्तिकर्तागण /सर्वसाधारण
चूंकि प्रार्थी ने इस न्यायालय में दरख्वास्त पेश की है कि मौजा लौटाना में स्थित ख.नं. 537, 546 में धेलाजी का गोदीपुत्र होने से उत्तराधिकार प्रमाण पत्र लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, घोषणा एवं स्थाई निषेधाज्ञा हेतु प्रार्थना पत्र पेश किया है। अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के विरुद्ध हेतु वर्णित करने के लिए ता. 23.03.2025 को पूर्वान्ह स्वयं या प्लीडर द्वारा सम्यक रुप से अनुदेश दिया गया हो उपसंजात हो यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई और निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जायेगा। यह आज ता. 23.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
गोल मोहर
आज्ञा से
वाचक
अपर जिला न्यायालय पिण्डवाड़ा

### सेंट पॉल्स की निष्ठा मेहता ने लहराया परचम

**राजसमंद।** जिला मुख्यालय स्थित सेंट पॉल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य फादर जॉनी मैथ्यू ने बताया की विद्यालय की कक्षा 12 वीं वाणिज्य संकाय की छात्रा निष्ठा मेहता ने वीर गाथा प्रोजेक्ट - 4 में भाग लेकर जिले भर में अपना लोहा मनवाया। भारत के रक्षा मंत्रालय हर साल वीरता पुरस्कार विजेता, जीवित या शहीद सैनिकों पर वीरगाथा प्रोजेक्ट आयोजित करता है, ताकि मातृभूमि के लिए उनके सर्वोच्च बलिदानों के लिए उन्हें श्रद्धांजलि दी जा सके और छात्रों में हमारे राष्ट्रीय नायकों के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके।

राजस्थान सरकार
**कार्यालय जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी, बाड़मेर**
साक्षर भारत
जिला कलेक्टर परिसर, बाड़मेर, Tel. 02982-220736
क्रमांक : जिसासशिअ/बाड़/2025/1568 दिनांक:-24.01.2025
**शुद्धि पत्र**
इस कार्यालय के पत्रांक F. No. : DLCEO/BMR/2024-25/1564 दिनांक 21.01.2025 द्वारा निकाली गई E-Bid Notice inviting Bid No. 01(2024-25) के Annex-1 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

| क्र.सं. | सामग्री नाम | संशोधन पूर्व | संशोधन पश्चात |
|---|---|---|---|
| 1 | नोट बुक-अभ्यास पुस्तिका 100-120 पेज 58 GSM, साइज 6.5×7 inch, कवर पेज 80 GSM नोट बुक के मुख्य पृष्ठ पर संलग्नानुसार उल्लास लोगो तथा अंतिम पृष्ठ पर सबके लिए शिक्षा पृष्ठ सहित, | नोट बुक-अभ्यास पुस्तिका 100-120 पेज 58 GSM, साइज 6.5×7 inch, कवर पेज 80 GSM नोट बुक के मुख्य पृष्ठ पर संलग्नानुसार उल्लास लोगो तथा अंतिम पृष्ठ पर सबके लिए शिक्षा पृष्ठ सहित, | **नोट बुक-अभ्यास पुस्तिका 120 पेज 58 GSM, साइज 6.5×7 inch, कवर पेज 80 GSM नोट बुक के मुख्य पृष्ठ पर संलग्नानुसार उल्लास लोगो तथा अंतिम पृष्ठ पर सबके लिए शिक्षा पृष्ठ सहित,** |

शेष शर्तें यथावत् रहेगी।
DIPR/C/1340/2025
जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी बाड़मेर

# जेडीए की कार्रवाई, 26 बीघा भूमि पर पांच अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण जोन-14 निजी खातेदारी की करीब 14 बीघा कृषि भूमि पर 02 नवीन अवैध कॉलोनियों का प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया गया। जोन-13 निजी खातेदारी करीब 04 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी का प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया गया। जोन-10 में निजी खातेदारी करीब 08 बीघा कृषि भूमि पर 02 नवीन अवैध कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया गया। महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम वाटिका में वाटिका से लाखना रोड़, जिला जयपुर में करीब 08 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम फतेहपुरा तहसील चाकसू, कुम्हारियावास रोड़ पोद्दार कॉलोज के सामने, जिला जयपुर में ही करीब 06 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण



करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जेडीए द्वारा जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम नायला से हटवाड़ा रोड़, रानियावास, जिला जयपुर में ही करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर "नन्दनी विहार" के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। इसी प्रकार जोन-10 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बल्लूपुरा केशव विद्यापीठ के पास जगदीश तांबी के फार्म हाउस, जिला जयपुर में करीब 05 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर "सत्यम एन्कलेव" के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जोन-10 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित केशव विद्यापीठ चौराहा के पास, पारस सेनेटरी के सामने, जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर "श्रीराम विहार" के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

# शिव महापुराण कथा यज्ञ का शोभायात्रा के साथ शुभारंभ



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट की ओर से मंदिर के 33वें वार्षिक उत्सव के शुभ अवसर पर शिव महापुराण कथा यज्ञ का आयोजन 31 जनवरी से सात फरवरी तक मंदिर परिसर के सामने श्री चौथमल जी गोयनका नोहरा में किया जा रहा है। शिव महापुराण कथा यज्ञ में प्रथम दिवस पर व्यासपीठ से विश्वविख्यात श्रद्धेय बाल व्यास श्रीकांत शर्मा ने अपने कोकिल कंठ से गणेश पूजन के साथ मधुर संगीतमय कीर्तन तथा सरल हिंदी भाषा में रोचक एवं ज्ञान राग दृष्टांत सहित कथा का रसपान श्रोता भक्तों को करवाया। इससे पूर्व भागवत ग्रंथ का पूजन मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं अग्रवाल परिवार द्वारा विद्वान पंडितों के आचार्यत्व में किया गया। तत्पश्चात मंदिर परिसर से भागवत आचार्य बालव्यास श्रीकांत शर्मा के सानिध्य में शिव महापुराण पोथी को सभी भक्तजनों ने अपने मस्तक पर धारण कर कथा स्थल चौथमल गोयनका तक गए इस अवसर पर महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई कलश यात्रा में महिलाओं एवं भक्तों ने नाच कर गाकर किया खुशी का इजहार। श्रद्धालुओं से खचाखच भरे विशाल टेंट में शिव महापुराण कथा के पहले दिन श्रद्धालुओं को कथा का श्रवण करा रहे श्रीकांत शर्मा ने कहा कि व्यक्ति का पूरा जीवन यह जानने में लग जाता है कि उसका जन्म क्यों हुआ? हकीकत यह है कि हमारा जन्म अपने पूर्व जन्म के प्रतिफल को पाने और भगवान का भजन करने के लिए हुआ है। यदि हमने पूर्व जन्म में अच्छे कर्म किए होंगे तो इस जन्म में प्रतिफल के रूप में हमें आनंद की प्राप्ति होगी। पंडित शर्मा ने कथा सुनाते हुए कहा कि अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें। अगर हम घर में बनाएंगे अनुशासन तो पैदा नहीं होंगे दुशासन। अपने बच्चों को हर हाल में संस्कारित बनाइए।

## 5 फरवरी से ग्राम पंचायतों में लगेंगे किसान रजिस्ट्री शिविर



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में जिले में 5 फरवरी से आयोजित होने वाले किसान रजिस्ट्री शिविर की तैयारियों के संबंध में बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने कहा कि जिले में 5 फरवरी से 31 मार्च तक प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर तीन दिवसीय किसान रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन जाएगा। इन कैम्पों के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि विभागीय समन्वय स्थापित कर शिविरों की सभी तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों सहित उपखण्ड अधिकारियों एवं विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों में किसान रजिस्ट्री (किसान आईडी) बनाई जाएगी जो कि किसान की एक यूनिक पहचान होगी जिसमें किसान के जनसांख्यिकीय विवरण, स्वामित्व वाली भूमि का विवरण, बोई गई फसलों का व्यापक तथा उपयोगी डेटा होगा। यह रजिस्ट्री किसान के आधार कार्ड से जुडी होगी। इसके लिए किसानों को शिविर में अपना आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल फोन एवं नवीनतम जमाबंदी नकल साथ में लानी होगी। इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने बताया कि किसान रजिस्ट्री से पीएम किसान/सीएम किसान सम्मान निधि के साथ-साथ अन्य सरकारी योजनाओं, सब्सिडी और बीमा का लाभ उठाने के लिए किसान आईडी पंजीकरण आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिये कि इस कार्य के साथ-साथ इन शिविरों में आयुष्मान कार्ड ईकेवाईसी, घुमन्तु परिवारों को पट्टे की कार्यवाही के कार्य, मनरेगा के फार्म, पीएम आवास की बकाया किश्त, श्रम विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग व फसल बीमा की पॉलिसी आदि का भी वितरण किया जाएगा।

## राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 को लेकर बैठक आयोजित

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 के सफल आयोजन के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी एवं पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने शुक्रवार को परीक्षा के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में समस्त परीक्षा समन्वयक, पुलिस नोडल अधिकारियों, जिला शिक्षा अधिकारियों, उपसमन्वयकों एवं केंद्र अधीक्षकों से राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 की तैयारियों को फीडबैक लिया गया। बैठक में अधिकारियों को परीक्षा के आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की सख्त हिदायत दी गई। साथ ही पुलिस अधिकारियों को भर्ती परीक्षा में किसी भी प्रकार की नकल अथवा अनियमितता की सूचना पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई को अंजाम देते हुए परीक्षा का आयोजन पूर्ण सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गए। पुलिस सहित सभी सुरक्षा एजेंसियां इस दौरान सतर्क एवं मुस्तैद रहेगी एवं परीक्षा का सफल एवं सुचितापूर्ण आयोजन सुनिश्चित करेंगी। वहीं, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष मेजर जनरल आलोक राज की मौजूदगी में फरवरी माह में आयोजित होने वाली कनिष्ठ अभियंता, रीट सहित अन्य समस्त प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों की भी समीक्षा की गई । राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना गौरतलब है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा दिनांक 2 फरवरी, 2025 (रविवार) को जयपुर जिले में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक 240 परीक्षा केन्द्रों पर राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 का आयोजन किया जाएगा। जयपुर के परीक्षा केन्द्रों पर 91 हजार 513 अभ्यर्थी अपना भाग्य आजमाएंगे। परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिये कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जिसका संचालन 31 जनवरी, 2025 से 02 फरवरी 2025 तक किया जाएगा। नियंत्रण कक्ष 01 फरवरी तक प्रातः 9:30 बजे से सांय 6 बजे तक कार्य करेगा।

## शहीद सूबेदार मोहनलाल महला का मनाया 26वां शहादत दिवस

**मुकुंदगढ़।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत डूमरा में 31 जनवरी को शहादत दिवस पर निशुल्क चिकित्सा शिविर व रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शहीद पुत्र डॉ. जितेंद्र चौधरी ने बताया कि 26वें शहादत दिवस पर गांव की राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्थित शहीद सूबेदार मोहनलाल महला की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि नवलगढ़ उपखंड अधिकारी जयसिंह ने मालार्पण कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। इसके पश्चात शहीद वीरांगना रामप्यारी देवी का अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद झुंझुनूं एवं नवलगढ़ द्वारा स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने करते हुए रक्तदाताओं का हौंसला अफजाई किया। इस कार्यक्रम में निशुल्क चिकित्सा शिविर में 308 मरीजों की जांच कर दवा व आंखों की जांच कर 255 चश्में वितरण की गई। वहीं रक्तदान शिविर में 267 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। नवलगढ़ से आई हरि ट्रॉमा ब्लड बैंक ने 157 यूनिट व जयपुर से आईएसएस ब्लड बैंक ने 110 यूनिट रक्त संग्रहित किया। मोहनलाल महला चार जाट यूनिट में थे। वहीं 26 जून 1976 को सेना में भर्ती हुए और कश्मीर में 31 जनवरी 1999 को देश के लिए शहीद हो गए। चिकित्सा शिविर में बीसीएमओ डॉ. प्रहलादसिंह, डॉ. आरके सुमन, डॉ. जितेंद्र भांबू, डॉ. रोहित सुमन, डॉ. विनोद, डॉ. सुमन, डॉ. सुभिता, डॉ. दर्शन, डॉ. हिमांशु ने निशुल्क सेवा प्रदान की। शहीद पुत्र जितेंद्र चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## दिल्ली से बच्चे का किडनैप कर अलवर लाया साधु

### आधार कार्ड से बच्चे के रिश्तेदार का पता लगा और परिजनों तक पहुंचे

जागरुक टाइम्स संवाददाता



**अलवर।** दिल्ली से सात साल के बच्चे का किडनैप कर साधु अलवर लेकर आ गया। उसे मंदिरों में घुमाता रहा। उससे ढाबे में बर्तन साफ करवाए। बच्चे को कहा- जमीन तेरे नाम कर दूंगा। इस बीच बच्चा खैरथल रेलवे स्टेशन पहुंच गया। उसे अकेला देखकर पुलिस ने पकड़ा और पूछताछ के बाद हॉस्टल में रखा। अब करीब 2 साल बाद उसके माता-पिता का पता चला। बाल अधिकारिता विभाग की टीम ने मोबाइल पर उसके परिजनों से बात करवाई। अपने बेटे को देखते ही मां बिलखने लगी और बोलने लगी- मेरे बेटे को अब किसी को मत दे देना, हम आ रहे हैं। माता-पिता आज बेटे को लेने अलवर आए। मूल रूप से बिहार के रहने वाले अरविंद शर्मा और कामिनी शर्मा बेटे आदर्श को लेने अलवर आए हैं। उन्होंने बताया- वे दिल्ली में लकड़ी का काम करते हैं। बच्चा भी उनके साथ दिल्ली ही रहता था, जिसका 19 मार्च 2023 को किडनैप हो गया था। दिल्ली में मुकंदपुर के मच्छी मार्केट के पास से एक साधु नशीली दवा सूंघाकर बच्चे को उठाकर ले गया था। उसकी हर दिन तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। पिता बोले- हर दिन काम पर जाने से पहले सब्जी मंडी जाकर बेटे को तलाशते थे। ऐसा लगता था कि कहीं आसपास गुम हो गया है। रास्ता भटक गया। हो सकता है सब्जी मंडी में मिल जाए। लेकिन नहीं मिला। बहुत बार तो बेटे की याद में काम छोड़कर घर आ जाता था। फिर कहीं ढूंढने निकल जाता था। इसी तरह बेटे की मां भी ढूंढ़ती रहती थी। अब बाल अधिकारिता विभाग, अलवर की टीम का फोन आने पर बेटे का पता चला। बच्चे आदर्श ने बताया कि वे 5 भाई-बहन है। उसे इतना याद है कि अपने दोस्तों के साथ घर से कुछ दूर खेल रहे थे। तब एक साधु आया था। उसने उसे पकड़ लिया और कुछ सुंघाया। कई जगहों और मंदिरों में लेकर आया। वो कहता था- %तेरे नाम जमीन करा दूंगा। मेरे साथ ही रहना है।% ढाबों पर बर्तन धुलवाता था। पैसे अपने पास रखता था। भूखा रखता था। बाल अधिकारिता विभाग, अलवर की टीम के प्रमुख रविकांत ने बताया कि बच्चा खैरथल रेलवे स्टेशन पर 10 अप्रैल 2023 को मिला था। पुलिस से जानकारी मिलने के बाद बच्चे को भूरासिद्ध स्थित हॉस्टल में रखा। बच्चे के परिवार का पता लगाया जा रहा था लेकिन कोई क्लू हाथ नहीं लग रहा था। इस पर आधार कार्ड के जरिए पता लगाया। आधार कार्ड से बच्चे के रिश्तेदार का पता लगा और परिजनों तक पहुंचे।

### अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे वर्ष आयोजित होंगे कार्यक्रम

# 'अभियान की तरह क्रियान्वित किया जाए 'सहकार से समृद्धि' कार्यक्रम'

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के उपलक्ष्य में वर्ष पर्यंत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से जनमानस में सहकारिता विभाग और सहकारी संस्थाओं की अच्छी छवि का निर्माण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा की जा रही कवायद का लाभ किसानों, सहकारी संस्थाओं के सदस्यों और सहकारी संस्थाओं तक बेहतर रूप में पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। राजपाल शुक्रवार को नेहरू सहकार भवन में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष, 'सहकार से समृद्धि' कार्यक्रम एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले शिविरों के सम्बन्ध में आमुखीकरण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के सम्बन्ध में माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में अपेक्स कमेटी, मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय कमेटी और जिला कलक्टर्स की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कमेटियों का गठन किया जा चुका है। उन्होंने निर्देश दिए कि फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में



जिला स्तरीय कमेटी की बैठक आयोजित करवाकर राज्य स्तर से जारी एसओपी के अनुसार जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का कैलेण्डर तैयार कर आयोजनों की अविलम्ब शुरूआत की जाए। प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि जिला स्तर पर आयोजित किए जाने वाली गतिविधियों में उस जिले से सम्बन्धित महत्वपूर्ण अवसरों का ध्यान रखा जाए। प्रत्येक माह एक बड़ी गतिविधि के साथ ही अन्य सारगर्भित गतिविधियों का आयोजन पाक्षिक तौर पर किया जाए। उन्होंने इन गतिविधियों की प्रगति एवं आयोजन पर साप्ताहिक रिपोर्ट राज्य स्तर पर स्थापित किये जाने वाले कंट्रोल रूम में अपडेट करने के निर्देश दिए। राजपाल ने कहा कि आमजन में जागरूकता के लिए प्रभात फेरी, रथ यात्रा, प्रदर्शनी,वृक्षारोपण आदि के साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा सकता है। उन्होंने आयोजनों में महिलाओं, युवाओं एवं विद्यार्थियों की पर्याप्त भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि 'सहकार से समृद्धि' सहकारिता विभाग का नियमित कार्यकरण है, इसे वर्षभर के आयोजन में अभियान की तरह क्रियान्वित किया जाए। राष्ट्रीय स्तर पर बीज, जैविक खेती और एक्सपोर्ट के सम्बन्ध में गठित की गई सहकारी समितियों की सदस्यता राज्य की सहकारी समितियों को दिलवाई जाए। उन्होंने कहा कि सभी पैक्स फंक्शनल हों, उनका सुचारू संचालन हो और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो, यह हमारी प्राथमिकता है। राजपाल ने निर्देश दिए कि अवसायनाधीन एवं निष्क्रिय समितियों के अवसायन की प्रक्रिया 30 जून, 2025 से पूर्व, भारत सरकार की एसओपी के अनुरूप समयबद्ध तरीके से सम्पन्न की जाए। वहीं, राजस्व विभाग द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर फार्मर रजिस्ट्री बाबत आयोजित किये जाने वाले शिविरों के संबंध में प्रमुख सचिव ने कहा कि यह हमारे लिए एक अच्छा अवसर है, जिसका समुचित उपयोग किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि इन शिविरों में जीएसएस गठन के सर्वे कार्य का सम्पादन, नये सदस्य बनाना, नैफेड और एनसीसीएफ पोर्टल पर कृषकों का पंजीयन, सहकारिता स्कीम्स की जानकारी देना, म्हारो खातो, म्हारो बैंक कार्यक्रम के तहत नये खाते खोलना, डेयरी के खाते खोलना और सीएससी सेवाओं की जानकारी देना आदि कार्य किए जाएं।

## सुविचार

अगर आपका भरोसा तोड़ने के बाद माफी मांगे तो भले माफ कर दो पर दोबारा भरोसा ना करें।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## आर्थिक सर्वेक्षण

संसद में शुक्रवार को पेश आर्थिक समीक्षा 2024-25 के अनुसार वृद्धि दर में गति को बरकरार रखने के लिए भारत में बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेश को अगले दो दशकों में लगातार बढ़ाने की जरूरत है। नवीनतम आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में आम चुनावों के दौरान नई स्वीकृतियों और व्यय पर बाधाओं व कई क्षेत्रों में भारी मानसून के कारण बुनियादी ढांचे पर खर्च की गति प्रभावित हुई। हालांकि पिछले वर्ष जुलाई और नवंबर के बीच पूंजीगत व्यय की गति बढ़ गई। सदन में पेश दस्तावेज में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष के लिए केंद्र का पूंजीगत व्यय वित्त वर्ष 20 के पूंजीगत व्यय का लगभग 3.3 गुना निर्धारित किया गया है। सर्वेक्षण के अनुसार आपदा-रोधी शहरीकरण, सार्वजनिक परिवहन, विरासत स्थलों, स्मारकों और पर्यटन स्थलों का संरक्षण और रखरखाव की जरूरत है। रिपोर्ट में कनेक्टिविटी सहित ग्रामीण सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर अधिक ध्यान देने की जरूरत पर बल दिया गया है। सर्वेक्षण में कहा गया है, "हमारी शुद्ध शून्य प्रतिबद्धताओं के कारण नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता सृजन पर अतिरिक्त जोर दिया जा रहा है।" आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार सरकार के विभिन्न स्तरों पर बजट संबंधी बाध्यताएं हैं, कार्यक्रम और परियोजना नियोजन, वित्तपोषण, निर्माण, रखरखाव, मुद्रीकरण और प्रभाव आकलन जैसे कई महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में निजी भागीदारी में तेजी आनी चाहिए। सर्वेक्षण में कहा गया है, "हमारा बुनियादी ढांचा कार्यक्रम विभिन्न प्रकार के पीपीपी मॉडल का समर्थन करता है, जैसे बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर (टोल और एन्युटी), डिजाइन-बिल्ड-फाइनेंस-ऑपरेट-ट्रांसफर, हाइब्रिड एन्युटी मॉडल और टोल-ऑपरेट-ट्रांसफर।" सरकार ने राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन, राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन और पीएम-गति शक्ति जैसे कई बाधा-समाधान और सुविधा तंत्र स्थापित किए हैं, जिनसे प्रगति हुई है। वित्तीय बाजार नियामकों ने निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए सुधार प्रस्तुत किए हैं, तथापि अभी भी कई प्रमुख क्षेत्रों में निजी उद्यम की भागीदारी सीमित है। निजी भागीदारी को बढ़ाने की रणनीति के लिए सभी हितधारकों जैसे विभिन्न स्तरों पर सरकारें, वित्तीय बाजार के खिलाड़ी, परियोजना प्रबंधन विशेषज्ञ और योजनाकार तथा निजी क्षेत्र की समन्वित कार्रवाई की आवश्यकता है। इसमें कहा गया है, "परियोजनाओं की संकल्पना करने, क्रियान्वयन के लिए क्षेत्र-विशिष्ट नवीन रणनीतियां विकसित करने तथा जोखिम और राजस्व साझाकरण, अनुबंध प्रबंधन, संघर्ष समाधान और परियोजना समापन जैसे उच्च विशेषज्ञता वाले क्षेत्रों को विकसित करने की क्षमताओं में पर्याप्त सुधार की आवश्यकता है।"

### आज केंद्रीय बजट 2025-26

# वित्तमंत्री से क्या चाहता उद्योग जगत ?



नरेंद्र शर्मा

**कॉ**रपोरेट सेक्टर की किसी एक क्षेत्र विशेष से नहीं बल्कि सभी कोर सेक्टर को लेकर कुछ महत्वपूर्ण मांगे हैं। ऐसे में देखना है कि बढ़ती मुद्रास्फीति के आंकड़ों के कारण राजकोषीय समेकन और आर्थिक विकास के बीच वित्तमंत्री सीतारमण कैसे संतुलन साधेंगी? मगर उससे पहले देखने वाली बात यह है कि उद्योग जगत के अलग-अलग क्षेत्रों की केंद्र सरकार से आखिर बजट में चाह क्या है? आइए उद्योग जगत की विभिन्न मांगों और उद्योगपतियों के वक्तव्यों के आधार पर इन चाहतों का खाका खींचते हैं। देश में इस समय सबसे बड़ी समस्या त्वरित रोजगार मुहैया कराने की है और इसमें सबसे बड़ी भूमिका रियल इस्टेट सेक्टर की होती है।

इमेज

आज सुबह 11 बजे (1 फरवरी 2025) वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण 2025-26 का केंद्रीय बजट पेश करेंगी। यह उनका लगातार आठवां बजट होगा। उनसे पहले लगातार 6 बार केंद्रीय बजट मोरारजी देसाई ने पेश किया था। सवाल है, देश में सबसे ज्यादा बार लगातार बजट पेश करने वाली वित्तमंत्री से देश के कॉरपोरेट सेक्टर को क्या उम्मीदें हैं? कॉरपोरेट सेक्टर की किसी एक क्षेत्र विशेष से नहीं बल्कि सभी कोर सेक्टर को लेकर कुछ महत्वपूर्ण मांगे हैं। ऐसे में देखना है कि बढ़ती मुद्रास्फीति के आंकड़ों के कारण राजकोषीय समेकन और आर्थिक विकास के बीच वित्तमंत्री सीतारमण कैसे संतुलन साधेंगी? मगर उससे पहले देखने वाली बात यह है कि उद्योग जगत के अलग-अलग क्षेत्रों की केंद्र सरकार से आखिर बजट में चाह क्या है? आइए उद्योग जगत की विभिन्न मांगों और उद्योगपतियों के वक्तव्यों के आधार पर इन चाहतों का खाका खींचते हैं। देश में इस समय सबसे बड़ी समस्या त्वरित रोजगार मुहैया कराने की है और इसमें सबसे बड़ी भूमिका रियल इस्टेट सेक्टर की होती है। इस क्षेत्र की मांग है कि कच्चे माल की बढ़ती लागत, जमीन की बढ़ती कीमतों और विशेष रूप से महानगरों में किफायती घरों की बदलती पुरानी परिभाषा। ये वो मुख्य चुनौतियां हैं, जिनके कारण डेवलपर किफायती आवास क्षेत्र से दूरी बना रहे हैं। ऐसे में अलग-अलग शहरों की स्थितियों के आधार पर रियल इस्टेट क्षेत्र चाहता है कि किफायती आवास श्रेणी के आकार और कीमत में संशोधन हो, इसके मुताबिक़ इस क्षेत्र को पुनर्जीवित करने के लिए यह जरूरी है। इस क्षेत्र के बड़े खिलाड़ी मानते हैं कि घर खरीदारों के लिए कर प्रोत्साहन, डेवलपर्स के लिए सब्सिडी और इस क्षेत्र को उद्योग का दर्जा देना, रियल एस्टेट क्षेत्र को गति प्रदान करने वाले महत्वपूर्ण कारक साबित हो सकते हैं। रियल इस्टेट सेक्टर को उम्मीद है कि आगामी बजट में वाणिज्यिक रियल इस्टेट क्षेत्र में विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए कुछ उपाय-विशेष रूप से सरलीकृत नियम और कई प्रोत्साहन पेश किए जाएं। आवास की सभी श्रेणियों में मांग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, सरकार होम लोन ब्याज के लिए कटौती की सीमा को मौजूदा स्तर 2 लाख रुपये प्रति वर्ष से बढ़ाने पर विचार करे। अगर इस क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण सीमेंट उत्पादकों की चाहतों को डिकोड करें तो साफ है कि उन्हें बुनियादी ढांचे पर खर्च को प्राथमिकता देने की उम्मीद है, इससे सीमेंट क्षेत्र को बड़ा लाभ मिल सकता है। सरकारी पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) जो कि वित्तीय वर्ष 2025 में 11.11 लाख करोड़ था, इसके 10-12 प्रतिशत बढ़ने की संभावना है। नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन (एनआईपी) और प्रधानमंत्री गति शक्ति जैसी योजनाओं के तहत भी पर्याप्त फंडिंग की उम्मीद है, जिसमें पीएम गति शक्ति पहल के तहत लॉजिस्टिक्स और इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए लगभग 1.8 लाख करोड़ आवंटित किए जाने की संभावना है। साथ ही भारतमाला परियोजना के तहत निवेश बढ़ने की उम्मीद है, जिसमें अतिरिक्त 25,000 किलोमीटर राजमार्गों की घोषणा की जा सकती है। राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन के कार्यान्वयन से सार्वजनिक-निजी भागीदारी को मजबूती मिलने का अनुमान है, जिससे बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक मजबूत ढांचा उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त आवास को और अधिक किफायती बनाने के लिए सीमेंट पर जीएसटी की मौजूदा दर 28 प्रतिशत से कम करने के प्रस्ताव भी आए हैं। इन उपायों से शहरी बुनियादी ढांचे और किफायती आवास में पर्याप्त वृद्धि होने की संभावना है, जिससे देश के बुनियादी ढांचे और अर्थव्यवस्था के समग्र विकास में मदद मिल सकती है। जहां तक रेलवे सेक्टर की बात है तो अनुमान है कि वित्त मंत्री रेलवे क्षेत्र के बजट आवंटन में 15 से 18 प्रतिशत की वृद्धि कर सकती है। साल 2024-25 के बजट में, रेलवे क्षेत्र को 2,62,200 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे, जिसमें 'कवच' यानी एंटी-कोलिजन सिस्टम के क्रियान्वन और बुनियादी ढांचे के विकास के साथ यात्री सुरक्षा पर जोर दिया गया था। इस पहल के एक भाग के रूप में रेल मंत्रालय ने अगले दो वर्षों में 10,000 रेल इंजनों को कवच सुरक्षा प्रणाली से सुसज्जित करने के अतिरिक्त प्रतिवर्ष 5000-5500 किलोमीटर ट्रैक पर परिचालन करने की योजना बनाई है। सरकार दक्षता और सुरक्षा में सुधार के लिए टिकटिंग और ट्रैक की स्थिति की निगरानी जैसे कार्यों में भी एआई को शामिल कर रही है। अमृत भारत स्टेशन योजना के विस्तार के साथ-साथ नई वंदेभारत और अमृत भारत ट्रेनों की शुरुआत की उम्मीद है। इस योजना का उद्देश्य 1275 रेलवे स्टेशनों को बेहतर यात्री सुविधाओं और समकालीन डिजाइनों के साथ आधुनिक बनाना है। दिल्ली में नमो भारत कॉरिडोर एक महत्वपूर्ण छलांग है, जो भीड़-भाड़ और प्रदूषण को कम करने में मदद करता है। रेलवे के बुनियादी ढांचे को और बेहतर बनाने के लिए बजट में रोलिंग स्टॉक, मालवाहक कोच और पहियों के लिए नए ऑर्डर शामिल किए जाने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, मेक इन इंडिया पहल की ओर सरकार का कदम रेलवे उपकरण निर्माताओं के लिए नए अवसर पैदा कर सकता है। उद्योग जगत का अनुमान है कि सरकार सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) के लिए बजट आवंटन को इस साल 5-6 प्रतिशत तक बढ़ा सकती है। इससे निजी निवेश में वृद्धि होगी, विशेष रूप से बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर (बीओटी) के रूप में। इसी तरह टोल मॉडल के तहत भी 20-25 प्रतिशत परियोजनाओं को सरकार द्वारा अपनाने की संभावना है। यह आवंटन राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के कर्ज को कम करने में मदद करेगा। वित्तीय वर्ष 2026 में 12000-13000 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण और आवंटन का लक्ष्य रखा जा सकता है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत ग्रामीण सड़कों के विकास के लिए 10 प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित है, जिसका चौथा चरण 62500 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों के निर्माण और 25000 बस्तियों को जोड़ने पर केंद्रित होगा।

## पंचांग

1 फरवरी 2025

| | | |
|---|---|---|
| विक्रम संवत् | - | 2081 |
| शक संवत् | - | 1946 |
| ऋतु | - | शिशिर |
| माह | - | माघ |
| पक्ष | - | शुक्ल |
| तिथि | - | तृतीया 11.40 तक |
| वार | - | शनिवार |
| नक्षत्र | - | पूर्वा भाद्रपद 26.34 तक |
| योग | - | परिघ 12.25 तक |
| करण | - | वणिज 22.28 तक |
| सूर्योदय | - | 07.14 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - | 06.30 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - | 07.24 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - | 06.25 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - | कुंभ 21.00 तक |
| अभिजित् मुहूर्त | - | 12.29 से 13.14 |
| राहु काल | - | 10.02 से 11.27 |
| व्रत, त्योहार | - | विनायक चतुर्थी, तिलकुंद चतुर्थी, श्री गणेश जयंती, वरद चतुर्थी, पंचक, भद्रा 22.28 प्रारंभ, रवियोग 26.34 तक |
| दिशा शूल | - | पूर्व |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

### बार-बार आता एक ही सपना? कहीं ईश्वर का कोई संकेत तो नहीं

सपने आना एक बहुत ही सामान्य घटना है। जो कि रात में गहरी नींद के वक्त हर किसी को दिखते हैं। कुछ सपने अच्छे होते हैं तो कुछ सपने बहुत बुरे और डरावने आते हैं। लेकिन कई बार तो ये उठते ही याद रह जाते हैं और कभी-कभी हम सपना भूल जाते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि एक ही सपना अगर आपको बार-बार आए तो यह आपको जरूर ही आपको कुछ संकेत देना चाहते हैं। जब आपको कोई एक सपना बार-बार परेशान कर रहा हो, तो यह एक तरह का संकेत है कि आपको अपने जीवन पर ध्यान देने की जरूरत है। इस विषय में हमने ज्योतिषाचार्य डा. अरविंद पचौरी से बात की, उन्होंने बताया है कि अगर आपको बार-बार एक ही सपना आता है, तो इसका कोई खास संकेत हो सकता है। आइए जानते हैं बार-बार एक ही सपना आने का क्या हो सकता है कारण और क्या हैं इसके सकेंत

**एक ही सपना बार-बार क्यों आता है?**

एक सपना बार-बार आना किसी खास संकेत की तरफ इशारा करती है। कई लोगों के साथ ऐसा होता है कि उन्हें एक ही सपना हफ्तों, महीनों या सालों तक बार-बार आता रहता है। इसमें या तो कोई खास जगह, चीज, व्यक्ति या स्थिति होती है। ये बार-बार आने वाले सपने हो सकता है आपको कुछ विशेष संकेत देना चाहते हों, इसलिए ऐसे में इन सपनों से परेशान होने की जगह इसके समाधान की तरफ जाने की कोशिश करें।

**याद में आ सकता बार-बार सपना**

स्वप्न शास्त्र के अनुसार अगर किसी व्यक्ति या फिर किसी चीज का एक ही सपना बार-बार दिखाई देता है तो ऐसे में आपको संकेत मिलता है कि आप उससे बेहद प्यार करते हैं। हो सकता है कि वह चीज और इंसान अब आपसे दूर हो गई है और आप उन्हें याद कर रह रहे हैं। इसलिए वह बार-बार आपके सपने में आ रहा है।

**पछतावा भी हो सकता एक कारण**

अगर आपको एक ही सपना बार-बार दिखाई देता है तो इसका एक कारण व्यक्ति के मन में किसी चीज का पछतावा भी हो सकता है। अगर आपने किसी के साथ कुछ गलत या बुरा किया हो तो इस स्थिति में आपको बार-बार एक ही सपना दिखाई देता है। खासकर तब जबतक आप उनसे माफी नहीं मांग लेते हैं।

**सपने में बार-बार भगवान का दिखना**

अगर किसी व्यक्ति को सपने में बार-बार भगवान दिखाई देते हैं तो ऐसे में यह समझ लें कि ईश्वर आपको कुछ संकेत देना चाहत हैं। स्वप्न शास्त्र के अनुसार सपने में अगर आपको बार-बार देवी-देवताओं के दर्शन हो रहे हैं तो यह दर्शाता है कि भगवान आपको कोई शुभ संकेत दे रहे हैं।

## तारीख विशेष

### भारतीय तटरक्षक दिवस

हर साल एक फरवरी को भारतीय तटरक्षक दिवस मनाया जाता है। यह दिन उन जवानों को समर्पित है, जो समुद्री क्षेत्रों की रक्षा करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। भारतीय तट रक्षक, भारत का एक सशस्त्र बल है, जो भारतीय समुद्री सीमा और तटीय क्षेत्रों की सुरक्षा करता है। हमारे देश की समुद्री सीमा लगभग 7500 किलोमीटर लंबी है, जिसकी सुरक्षा भारतीय तटरक्षक बल के जवानों द्वारा ही की जाती है। वर्तमान में इस बल के पास लगभग 150 से अधिक जहाज और 100 से अधिक विमान हैं, जो उन्हें विभिन्न प्रकार की चुनौतियों का सामना करने के लिए आवश्यक क्षमता प्रदान करते हैं। हर साल एक फरवरी को भारतीय तटरक्षक बल दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारतीय तटरक्षक बल की स्थापना के वर्षगांठ को चिह्नित करता है। बता दें कि एक फरवरी 1977 को भारत सरकार द्वारा भारतीय तटरक्षक बल की स्थापना की गई थी, जिसका उद्देश्य था समुद्री सीमा की रक्षा करना, समुद्री डकैती और तस्करी को रोकना, समुद्री आपदाओं में सहायता करना था। स्थापना के समय इस बल के पास केवल दो जहाज और पांच गश्ती नौकाएं थीं। इसी के साथ इस बल के पहले महानिदेशक एडमिरल वी. ए. कामथ थे। जबकि मौजूदा समय में बल के पास लगभग 156 जहाज और 62 हवाई जहाज है। वहीं वर्तमान में राकेश पाल, पीटीएम, टीएम भारतीय तटरक्षक बल के 25 वें महानिदेशक हैं। भारतीय तटरक्षक दिवस हर साल एक फरवरी को भारतीय तटरक्षक बल की स्थापना के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यह दिन भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा, कानूनों को लागू करने और बचाव अभियान चलाने में ICG कर्मियों के समर्पण और बहादुरी का सम्मान करता है। तटरक्षक बल तटीय सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रतिक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारतीय तटरक्षक बल देश की समुद्री सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बल है, जो समुद्री क्षेत्रों की रक्षा करने, समुद्री डकैती और तस्करी को रोकने और समुद्री आपदाओं से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे जवानों को उनके बलिदान के लिए सम्मानित करने भारतीय तटरक्षक दिवस मनाया जाता है।

### खेजड़ी का पेड़

# सूखे से लड़ने वाला किसानों का दोस्त

वीना गौतम

**यह पेड़ आम तौर पर कुदरत की कई तरह की मारों से बचा रहता है। यही वजह है कि जब सर्दियों में ज्यादातर पेड़ों या वनस्पतियों को पाला मार जाता है और जेठ बैसाख के महीनों में चलने वाली लू के कारण वे सूख जाते हैं, तब भी खेजड़ी का पेड़ हरा भरा और इन मौसमी थपेड़ों से बेपरवाह बना रहता है। एक जमाने में राजस्थान के अलावा महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब और कर्नाटक जैसे शुष्क व अर्धशुष्क राज्यों में यह बड़े पैमाने पर पाया जाता था।**

- इमेज


**जे**ठ (मई-जून) के महीने में जब राजस्थान में दूर दूर तक कहीं कोई हरी वनस्पति नहीं दिखती, उस समय भी खेजड़ी का पेड़ हरा भरा रहता है। अंग्रेजी में इसे प्रोसोपिस सिनेरिया के नाम से जाना जाता है। यह रेगिस्तानी इलाकों में भेड़ों, बकरियों, ऊंटों आदि के चारे के काम आता है। साथ ही खेजड़ी के पेड़ में लगने वाली फलियां जिन्हें सेंगरी कहते हैं, मारवाड़ इलाके में लोग इसकी सब्जी भी बड़े चाव खाते हैं। खेजड़ी का पेड़ किसानों का दोस्त पेड़ है, जिससे उन्हें जलाऊ लकड़ी, जानवरों के लिए चारा और मोटे तने से इमारती लकड़ी हासिल होती है। इसके अलावा खेजड़ी के पेड़ जमीन के पोषक तत्वों को भी बनाये रखने में मददगार होते हैं, जिससे इन पेड़ों के इर्दगिर्द की जमीन में अच्छी उपज होती है। जहां तक इसके फलों की बात है तो एक जमाने तक तो ये जानवरों को खिलाने या मौसम में लोगों द्वारा सब्जी बनाने के काम में ही आते थे, मगर हाल के सालों में इसके तरह तरह के औषधीय उपयोग शुरु होने के बाद इन सेंगरी या सांगरी फलियों को किसान बड़े आराम से 300 रुपये प्रतिकिलो में बेंच देते हैं। खेजड़ी के पेड़ को अलग-अलग जगहों में अलग-अलग नाम से जाना जाता है। कहीं इस पेड़ को छोंकरा, कहीं पर रियां, पंजाब में जंड, गुजरात में सुमरी या शमी, सिंध में कांडी और तमिल में वण्णि कहते हैं। भारत के अलावा खेजड़ी या प्रोसोपिस सिनेरिया का यह पेड़ पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान और अरब देशों में पाया जाता है। खेजड़ी के पेड़ की वो विशेषताएं, जिनकी वजह से यह किसानों का दोस्त पेड़ होता है, वो विशेषताएं इस प्रकार हैं-

- खेजड़ी का पेड़ सूखे में भी जिंदा रहता है, इसलिए यह मई, जून के महीने में जब हरा चारा खत्म हो जाता है, तब इसकी पत्तियां और डालियां जानवरों के लिए काम आती हैं।
- खेजड़ी के पेड़ की लकड़ी बहुत मजबूत होती है, इसलिए यह कई तरह के घरेलू काम में इस्तेमाल होती है। जब पहले कच्चे घर बनते थे तो खेजड़ी के पेड़ की शहतीर



या धन्नी से घरों की छते पाटी जाती थीं।
- खेजड़ी के पेड़ में सांगरी या सेंगरी फल लगते हैं, जो छोटे-छोटे बीजों की फलियां होती हैं और लोग हरी और ताजी सेंगरी की फलियों की सब्जियां बनाते हैं, जबकि दूध देने वाली बकरियों और ऊंटनियों को इसे खिलाने से उसमें दूध बढ़ जाता है।
- खेजड़ी के पेड़ की जड़ से पहले जब खेती हल बेल से होती थी तो उसके लिए हल बनाए जाते थे।
- आम तौर पर किसी पेड़ के नीचे फसल नहीं होती, लेकिन खेजड़ी का पेड़ ऐसा है, जिसके नीचे चना, सरसो, मूली, कई तरह के तिलहन, अरहर, जौ और खरीफ की फसल के ज्वार व बाजरा जैसे अनाज का खूब उत्पादन होता है बल्कि खेत के दूसरे हिस्सों के मुकाबले जिधर खेजड़ी का पेड़ खड़ा होता है, वहां पैदावार ज्यादा होती है।
- जब चिलचिलाती गर्मी में ज्यादातर वनस्पतियां सूख जाती हैं, तब खेजड़ी के पेड़ के नीचे धूप से परेशान इंसान और जानवर दोनो को ही आसरा मिलता है।

इस तरह देखें तो खेजड़ी का पेड़ किसानों के लिए कई तरह से मददगार है। आम तौर पर खेजड़ी का पेड़ ऐसी जगह में उग आता है या ऐसी जगहों में ही उगाया जाता है, जिन जगहों में बाकी पेड़ नहीं उगते और इस तरह यह बंजर जमीन पर भी हरियाली का वरदान देता है। लेकिन राजस्थान में खास तौर पर इस खेजड़ी की सांस्कृतिक और आर्थिक धरोहर है। शायद यही कारण है कि इसे मरू प्रदेश के कल्पवृक्ष की संज्ञा दी जाती है और साल 1983 से यह राजस्थान का राज्य वृक्ष घोषित किया जा चुका है। यह पेड़ आम तौर पर कुदरत की कई तरह की मारों से बचा रहता है। यही वजह है कि जब सर्दियों में ज्यादातर पेड़ों या वनस्पतियों को पाला मार जाता है और जेठ बैसाख के महीनों में चलने वाली लू के कारण वे सूख जाते हैं, तब भी खेजड़ी का पेड़ हरा भरा और इन मौसमी थपेड़ों से बेपरवाह बना रहता है। एक जमाने में राजस्थान के अलावा महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब और कर्नाटक जैसे शुष्क व अर्धशुष्क राज्यों में यह बड़े पैमाने पर पाया जाता था। हालांकि इसके नाम अलग-अलग जगहों में अलग अलग लिए जाते थे, जैसे कि हमने ऊपर जिक्र किया है। लेकिन पिछले तीन दशकों से खेजड़ी के पेड़ में एक खास तरह का संकट मंडरा रहा है। दरअसल ग्लोबल वार्मिंग के चलते खेजड़ी के पेड़ पर अब उसकी फलियां यानी सांगरी वैसी नहीं आती, जैसे पहले आया करती थीं। इनकी तादाद बहुत कम हो गई है।



## गीता सार

**जन्म कर्म च मे दिव्यमेवं यो वेत्ति तत्त्वतः।**
**त्यक्त्वा देहं पुनर्जन्म नैति मामेति सोऽर्जुन॥४-९॥**

**-: हिंदी भावार्थ :-**

हे अर्जुन! जो मनुष्य मेरे जन्म और कर्म को तत्त्व से दिव्य जान लेता है, वह शरीर त्याग कर फिर जन्म नहीं लेता, किन्तु मुझे ही प्राप्त होता है॥9॥


## बोले तो...



भारत की विकास यात्रा के इस अमृतकाल को सरकार अभूतपूर्व उपलब्धियों के माध्यम से नई ऊर्जा दे रही है। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' और वक्फ (संशोधन) विधेयक जैसे कानूनों पर तेज गति से कदम आगे बढ़ाया गया है।

- द्रौपदी मुर्मू

नवाचार, समावेशन और निवेश लगातार हमारी आर्थिक गतिविधि के रोडमैप का आधार रहे हैं। इस सत्र में हमेशा की तरह कई ऐतिहासिक बिल पर सदन में चर्चा होगी और व्यापक मंथन के साथ वो राष्ट्र की ताकत बढ़ाने वाले कानून बनेंगे।



- नरेंद्र मोदी



सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति का अपमान किया है। कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी और उनके बेटे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के खिलाफ जिस तरह के शब्दों का इस्तेमाल किया, मैं उसकी कल्पना भी नहीं कर सकता। उनसे और क्या उम्मीद की जा सकती है?

- धर्मेंद्र प्रधान

## कुछ अलग | अजब गजब

# धड़ल्ले से बिक रहा बाघ का पेशाब, जानिए क्या है एक बोतल का दाम?

अब तक आपने गोमूत्र के महत्व के बारे में खूब सुना होगा। कहा जाता है कि इस गोमूत्र के अनेकों लाभ होते हैं। पूजा पाठ में भी गाय के गोबर और मूत्र का महत्व है। साथ ही गाय के दूध को भी सबसे शुद्ध माना जाता है। लेकिन क्या आपने कभी बाघ का मूत्र बिकते हुए सुना है? यकीनन, इस बारे में सुनकर आपको भी हैरानी हो रही होगी, लेकिन यह सच है। गोमूत्र के महत्व के बारे में तो आपने सुन लिया, लेकिन बाघ का पेशाब क्यों बेचा जा रहा है? आखिर ये किस काम आता है, कहां मिलता है और इसकी कीमत क्या है? मन में इस तरह के कई सवाल उठते हैं। आज हम आपको सारे सवालों का जवाब देंगे। दरअसल, चीन के एक चिड़ियाघर में बाघ के पेशाब को बेचा जा रहा है। चिड़ियाघर के अधिकारियों का दावा है कि टाइगर के मूत्र से गठिया का इलाज हो सकता है। सिचुआन प्रांत में मौजूद यान बिफेंगक्सिया वाइल्डलाइफ जू साइबेरियान टाइगर के मूत्र की 250 ग्राम की बोतलें 50 युआन (लगभग 600 रुपए) में बेच रहा है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक जू का दावा है कि बाघ के मूत्र से गठिया, मोच और मांसपेशियों के दर्द का इलाज संभव है। चिड़ियाघर बाघ के पेशाब को व्हाइट वाइन के साथ मिलाकर अदरक के टुकड़ों के साथ प्रभावित अंगों पर लगाने की सलाह देता है। इसके अलावा इसे पीने के लिए भी कहता है। साथ ही यह इसे पीने का भी सलाह देता है, लेकिन एलर्जी होने पर ऐसा नहीं करना होगा।



वैसे बाघ के मूत्र को एकत्रित करने का तरीका भी अजीब है। जू प्रशासन बाघ के सू-सू को एक बेसिन में इकट्ठा करता है। फिर उसे बोतल में बंद करके लोगों को बेचने का काम करता है। हालांकि, इसमें मौजूद बैक्टिरिया को कैसे हटाया जाता है, या नहीं हटाया जाता, इसका जिक्र नहीं है। हालांकि, कर्मचारी ने बताया कि बाघ मूत्र की बिक्री बहुत कम है और प्रतिदिन दो बोतलों से अधिक नहीं बिकती। साल 2014 में चिड़ियाघर ने एक रियलिटी शो में सेलिब्रिटी प्रतियोगियों को पुरस्कार के रूप में बाघ का मूत्र देने की पेशकश की थी। एक तरफ बाघ के मूत्र से इलाज की दुनियाभर में चर्चा हो रही है, तो दूसरी ओर हुबेई के पारंपरिक चीनी चिकित्सा अस्पताल के एक फार्मासिस्ट ने टाइगर के पेशाब से जुड़े औषधीय दावों को खारिज किया है। फार्मासिस्ट ने कहा कि टाइगर के मूत्र का पारंपरिक चीनी चिकित्सा में कोई आधार नहीं है और इसके कथित स्वास्थ्य लाभों का भी कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है।

## पाठक पाती

### स्थानीय नीति (1932) लागू हो

विविधता में एकता हमारे देश की धड़कन है। यहां सभी जाति, धर्म के लोग परस्पर सौहार्द के साथ रहते हैं। हमारा संविधान भी अपने नागरिकों को इसका अधिकार देता है। इसी आधार पर किसी प्रदेश के वासी अन्य प्रदेश में रोजी-रोजगार का अवसर पाकर वहां जाते हैं। उनकी उम्र वहीं गुजरती है और अंततः वे वहीं अपने लिए जमीन भी तलाश लेते हैं। उनके साथ-साथ उनकी संस्कृति भी वहां जड़ें जमाने लगती है। फिर एक समय ऐसा भी आता है, जब वही प्रवासी, रोजगार के अवसरों पर कब्जा करके मूलवासियों के हितों पर हमला करने लगते हैं। ऐसी दशा में उक्त स्थानीय मूलवासी ठगा हुआ महसूस कर अपने अस्तित्व की रक्षा हेतु तमाम रास्ते तलाशने लगते हैं। इसी क्रम में कुछ आंदोलनकारी बन जाते हैं तो कुछ उग्रवादी। ऐसी परिस्थितियां हालांकि दुष्कर अवस्था में ही पनपती हैं, लेकिन इन्हीं को ध्यान में रखते हुए संविधान के अनुच्छेद 15 (3) में यह विवेचित किया गया है कि यदि राज्य को यह प्रतीत होता है कि नियोजन में अपने निवासियों को वरियता नहीं मिल रही है।

- संदीप कुमार, मधुपुर (झारखंड)

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 का समापन समारोह संपन्न

# सड़क सुरक्षा की मुहिम रहेगी जारी : जिला कलेक्टर



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के मुख्य आतिथ्य में नगर परिषद के ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि सड़क सुरक्षा जैसा आयोजन किसी माह तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि सड़क सुरक्षा को लेकर आयोजन निरंतर होते रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा माह समाप्त हुआ है लेकिन सड़क सुरक्षा जागरूकता मुहिम जारी रहेगी और इस प्रकार के आयोजन होते रहेंगे। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने कहा कि विद्यालय संचालक बाल वाहिनियों में क्षमता से अधिक छात्रों का परिवहन करते हैं जो की नियम विरुद्ध है और इससे दुर्घटना की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि थोड़े से लाभ के लिए विद्यार्थियों के जीवन को खतरे में ना डालें और यातायात नियमों की पालना करें। उन्होंने कहा कि दंडात्मक कार्रवाई से यदि आप नियमों की पालना करते हैं तो आप अपने जीवन के साथ धोखा कर रहे हैं। एन एच ए आई सुरेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क दुर्घटनाओं के दौरान दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आपातकाल परिस्थितियों में एनएचएआई द्वारा वाहन खराब हो जाने की स्थिति में वाहन की मरम्मत कर सड़क दुर्घटना में घायल को तत्काल प्रभाव से नजदीकी चिकित्सालय में पहुंचाया जाता है। इस अवसर पर जैन समाज की ओर से यमराज और चित्रकूट के नाटक का मंचन किया गया, जिसमें उन्होंने अपील की, कि डुप्लीकेट हेलमेट का उपयोग न करें सिर पर सदैव आईएसआई मार्क का हेलमेट ही लगाए। समापन समारोह के दौरान न्यू रॉयल पब्लिक विद्यालय की ओर से यातायात नियमों को लेकर एक नाटक का मंचन किया गया। समारोह के दौरान न्यू एरा पब्लिक विद्यालय द्वारा यातायात नियमों से संबंधित साइनों का प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों को यातायात नियमों की पालना को लेकर शपथ ग्रहण कराई गई। समापन समारोह से पूर्व विद्यालय के बच्चों द्वारा यातायात नियमों को लेकर रैली निकाली गई जो कि शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए ऑडिटोरियम पर समाप्त हुई।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए अलवर से जाएंगे भाजपा के नेता

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** दिल्ली विधानसभा चुनाव फतह करने के लिए भाजपा पूरी ताकत लगा रही है। हर दृष्टि से माहौल अपने अनुकूल किया जा रहा है। यही माहौल बनाने के लिए अलवर से भी कई नेताओं को दिल्ली चुनाव के लिए लगाया गया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव फतह करने के लिए भाजपा पूरी ताकत लगा रही है। हर दृष्टि से माहौल अपने अनुकूल किया जा रहा है। यही माहौल बनाने के लिए अलवर से भी कई नेताओं को दिल्ली चुनाव के लिए लगाया गया है, जो 31 जनवरी व एक फरवरी को दिल्ली पहुंचेंगे। दिल्ली चुनाव में अलवर सांसद एवं केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। इसी कड़ी में यहां से कई नेताओं को दिल्ली बुलाया गया है। अलवर उत्तर के जिलाध्यक्ष महा सिंह चौधरी व दक्षिण जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता को लगाया गया है। इनके अलावा उत्तर से उपाध्यक्ष रमेश रावत, दक्षिण से उपाध्यक्ष हरिशंकर खंडेलवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय नरुका को लगाया गया है।

# विद्यार्थियों को योगासन के महत्व व योग के बारे में बताया

### विद्यालय जसवंतपुरा में योगासन, प्लास्टिक निस्तारण, समाज से राष्ट्र निर्माण शिविर सम्पन्न



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ तहसील के शहीद हरफूल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जसवंतपुरा में जिला ग्राम विकास संयोजक योगाचार्य नरेन्द्र भारतीय ने विद्यालय में विद्यार्थियों को योगासन के महत्व व योग के बारे में बताया, साथ ही योगासन व सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया, योगाचार्य ने प्रकृति में प्लास्टिक दुरुपयोग को सही तरीके से बोतल बंद विधि से निस्तारण बताया, समाज से राष्ट्र निर्माण की कड़ी में महापुरुषों की चित्र लगाने के साथ उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने की बात कही, इसी शिविर में स्वदेशी अपनाने, झूठन ना छोड़ने की शपथ दिलाई गई योगाचार्य का विद्यालय स्टाफ द्वारा सम्मान किया गया, प्रधानाचार्य सुनिता भार्गव ने योगाचार्य का आभार जताया, इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ पदोन्नत प्रधानाचार्य सीताराम सिंघल, व्याख्याता सुशीला, वरिष्ठ अध्यापक संदीप रैया, महेश बैनीवाल, धर्मवीर खीचड़, अध्यापक शीशराम राव, देवेन्द्र काजला, सुनिल बैरासर, अजय पूनिया,पीटीआई पवन कुमार,पंकज खींची रणवीर गोठवाल, विनोद पूनिया, व नरेश गोठवाल आदि उपस्थित थे।

# विकास मंच ने थानाधिकारी और अधिशाषी अधिकारी का जताया आभार



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** सर्व समाज विकास मंच ने राजगढ़ पुलिस थाना में नवनियुक्त थानाधिकारी सीआई राजेश कुमार सिहाग तथा नगर पालिका के ईओ राकेश अरोड़ा का आभार जताया है। मंच की शुक्रवार को हुई बैठक में सभी पदाधिकारी और सदस्यों ने इस आशय का प्रस्ताव पारित किया है। बताया गया है कि जहां शहर की कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ी हुई थी वहीं नगर पालिका से संबंधित व्यवस्थाएं भी दयनीय हो रही थी। दोनों ही महत्वपूर्ण महकमों में सबवे शांतिप्रिया जनता की कोई सुनने वाला नहीं था। इस प्रकार की परिस्थितियों में जिला पुलिस प्रशासन हरकत में आया एसपी जय यादव ने राजगढ़ में युवा थानाधिकारी राजेश सिहाग ने कार्यभार संभाला और कुछ ही दिनों में ही प्रभावी कदम उठाते हुए न सिर्फ ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त किया है बल्कि आपराधिक तत्वों पर भी अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं। शहर में नशे के बढ़ रहे व्यापार को भी रोकने के लिए कार्यवाही कर रहे हैं। इससे जनता राहत महसूस कर रही है। इसी प्रकार राजगढ़ नगर पालिका अधिशासी अधिकारी कठोर परिश्रमी इमानदार मृदुभाषी मिलनसार कर्तव्यनिष्ठ ईओ राकेश अरोड़ा ने चंद दिनों में ही ठप सफाई व्यवस्था को काफी हद तक दुरुस्त करवा दिया है। पूरे शहर में गंदगी का आलम था जिसे अधिशासी अधिकारी राकेश अरोड़ा ने युद्ध स्तर पर कदम उठाकर जनता को राहत प्रदान करवाई है। मंच ने कहा है कि ऐसे अधिकारियों का मंच हर संभव सहयोग करेगा और शहर की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए भागीदारी निभाता रहेगा।

# कॉमेडी कलाकारों का सिपानी दंपत्ति ने किया स्वागत



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** यहां पर दुर्गा कालोनी मे सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. श्रैया सिपानी के निवास पर हास्य कलाकार रमेश आजाद शेरपूरा, जिला सिरसा का स्वागत किया गया। इस मौके पर आयोजित पत्रकार वार्ता मे हास्य कलाकार रमेश आजाद ने बताया की बागड़ी भाषा में बनाई कविता और उसे पेश करने के अंदाज ने क्षेत्र में उनके ब्लॉग को अलग पहचान दी है। लोगों को मोबाइलों की क्लिप में हंसा-हंसाकर लोटपोट करने वाली एक कविताओ से उनमे छूपी अनोखी प्रतिभा का अहसास हुआ। वे राजस्थानी फिल्म फौजी की फैमली भाग-2 में भी डाकिये का किरदार निभा चुके हैं जो कि बेहद चर्चित रहा। इसके अलावा बागड़ी भाषा में बनाई गई हास्य कविता मरेड़ी सी डागड़ी लेगे मेड़ी चलग्यो . से बागड़ी बैल्ट में पहचान बनाने वाले रमेश आजाद ने अपनी इस भूमिका से लोगों को हंसने पर मजबूर कर दिया। आजाद ने बताया कि उनको बचपन से ही बागड़ी डायलॉग बोलने का शौक था, जिसे बाद में कविता का नाम दे दिया। वे अब तक सैंकड़ों बागड़ी कविताए बना चुके हैं, जिनमें प्रमुख मरेडी सी डागड़ी लेगे मेड़ी चलग्यो...गो भक्ति से बड़ी कोई भक्ति कोनी, ग्वार, बुढ़ली भैंस, भ्रष्टाचार, भ्रूण हत्या प्रमुख हैं। इसके अलावा आजाद रूबरू नाईट कार्यक्रम तथा रैली में भी अपनी हास्य कविताओं के जलवे बिखेर चुके हैं। रेडियो केंद्र सुरतगढ़ पर भी उनकी कविता प्रसारित की जा चुकी है। वर्तमान मे उनका एक डायलॉग बाकी तडके बनावागा काफी लोकप्रिय हो चुका है। उन्होंने युवाओं से नशे दुर रहने की अपील की। इस मौके पर गायकार सुनील राजपूत का भी डॉ श्रेय सिपानी व मनोज सिपानी ने अभिनंदन किया। इसके अलावा इन्होंने कॉमेडी कलाकार विकास महला, मुस्कान खत्री, दिव्या राजस्थानी और उनके साथी कलाकारों से मुलाकात की।

# नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष सुनीता रादड़ का कुचामन आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत की इस कड़ी में पुराने रोडवेज बस स्टैंड पर कमल रेस्टोरेंट पर सामाजिक कार्यकर्ता कमल राजोरिया तथा बस स्टैंड के समस्त दुकानदारों ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष सुनीताजी और पूर्व जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह ऑडिट का ल्यार्पण कर स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष ने बस स्टैंड के समस्त दुकानदारों का आभार जताया। इस स्वागत कार्यक्रम में गोविन्दजी कुमावत, बुधराम जी गरवा, अविनाश राजोरिया,पूजा कुमावत, राज खांडल समस्त भाजपा कार्यकर्ता और दुकानदार मोजूद रहे।

# सिरेकंवरी देवी का संलेखना संथारा जारी



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** जीवन जीने की अनेकों कलाएं होती है मगर मरण यानी मौत की कला सिर्फ जैन धर्म में उल्लेखित है। उक्त विचार आचार्य महाश्रमण की शिष्या शासनश्री विद्यावती की सहयोगी साध्वी प्रशस्त प्रभा ने शुक्रवार संथारा साधिका के यहां व्यक्त किए। सादुलपुर के वाइस चेयरमैन रहे स्वर्गीय झूमर मल बैद की धर्मपत्नी सिरेकंवरी देवी के चल रहे संलेखना संथारा के अवसर पर उक्त कार्यक्रम हुआ। साध्वी ने कहा कि संथारा आत्महत्या नहीं बल्कि ध्यान साधना के साथ समाधि पूर्वक मौत को गले लगाने की एक कला है। उल्लेखनीय है कि सादुलपुर के ही कुन्दन मल कोठारी परिवार की बेटी सीरिया बाई ने गणतंत्र दिवस की दोपहर को संथारा व्रत स्वीकार किया था। यह संथारा व्रत मंगल शुक्रवार को छठे दिन भी जारी है। सीरिया बाई होशो हवास में है तथा चैतन्य अवस्था में जैन धर्म की परंपरा के अनुसार सभी से अंतिम खमत खामणा भी कर रही है। इस अवसर पर साध्वी दिव्या प्रभा ने संलेखना व्रत को परिभाषित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय धर्म संस्कृति और विशेष रूप से जैन धर्म का यह एक विरलतम तप है। सिरसा (हरियाणा) की तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष कुणाल नौलखा, मंत्री गौरव गोलछा, सादुलपुर महिला मंडल अध्यक्ष प्रेम देवी कोचर, राजगढ़ की सरोज जैन सहित संथारा साधिका के साथ 40 वर्ष गुजारने वाली रही किरण देवी विजय कुमार बैद भी उपस्थित थे। संलेखना संथारे पर श्रावक और श्राविकाओं के साथ अन्य वर्गों के लोग भी जप, ध्यान स्वाध्याय आदि आध्यात्मिक गतिविधियों में शामिल हो रहे हैं। संलेखना संथारे में पदम कुमार, अमित नेहा बैद, मनीष कुमार एवं विभिन्न स्थानों से समागत कंचन लुणावत, संपत देवी कोचर संतोष सिपाणी, मंजू डोसी, सुंदरा देवी नौलखा, कान्ता श्रीमाल आदि भागीदारी रहे हैं।

### 5 फरवरी से जिले भर में आयोजित होगा फार्मर रजिस्ट्री अभियान

# एग्रीस्टैक योजना से खुशहाल होंगे किसान, बनेगी विशिष्ट फार्मर आईडी

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में किसान खुशहाल होंगे। राज्य सरकार द्वारा गत 13 दिसम्बर को अजमेर में आयोजित किसान सम्मेलन में एग्रीस्टैक योजना में फामर्स रजिस्ट्री प्रोजेक्ट के तहत किसानों के फार्मर आईडी बनाने का कार्य प्रारम्भ किया गया है। इसी कड़ी में कृषि विभाग भारत सरकार द्वारा संचालित एग्रीस्टैक योजनांतर्गत जिले में फार्मर रजिस्ट्री अभियान का आयोजन ग्राम पंचायत स्तर पर 5 फरवरी से शिविर आरम्भ होंगे।

अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में वर्चुअल कॉन्फ्रेंस के जरिये बैठक कर विस्तृत निर्देश प्रदान किये गये। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने सभी संबंधित अधिकारियें की बैठक लेकर अभियान की शुरुआत हेतु समस्त तैयारियों को लेकर निर्देश प्रदान किये। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के कृषि विभाग द्वारा संचालित एग्रीस्टैक योजना अंतर्गत जिले में फार्मर रजिस्ट्री अभियान का आयोजन ग्राम स्तर पर 5 फरवरी से 30 मार्च तक किया जायेगा। इसके तहत ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों में किसानों की विशिष्ट फार्मर आईडी बनाई जायेगी। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक किसान को विशिष्ट फार्मर आईडी 11 अंकों की प्रदान की जायेगी। किसानों द्वारा आईडी बनवाने के लिये आधार कार्ड, जमाबंदी की जरूरत होगी। इस हेतु किसान का आधार कार्ड मोबाईल नम्बर से जुड़ा हुआ होना चाहिए। भविष्य में किसानों को सरकारी योजनाओं व सेवाओं तक आसान पहुंच करने, पीएम किसान व सीएम किसान सम्मान निधि योजना, कृषि विभाग की अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से प्राप्त आईडी आवश्यक होगी। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के कैम्प 5 से 7 फरवरी तक तहसील धौलपुर की ग्राम पंचायत तगावली, तहसील मनियां की ग्राम पंचायत मनियां, तहसील सैंपऊ की ग्राम पंचायत निधेरा कलां, तहसील बसईनबाब की ग्राम पंचायत नंदपुरा, तहसील राजाखेड़ा की ग्राम पंचायत बसईघीयाराम, तहसील बाड़ी की ग्राम पंचायत धनौरा, तहसील बसेड़ी की ग्राम पंचायत नादनपुर, तहसील सरमथुरा की ग्राम पंचायत पिपरेंट में आयोजित किये जायेगे। 7 से 9 फरवरी तक तहसील सरमथुरा की ग्राम पंचायत बरौली, तहसील बसेड़ी की ग्राम पंचायत ममौधन, तहसील राजाखेड़ा की ग्राम पंचायत आनंदापुरा, तहसील सैंपऊ की ग्राम पंचायत बरा, तहसील धौलपुर की ग्राम पंचायत कासिमपुर, तहसील बाड़ी की ग्राम पंचायत अजीतपुर, तहसील बसईनबाब की ग्राम पंचायत नगला खरगपुर, तहसील मनिया की ग्राम पंचायत बसईयालालू में शिविरों का आयोजन किया जायेगा। 10 से 12 फरवरी तक तहसील सरमथुरा की ग्राम पंचयात भरकूंजरा एव बीझौली, तहसील बसेडी की ग्राम पंचायत बडरिया एवं बौरेली, तहसील राजाखेडा की ग्राम पंचायत बाजना एवं बसईकारे, तहसील सैंपऊ की ग्राम पंचायत चौराखेड़ा एवं चितोरा, तहसील धौलपुर की ग्राम पंचायत लुहारी एवं भैसेना, तहसील बाड़ी की ग्राम पंचायत अलीगढ़ एवं उमरेह, तहसील बसईनबाब की ग्राम पंचायत पिपहेरा एवं बसईनबाब, तहसील मनिया की ग्राम पंचायत बीलपुर एवं शाहपुरा में शिविर आयोजित किये जाएंगे।

## पिछली सरकार की उपलब्धियां गिना कर क्रेडिट लेने का प्रयास कर रही है भाजपा सरकार : जूली

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** राजस्थान विधानसभा में बजट सत्र की शुरुआत में हुए राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रतिक्रिया देते हुए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि सरकार को उपलब्धियां गिनाने में अभिभाषण में बहुत मेहनत नहीं करनी पड़ी क्योंकि ये हमारी सरकार की उपलब्धियां गिना दी गई। सोशल सिक्योरिटी पेंशन, इन्दिरा रसोई की थालियों की संख्या, नए मेडिकल कॉलेज खोलने, नर्सिंग कॉलेज खोलने, निशुल्क दवाएं, निशुल्क जांच, स्वास्थ्य बीमा, तमाम इंफ्रास्ट्रक्चर वर्क्स, आई-स्टार्ट स्टार्ट अप को सीड फंडिंग, 18 जिलों में दिन में कृषि बिजली, हर विधानसभा में 10 करोड़ रु की नॉन पैचेबल और मिसिंग लिंक सड़कें, जैसी उपलब्धियां कांग्रेस सरकार की हैं जिन्हें राज्यपाल ने बताया। जूली ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस सरकार ने राज्यपाल के मुख से कई ऐसी बातें कहलवाई जो सच नहीं हैं। राज्यपाल जैसे संवैधानिक पद से राजनीतिक बातें इस सरकार ने करवाई जो दिखाता है कि उनके पद की गरिमा का भी ध्यान नहीं रखा। इस अभिभाषण में ऐसा लगा कि सरकार ने खुद के काम बताने की बजाय अनावश्यक रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम लेकर उनके सामने नंबर बनाकर अपनी गद्दी सुरक्षित करने की कोशिश की है। जूली ने कहा एक तरफ 350 बिलियन डॉलर इकॉनमी प्रदेश को बनाने की बातें हो रही हैं और प्रदेश का कर्ज 6 लाख करोड़ रु से पार हो गया है राज्य का राजस्व कम हो रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह धौलपुर का निरीक्षण



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सचिव रेखा यादव द्वारा शुक्रवार को राजकीय बाल संप्रेषण एवं शिशु गृह धौलपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संप्रेषण गृह के सभी बालकों से रूबरू होकर गृह में बच्चों के भोजन, आवास, चिकित्सीय व्यवस्था, रसोई घर, शौचालय, स्नान गृह इत्यादि सुविधाओं का जायजा लिया तथा शिशु गृह के बच्चों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा संप्रेषण गृह में रजाई, गद्दे कंबल एवं कमरों व टंकियों की साफ सफाई एवं बच्चों को पढ़ने की किताबें उपलब्ध कराने के आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड धौलपुर नीतू, क.स. संप्रेषण गृह धौलपुर संजय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर के आशुलिपिक राहुल डंडोतिया मौजूद रहे।

### राजगढ़ शहर में 40 में जिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 9 फरवरी को

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर में 40 वी जिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता 2025 बालक बालिका का आयोजन दिनांक 9 फरवरी 2025 को प्रात: 9:00 बजे से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ के खेल प्रांगण में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन राजस्थान बास्केटबॉल एसोसिएशन के नियमानुसार होगा प्रतियोगिता खिलाड़ी की जन्मतिथि 1 जनवरी 2009 या इसके पश्चात की होगी। इसके प्रमाण हेतु पिछली कक्षा की अंक तालिका जन्म प्रमाण पत्र ऑनलाइन जो जन्म के 5 वर्ष के अंदर बना होना चाहिए तथा मूल निवास प्रमाण पत्र आधार कार्ड बैंक खाता जो खिलाड़ी के स्वयं के नाम से हो, इन सभी के मूल दस्तावेज साथ में अवश्य लाना होगा। टीम के खिलाडियों के एंट्री फॉर्म योग्यता फॉर्म खिलाडियों की सूची तीन तीन प्रतियो में लेकर आए। महिला टीमों के साथ महिला मैनेजर लेकर आए। बिना दस्तावेज के टीमों की एंट्री नहीं होगी। अपनी टीम को एंट्री दिनांक 7 फरवरी 2025 तक निम्न को करवानी होगी। राजेंद्र सिंह राठौड़ ,[एडवोकेट] सचिव, मोबाइल नंबर 9414666192,,मंगतू राम दाधीच आयोजन सचिव मोबाइल नंबर 9413758760 सुरेश चंद्र शर्मा सह आयोजन सचिव मोबाइल नंबर 9461111904 टीमों की खेल व्यवस्था जिला बास्केटबॉल संगम की होगी किसी तरह यात्रा भत्ता दैनिक भत्ता देय नहीं हो।

### रेलवे सुरक्षा बल को मिली बड़ी कामयाबी

रेल संपति चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर पिकअप ज़ब्त की

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**



**फुलेरा।** फुलेरा रेलवे सुरक्षा बल की सतर्कता के चलते शुक्रवार को सुबह एक पिकअप में रेल संपत्ति चोरी कर ले जाने से पूर्व आरोपी को धर दबोचा व चोरी में प्रयुक्त पिकअप को जप्त किया। रेलवे सुरक्षा बल निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि शुक्रवार को प्रात: 6:00 बजे आईओडब्ल्यू ऑफिस में तैनात चौकीदार ने आर पी एफ थाने पर फोन कर सूचना दी की रामलीला ग्राउंड में रेलवे स्क्रैप में से एक पिकअप वाला पिकअप में स्क्रैप भर रहा है, सूचना मिलते ही निरीक्षक राजेश सिंह मय जाप्ता मौके पर पहुंचे जहां रेलवे स्क्रैप को पिकअप में ले जाते एक युवक को पकड़कर थाने ले जा कर पूछताछ की। वही सीनियर सेक्शन इंजीनियर (वर्क्स) ने रेल संपत्ति चोरी करने तथा पिकअप में डाले गए रेल संपत्ति की प्राथमिक की दर्ज कराई। रेलवे सुरक्षा बल निरीक्षक ने रेल संपत्ति चोरी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी दिलीप सिंह पुत्र चंदनसिंह निवासी गणेश विहार फुलेरा को गिरफ्तार कर चोरी करने के काम में ली जा रही है पिकअप आर जे 14 जीजी 9103 को जप्त किया।

### 10 हजार रूपये के फरार ईनामी अपराधी को नावां पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**



**कुचामन सिटी।** हनुमान प्रसाद (आई.पी.एस.) पुलिस अधीक्षक जिला डीडवाना-कुचामन के निर्देशन में व नेमीचन्द खारिया (आर.पी.एस.) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुचामन व अरविन्द विश्नोई वृताधिकारी वृत कुचामनसिटी के निकटतम सुपरविजन में नन्दलाल पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना नांवा के नेतृत्व में लूट व अपहरण के प्रकरण में चार साल से फरार चल रहे आरोपी मोहम्मद रफीक खान उर्फ रफी को नूह मेवात (हरियाणा) क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। घटना: प्रार्थी प्रताप सिंह पुत्र गंगा सिंह, जाति राजपूत, निवासी महलाना पुलिस थाना राजगढ़ जिला चूरू ने एक रिपोर्ट पेश कि की मेरे भाई अजीत सिंह ने ट्रक नम्बर आरजे 10 जीबी 1970 पर नितिश कुमार को चालक रख रखा था। 07.08.2021 को उक्त ट्रक को लेकर सांभर चोराहा पहुंचा तभी वहां पर अज्ञात लोग आये जिन्होने नितिश कुमार के साथ मारपीट कर नितिश को ट्रक से बाहर फेंक दिया और ट्रक लेकर चले गये। वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 127/2021 धारा 394, 365, 342, 201, 323, 411/34 आईपीसी पुलिस थाना नांवा शहर दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

**कार्रवाई :** प्रकरण में पूर्व में आरोपी नासिर व शकील को गिरफ्तार कर ट्रक व रूपये बरामद किये गये थे। चार साल से फरार चले रहे आरोपी मोहम्मद रफीक खान उर्फ रफी की तलाश सांभर, फूलेरा, जयपुर, गुरूग्राम, नूह, भरतपुर व अन्य संभावित स्थानों पर की गई तथा मुलजिम को गुरुग्राम हरियाणा से दस्तयाब किया जाकर बाद अनुसंधान गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त :** मोहम्मद रफीक खान उर्फ रफी पुत्र हाजी आमीन उर्फ आमीन मेव, जाति मुस्लमान, उम्र 51 साल, निवासी अडबर, थाना नूंह, जिला नूंह हरियाणा।

**पुलिस टीम सदस्य :** नन्दलाल पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना नावांशहर, रायसिंह हैड कानि 957 पुलिस थाना नांवाशहर, नरेश कुमार हैड कानि. 503 पुलिस थाना नांवाशहर, कमलेश कानि 115, पुलिस थाना नावांशहर, रिछपाल कानि 1689 पुलिस थाना नावां शहर ने अपराधी को गिरफ्तार करने में भूमिका निभाई।

# किसानों को मिलेगी 11 अंकों की यूनिक फार्मर आईडी

- पांच फरवरी से लगेंगे फार्मर रजिस्ट्री शिविर
- किसानों को मिलेगा योजनाओं का फायदा




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** किसानों को अब 11 अंकों की यूनिक फार्मर आईडी मिलेगी। इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर पांच फरवरी से 31 मार्च तक फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन होगा। इसके लिए समुचित तैयारियां करने के निर्देश दिए गए है। जिला कलक्टर टीना डाबी ने बताया कि केंद्र सरकार की एग्रीस्टेक योजना के तहत प्रत्येक किसान को 11 अंकों का एक यूनिक फार्मर आईडी नंबर मिलेगा। इसको किसानों के आधार नंबर से लिंक किया जाएगा। इस यूनिक आईडी नंबर के आधार पर किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए समस्त ग्राम पंचायतों में पांच फरवरी से फार्मर रजिस्ट्री शिविर लगाए जाए। केंद्र सरकार की ओर से पारदर्शिता सुनिश्चित करने एवं किसानों को जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित करवाने के लिए एग्रीस्टेक डिजिटल कल्चर इनिशिएटिव के तहत एग्रीस्टेक डिजिटल एग्रीकल्चर परियोजना शुरू की गई है। इसके तहत सभी राजस्व गांवों का डिजिटल मैप तैयार कराया गया है। मोबाइल एप के माध्यम से जीआईएस आधारित रियल टाइम क्रॉप सर्वे कराया जा रहा है और अब इसके तहत प्रत्येक किसान का रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा। इस रजिस्ट्रेशन के बाद किसान को 11 अंकों का यूनिक नंबर दिया जाएगा। यह किसान की एक अलग पहचान होगी। जिला कलक्टर टीना डाबी ने बताया कि इस फार्मर आई डी से किसान के समस्त कृषि भूखंड और हिस्से जुड़े रहेंगे। इसे किसान के आधार से लिंक किया जाएगा। इसमें इस तरह की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी कि अगर कोई किसान जमीन की खरीद एवं बेचान करता है, तो रिकॉर्ड अपने आप ही अपडेट हो जाए।

इससे राज्य सरकार को किसानों, उनकी कृषि भूमि, फसल अपादन और संबंधित गतिविधियों पर रीयल-टाइम डेटा उपलब्ध होगा और सरकार बेहतर नीतियां बना सकेगी। यह विवरण दर्ज होगा फार्मर आईडी में फार्मर आईडी में किसान का नाम, पिता का नाम उसके स्वामित्व वाले खेत का खसरा नंबर, मोबाइल नंबर और आधार नंबर दर्ज होगा।

शिविरों में किसानों की जानकारी का व्यापक डेटाबेस तैयार करते हुए प्रत्येक किसान को विशिष्ट फार्मर आईडी प्रदान की जाएगी। इससे किसानों को केंद्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सुगमता एवं पारदर्शिता आएगी। पांच फरवरी से लगेंगे शिविरनोडल अधिकारी एवं बाड़मेर उपखंड अधिकारी वीरमा राम ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के लिए ग्राम पंचायतों में पांच फरवरी से 31 मार्च तक शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में दस्तावेज के आधार पर किसानों को मौके पर 11 अंक की यूनिक आईडी जारी की जाएगी। इसके अलावा पंचायतराज विभाग की विभिन्न योजनाओं का रजिस्ट्रेशन एवं फायदा इन शिविरों में मिलेगा। शिविरों में कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। पीएम किसान सम्मान निधि की किश्त के साथ फसल बीमा का लाभ प्राप्त करने में आसानी होगी। खराबे की स्थिति में किसानों का चिन्हीकरण करना आसान होगा। इसके अलावा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए किसानों का स्वतः रजिस्ट्रेशन हो जाएगा। किसानों को कल्याण की अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए बार-बार सत्यापन या रजिस्ट्रेशन नहीं कराना पड़ेगा।

### फार्मर रजिस्ट्री शिविर में कार्य होंगे

मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ पलनीचामी ने बताया कि पांच फरवरी से आयोजित होने वाले फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में जन्म मृत्यु पंजीयन प्रमाण पत्र जारी करने, लंबित पटटों का निस्तारण करने, विमुक्त घुंमतु एवं अर्द्ध घुंमतु के लिए पटटा आवंटित करने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों का वार्षिक सत्यापन करवाने एवं परिसंपति रजिस्टर संधारित करवाने के निर्देश दिए गए है।

# शराब पीकर स्कूल पहुंचा टीचर, बच्चों से मारपीट

- ग्रामीण स्कूल पहुंचे तो उन्हें धमकाने लगा
- बोला-राजकार्य में बाधा का केस करुंगा




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बाड़मेर में शिक्षा के मंदिर को शर्मसार करने का मामला सामने आया है। यहां एक शिक्षक शराब के नशे में स्कूल पहुंचा और बच्चों के साथ मारपीट की। शिक्षक अपने साथ शराब भी लेकर आया। ग्रामीण जब स्कूल पहुंचे तो उन पर राजकार्य में बाधा पहुंचाने का मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी। घटना बाड़मेर के गुड़ामालानी ब्लॉक के कुकणों की ढाणी के प्राथमिक स्कूल की है। यहां पर शिक्षक विजय कुमार के शराब पीकर पहुंचा तो स्कूल के आसपास के लोगों ने ग्रामीणों को सूचना दी। ग्रामीणों ने टीचर को पकड़कर कुर्सी पर बैठा दिया। घटना दोपहर करीब 12 बजे की है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिक्षक शराब पीकर और पानी के बोतल में मिक्स करके आया। सूचना मिलने पर शिक्षा विभाग के अधिकारी पहुंचे और टीचर का मेडिकल करवाने के साथ जांच करने की बात कही।

### खाली नमकीन के पैकेट मिले

ग्रामीणों ने जब शिक्षक से पूछा कि स्कूल में शराब पीकर आते हो, तब लड़खडाती आवाज में मना करने लगा। वह उल्टा लोगों को धमकाने लगा कि आप हमें डिस्टर्ब कर रहे रहो, आप राजकार्य में बाधा डाल रह रहो। मैं चार बजे जाकर मुकदमा करूंगा। ग्रामीणों ने कहा कि आपके पैर लड़खड़ा रहे है, टीचर बोला- मेरे लड़खड़ा रहे है या नहीं, मैं मेडिकल करवा दूंगा। तब ग्रामीणों ने कहा कि चलो मेडिकल करवा लो। स्कूल में खाली नमकीन के पैकेट भी मिले हैं।

### मारपीट से छात्रों के आई चोट

ग्रामीण केहराराम ने बताया - गुड़ामालानी ब्लॉक की आलपुरा ग्राम पंचायत के तहत कुकणों की ढाणी की प्राइमरी स्कूल में कार्यरत शिक्षक विजय कुमार शुक्रवार को शराब के नशे में आया। हाथ में पानी की बोतल थी जिसमें शराब व पानी मिक्स कर रखा था। आते ही स्कूल के बच्चों के साथ डंडे से मारपीट कर दी। इससे एक छात्र और एक छात्रा के हाथों में मारपीट के निशान बन गए और सूजन भी आ गई। आसपास के लोगों ने हमें सूचना दी। तब हम लोग पहुंचे और पूछा बच्चों को क्यों मार रहे हो, इस पर हमारे साथ भी बदतमीजी की। गुड़ामालानी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (सीबीईओ) ओमप्रकाश ने बताया- सूचना मिलते ही पदेन पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी (पीईईओ) को भेज दिया। शिक्षक का मेडिकल करवाया जाएगा। अल्कोहल आएगा तो निमयानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# जोधपुर : चांदपोल शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

▶▶ नहीं मिल रही सुविधा, मरीज परेशान




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** राज्य सरकार के चिकित्सा सुविधा योजना की चांदपोल शहरी प्राथमिक स्वास्थ केंद्र में परवाह नहीं हो रहीं हैं। मरीज जब केंद्र पहुंचते तो प्रथम तो डाक्टर ही नहीं मिलता और मिलता है मरीजों की ठीक से सार संभाल नहीं होती। यहां एक ही डाक्टर कार्यरत है वो भी एकांतरे ही उपलब्ध रहता हैं। डाक्टर की एक दिन इस चिकित्सा केंद्र में तो दूसरे दिन बालसमंद चिकित्सा केंद्र में ड्यूटी रहती हैं। वर्तमान में यहां डाक्टर योगेंद्र सिंह कार्यररत हैं। डाक्टर ड्यूटी रोजाना नहीं होने से स्टॉफ की मौज रहती हैं। इस केंद्र पर बीपी नापने एवं आवश्यक उपकरण भी उपलब्ध नहीं हैं। शुक्रवार को कैंसर के मरीज जब बीपी चेक करने पहुंचा तो उसके बैठने के लिए स्टूल भी उपलब्ध नहीं हुआ, डाक्टर को जब देखने को कहा तो उन्होंने बीपी मरीज को नर्स के पास भेजा। नर्स ने मरीज को कुर्सी पर बैठने से मना किया, मरीज खड़ा रहने की हालत में नहीं था। दो जन उसको कंधा देकर खडे रहे। फिर नर्स चली गई, जब डाक्टर को यह जानकारी दी तो उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया और नर्सपास खडी देखती रही। इस पाथमिक स्वास्थ केंद्र में लगभग 20 का स्टॉफ लगा हैं परंतु सेवाएं नहीं के बराबर हैं। मरीज डाक्टर के बिना चक्कर लगाकर जाते रहते हैं। मुफ्त दवाइयां का लाभ भी नहीं मिलता, चांदपोल क्षेत्र के इस मास्टर खींवराज कच्छवाह स्वास्थ केंद्र में पहले तीन से अधिक डाक्टर बैठते थे तथा मरीजों को भर्ती करने के लिए बेड भी थे, समाज सेवियों द्वारा आई कैंप का आयोजन भी किया जाता था।

चिकित्सा विभाग की उदासीनता के चलते रोगियों को प्राइवेट अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। सरकारी चिकिसा के खोखले दावे करती हैं। डाक्टर की कमी और स्टॉफ की यहां भरमार हैं। उच्ची पहुंच वाले वर्षो से यहां कार्यरत है मोटी तनख्वाह उठाते है परंतु सरकारी योजनाओं का लाभ जब जरूरतमंद को नहीं मिलता। एक और सरकार चिकित्सा सुविधा के लिए नई-नई योजनाएं बनाती है परंतु उन्हें अमली जामा पहनाने वाले कोताही बरतत्ते है। यहां पूर्व में स्टॉफ क्वाटर बने थे जो आज खंडर हो गए हैं। ऐसे चिकित्सा केंद्रों पर सख्त निगरानी की जरूरत होनी चाहिए। तथा वर्षों से कब्जा जमाए कर्मचारियों को हटाए जाने की भी आवश्यकता हैं। मरीजों को प्राथमिक चिकित्सा मिले इस दिशा में प्रशासन को उचित कदम उठाने होंगे।

# ग्राम पंचायत कौशलू में बिजली, पानी-स्वास्थ्य संबंधी शिकायत

▶▶ कलेक्टर ने रात्रि चौपाल में सुनीं समस्याएं, समाधान के निर्देश

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बालोतरा।** बालोतरा के पायल कला पंचायत समिति में रात्रि चौपाल हुई। कलेक्टर सुशील कुमार यादव ने ग्राम पंचायत कौशलू में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। चौपाल में बिजली, पानी और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर शिकायत प्राप्त हुई। कलेक्टर यादव ने ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और मौके पर ही अधिकारियों को समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल आपूर्ति, बिजली की व्यवस्था और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने पर विशेष जोर दिया। साथ ही अधिकारियों को राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि ग्राम पंचायत और उपखंड स्तर पर नियमित जनसुनवाई की जाए और अधिक से अधिक लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुशासन की दिशा में ये प्रयास निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान, उपखंड अधिकारी जगदीश सिंह आसिया सहित अन्य जिला और ब्लॉक स्तर के अधिकारी मौजूद रहे।



# बीएसएफ ने स्कूल में मनाया सिविक एक्शन प्रोग्राम

▶▶ 38 बीएन बटालियन ने गर्ल्स स्कूल में कॉपी-किताबों के साथ बांटा खेलकूद का सामान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** भारत पाक सीमा की सुरक्षा में लगी भारत की पहली रक्षा पंक्ति बीएसएफ सरहद की सुरक्षा के साथ-साथ सरहद के गांवों में सामाजिक सरोकार के काम भी करती है। इसी कड़ी में सीमा सुरक्षा बल ने सुल्ताना गांव में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया। बीएसएफ की 38वीं बटालियन ने मोहनगढ़ तहसील के सीमावर्ती गांव सुल्ताना के गर्ल्स स्कूल में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान बीएसएफ ने स्कूल में उपयोग में आने वाली सभी सामग्री के साथ-साथ बच्चों



के खेलने के लिए खेल सामग्री व किताबें-कॉपियां आदि भी बांटी। इस दौरान इंद्रेश कुमार यादव, द्वितीय कमान अधिकारी/कार्यवाहक कमांडेंट की अगुआई में जय प्रकाश, असिस्टेंट कमांडेंट, कंपनी कमांडर, 38वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के जवान, सरपंच, ग्रामीण व स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा।

### खेलकूद का सामान पाकर बच्चे खुश

इस मौके पर कार्यवाहक कमांडेंट इंद्रेश कुमार यादव ने बताया- सीमा सुरक्षा बल द्वारा हर साल सीमावर्ती गांवों में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें विभिन्न स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को निःशुल्क पठन-पाठन सामग्री एवं स्कूल में इस्तेमाल होने वाली सामग्री और खेलकूद के सामानों का वितरण किया जाता है। कार्यक्रम में 38वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा सरकारी गर्ल्स स्कूल, सुल्ताना में पठन-पाठन सामग्री, स्कूल में इस्तेमाल होने वाली सामग्री और खेलकूद के सामान का वितरण किया गया। इस मौके पर सुलताना सरपंच, स्कूल हैड मास्टर, टीचर व ग्रामीणों ने सीमा सुरक्षा बल का आभार व्यक्त किया और आश्वस्त किया कि गांव के इलाके में कोई संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु मिलने पर तुरंत सीमा सुरक्षा बल को सूचित करेंगें। इस कार्यक्रम में जय प्रकाश, सहायक समादेष्टा, रेखा कंवर, सरपंच, सुल्ताना, नारायण सिंह, पवन शर्मा, प्रधानाचार्य, गर्ल्स स्कूल, सुल्ताना के अलावा गांव के गणमान्य व्यक्ति और स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

# श्रीयादे माता जयंती पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

▶▶ समदड़ी में दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम

▶▶ हजारों भक्तों ने लिया महाप्रसादी का लाभ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बालोतरा।** समदड़ी में प्रजापत समाज की आराध्य देवी श्रीयादे माता का जन्मोत्सव अपार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। गोविंदराम के बगेची की गादीपति नरसिंगदास महाराज की उपस्थिति में दो दिवसीय भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। श्रीयादे माता जयंती के अवसर पर सुबह से ही विशेष पूजा-अर्चना का दौर शुरू हुआ। मंदिर में देव प्रतिमाओं का अभिषेक कर



नए वस्त्र पहनाएं गए। मंदिर परिसर में बने हवन कुंड में श्रद्धालु परिवारों ने आहुतियां दीं। इस दौरान मंदिर के शिखर पर अमर ध्वजा चढ़ाई गई और महाआरती में समाज की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भव्य शोभायात्रा रही, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। डीजे की धुनों पर नृत्य करते हुए भक्तों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। शोभायात्रा में श्रीयादे माताजी, राम दरबार, शिव दरबार, कालका माता, काला गौरा भैरूजी और कृष्ण दरबार की आकर्षक झांकियां सजाई गईं।

## व्यापार जगत

# सोना पहली बार 82 हजार रुपए पार

- 31 दिन में दाम 6003 बढ़े
- चांदी 93177 रुपए किलो

**नई दिल्ली।** आम बजट पेश होने से एक दिन पहले 31 जनवरी को सोना अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 862 बढ़कर 82,165 रुपए हो गया है।

गुरुवार को 10 ग्राम (एक तोला) सोने का दाम 81,303 रुपए था। वहीं, चांदी की कीमत में भी बढ़त रही। ये 993 रुपए बढ़कर 93,177 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी की कीमत 92,184 रुपए प्रति किलो थी। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था।

तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

इस साल अब तक 6,003 महंगा हुआ सोना 31 दिसंबर को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 76,162 रुपए था। बीते 31 दिन में इसमें 6,003 रुपए का इजाफा हुआ है। वहीं, 31 दिसंबर को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी। इस दौरान इसमें भी 7,160 रुपए की बढ़ोतरी हुई है।



### चार महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 77,450 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 84,480 रुपए है। **मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 77,300 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 84,330 रुपए है। **कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 77,300 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 84,330 रुपए है। **चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 77,300 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 84,330 रुपए है।

**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 77,350 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 84,380 रुपए है।

# आर्थिक सर्वेक्षण : भारतीय बाजारों में बढ़ा लचीलापन

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को जारी आर्थिक सर्वेक्षण में बताया गया कि शेयर बाजार में मूल्यांकन बढ़ने के बावजूद भारत को सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि अमेरिका के बाजारों में अगर कोई सुधार होता है, तो उसका असर भारत पर भी पड़ सकता है। खासकर, कोविड-19 के बाद भारत में युवा निवेशकों की संख्या बढ़ी है, जो शेयर बाजार में सक्रिय हो गए हैं।

▶▶ इको सर्वे ने 2025 में सार्थक बाजार सुधार के प्रति किया आगाह




### खुदरा निवेश पर युवा निवेशकों की बढ़ोतरी

- आखिरी कुछ वर्षों पर नजर डाले तो भारत में खुदरा निवेशकों की भागीदारी खासकर युवा निवेशकों की बढ़ी है। 2020 में जहां निवेशक 4.9 करोड़ थे, वहीं 31 दिसंबर 2024 तक यह संख्या बढ़कर 13.2 करोड़ हो गई। सर्वेक्षण में यह भी कहा गया है कि अमेरिकी बाजार में जो आशावादी भावना है और वहां के बढ़े हुए मूल्यांकन, 2025 में एक बड़ा सुधार ला सकते हैं। अगर ऐसा हुआ, तो यह भारत में युवा और नए निवेशकों पर ज्यादा प्रभाव डाल सकता है, क्योंकि इनमें से ज्यादातर ने पहले कभी बड़े बाजार सुधार नहीं देखे हैं।

### इक्विटी बाजार पर एक नजर

- आर्थिक सर्वेक्षण में बताया गया है कि भारतीय इक्विटी बाजार अमेरिकी बाजारों के उतार-चढ़ाव के प्रति बहुत संवेदनशील रहा है। ऐतिहासिक डेटा के अनुसार, जब अमेरिकी बाजार एसएंडपी 500 में 10% से अधिक गिरावट आई, तो निफ्टी 50 ने लगभग सभी मामलों में नकारात्मक रिटर्न दर्ज किया। औसतन, निफ्टी 50 में 10.7% की गिरावट आई। वहीं, जब भारतीय बाजार निफ्टी 50 में 10% से ज्यादा गिरावट आई, तो अमेरिकी बाजार एसएंडपी 500 ने 13 बार सकारात्मक रिटर्न दिखाया, लेकिन इसका औसत रिटर्न -5.5% रहा।

### अमेरिकी बाजारों की तुलना में ज्यादा लचीला

- हालांकि, सर्वेक्षण में यह भी बताया गया कि भारतीय बाजार अमेरिकी बाजारों के मुकाबले ज्यादा लचीले साबित हुए हैं। उदाहरण के लिए, अक्टूबर 2024 में जब विदेशी निवेशकों ने भारत से 11 बिलियन डॉलर निकाल लिए, तो भी भारतीय बाजार में गिरावट कम रही। वहीं, मार्च 2020 में महामारी के कारण हुए संकट में आठ बिलियन डॉलर के एफपीआई बहिर्वाह के बावजूद भारतीय बाजारों में भारी गिरावट आई थी। इसलिए, जबकि भारतीय बाजारों की लचीलापन बढ़ी है और निवेशक आशावादी हैं, फिर भी अमेरिकी बाजार में सुधार से जुड़ी संभावनाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

### भारतीय शेयर बाजार की ऊंचाई

- गौरतलब है कि दिसंबर 2024 तक, भारतीय शेयर बाजार ने कई चुनौतियों के बावजूद नई ऊंचाइयों तक पहुंचा है। इनमें भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं, मुद्रा अवमूल्यन और घरेलू बाजार में उतार-चढ़ाव जैसी समस्याएं शामिल थीं। इस सफलता में निवेशकों की बढ़ती भागीदारी का बड़ा योगदान रहा है, क्योंकि वित्त वर्ष 2020 में जहां निवेशक 4.9 करोड़ थे, वहीं 31 दिसंबर 2024 तक यह संख्या बढ़कर 13.2 करोड़ हो गई है।

# आनंद राठी और मोतीलाल ओसवाल पर सेबी की सख्ती

▶▶ कुल 12 लाख रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने नियामकीय उल्लंघन के मामले में आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड पर पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। सेबी के आदेश के अनुसार, कंपनी को यह जुर्माना 45 दिनों के भीतर भरना होगा। यह कार्रवाई सेबी द्वारा 25 नवंबर 2021 से 15 दिसंबर 2021 के बीच शेयर बाजारों और डिपॉजिटरी के साथ मिलकर किए गए निरीक्षण के आधार पर हुई। इस जांच में पाया गया कि कंपनी ने




ग्राहकों के फंड का गलत इस्तेमाल किया। दुरुपयोग की राशि 22.07 लाख रुपए से लेकर 16.36 करोड़ रुपए तक थी। इसके अलावा, कंपनी ने निरीक्षण अवधि के दौरान दैनिक समाधान विवरण नहीं रखा और शेयर बाजार को मार्जिन संग्रह की गलत जानकारी दी। सेबी ने यह भी पाया कि 28 मामलों में ग्राहकों की सहमति के बिना अनधिकृत व्यापार किया गया।

### मोतीलाल ओसवाल पर सात लाख का जुर्माना

इसी तरह, सेबी ने मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड पर भी नियमों के उल्लंघन के लिए सात लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। कंपनी को यह राशि 45 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। सेबी ने अप्रैल 2021 से जून 2022 की निरीक्षण अवधि के दौरान कंपनी के रिकॉर्ड की जांच की। जांच में सामने आया कि मोतीलाल ओसवाल ने 30 दिन की निर्धारित अवधि में 26 शिकायतों का समाधान नहीं किया। इसके अलावा, जून 2022 में 39 ग्राहकों ने कारोबार किया था, लेकिन उन्हें निष्क्रिय मानते हुए उनके फंड अलग रख दिए गए।

# हफ्ते में 60 घंटे से अधिक काम करने से स्वास्थ्य पर असर

▶▶ आर्थिक सर्वेक्षण ने अध्ययनों का दिया हवाला

**नई दिल्ली।** हफ्ते में 70-90 घंटे काम करने पर बहस के बीच, शुक्रवार को बजट-पूर्व आर्थिक सर्वेक्षण में अध्ययनों का हवाला देते हुए कहा गया कि हफ्ते में 60 घंटे से अधिक काम करने से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि डेस्क पर लंबे समय तक काम करना मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और जो व्यक्ति डेस्क पर (प्रतिदिन) 12 या उससे अधिक घंटे बिताते हैं, उनका मानसिक स्वास्थ्य खराब या संघर्षपूर्ण होता है।



### '12 या उससे अधिक घंटे डेस्क पर बिताना हानिकारक'

आर्थिक सर्वेक्षण में पेगा एफ, नफ्राडी बी (2021) और 'डब्ल्यूएचओ/आईएलओ संयुक्त अनुमानों से रोग और चोट के कार्य-संबंधी बोझ' के निष्कर्षों का हवाला देते हुए कहा गया है, 'जबकि काम पर बिताए गए घंटों को अनौपचारिक रूप से उत्पादकता का एक उपाय माना जाता है, पिछले अध्ययन में प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों का दस्तावेजीकरण किया गया है।' सैपियन लैब्स सेंटर फॉर ह्यूमन ब्रेन एंड माइंड की तरफ से किए गए एक अध्ययन के आंकड़ों का हवाला देते हुए, आर्थिक सर्वेक्षण ने कहा, 'अपने डेस्क पर लंबे समय तक बिताना मानसिक स्वास्थ्य के लिए समान रूप से हानिकारक है। जो व्यक्ति डेस्क पर 12 या उससे अधिक घंटे बिताते हैं, उनका मानसिक स्वास्थ्य खराब/संघर्षशील होता है, उनका मानसिक स्वास्थ्य स्कोर डेस्क पर दो घंटे से कम या बराबर समय बिताने वालों की तुलना में लगभग 100 अंक कम होता है।'आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 में एक अध्ययन के हवाले से कहा गया है कि बेहतर जीवनशैली, अच्छा कार्यस्थल माहौल और मजबूत पारिवारिक रिश्ते हर महीने दो-तीन दिन कम छुट्टी लेने से जुड़े होते हैं।

# आपका राशिफल 1 फरवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-3-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। मेहमानों का आगमन होगा। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-3-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। अपने काम पर नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-1-3-5

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। धन लाभ की संभावना। शुभांक-4-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन लेन-देन में सतर्क रहें। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान हैं अत: वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें। शुभांक-2-6-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग। शुभांक-6-8-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य में गिरावट से चिंता रहेगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। शुभांक-4-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं। शुभांक-3-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति होगी। शुभांक-2-4-7

रणजी क्रिकेट

# विराट कोहली छह रन पर बोल्ड

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को अरुण जेटली स्टेडियम में रेलवे के खिलाफ लीग चरण के मैच के दूसरे दिन विराट कोहली की रणजी ट्रॉफी में वापसी पर सिर्फ 15 गेंदें ही खेल पाए। घरेलू दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कोहली की शुरुआत अच्छी नहीं रही और रेलवे के तेज गेंदबाज हिमांशु सांगवान ने उनका ऑफ स्टंप गिरा दिया। अच्छी लेंथ की फुलर साइड पर आने वाली गेंद पर आगे बढ़ते हुए कोहली ने लाइन के पार एक असामान्य स्वाइप करने का प्रयास किया लेकिन कोहली नाकाम रहे और गेंद ऑफ स्टंप पर जा लगी। कोहली ने एक चौके की मदद से मात्र छह रन ही बनाए। कोहली को पहले दोनों छोर पर ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों पर तेज गेंदबाजों ने परेशान किया था, हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान उनके आउट होने का एक पैटर्न देखने को मिला था। कोहली के विकेट ने एक छोटी सी गिरावट की शुरुआत की, क्योंकि दिल्ली ने अपने अगले ओवर में सलामी बल्लेबाज सनत सांगवान को हिमांशु के हाथों खो दिया। 30 ओवर की समाप्ति पर दिल्ली ने चार विकेट पर 103 रन बनाए और रेलवे के पहली पारी के स्कोर से 141 रन पीछे थी।




▶▶ स्टेडियम में छाया सन्नाटा

### कोहली का रणजी में सफर

नवंबर 2012 के बाद से कोहली का दिल्ली की जर्सी में यह पहला रणजी मैच है। कोहली ने 2012-13 रणजी ट्रॉफी में गाजियाबाद में एकमात्र मैच खेला था, जो उनके गृहनगर से ज्यादा दूर नहीं है। दिल्ली की ओर से खेलने के बाद कोहली ने गाजियाबाद के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में उत्तर प्रदेश का सामना किया जिसमें उन्होंने दो पारियों में 14 और 43 रन बनाए, जिसमें उनकी टीम छह विकेट से हार गई। नवंबर 2006 में तमिलनाडु के खिलाफ अपने डेब्यू के बाद से कोहली प्रीमियर रेड-बॉल टूर्नामेंट में 23 मैचों में नजर आ चुके हैं। कोहली अपने डेब्यू मैच में केवल एक पारी में 10 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन छह साल में अपने अगले 22 मैचों में उन्होंने पांच शतक और इतने ही अर्धशतक बनाए। कोहली ने 36 पारियों में 50.77 की औसत से 1574 रन बनाए हैं।

### स्टेडियम में सन्नाटा छाया

- कोहली की निराशाजनक पारी के बाद स्टेडियम में सन्नाटा छा गया और दर्शकों का एक बड़ा हिस्सा तितर-बितर हो गया, साथ ही पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली पवेलियन में डगआउट में वापस चले गए। गेट नंबर 16 और 17 पर सुबह 6:30 बजे से ही भारी भीड़ जमा होने लगी थी, जबकि उन्हें आम जनता के लिए खोले जाने से दो घंटे पहले ही गेट नंबर 16 और 17 पर भारी भीड़ जमा हो गई थी।

अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप 2025

# इंग्लैंड को धुनकर फाइनल में टीम इंडिया

**मलेशिया।** भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप 2025 के फाइनल में जगह बना ली है। सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने इंग्लैंड को नौ विकेट से पराजित किया। 31 जनवरी (शुक्रवार) को कुआलालम्पुर के बयूमास ओवल में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम को जीत के लिए 114 रनों का टारगेट मिला था, जिसे उसने 30 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। अब फाइनल में भारत का सामना साउथ अफ्रीका से होगा। यह मुकाबला दो फरवरी (रविवार) को इसी मैदान पर भारतीय समयानुसार दोपहर 12 बजे से खेला जाएगा। बता दें कि साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम की जीत में स्पिन गेंदबाजों परुणिका सिसोदिया और वैष्णवी शर्मा की अहम भूमिका रही। बाद में जी कमलिनी ने शानदार अर्धशतक बनाकर भारत की राह आसान कर दी।

मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए इंग्लैंड की टीम ने 20 ओवरों में आठ विकेट पर 113 रन बनाए। डेविना पेरिन ने 40 गेंदों पर 45 रन बनाए, जिसमें छह चौके और दो छक्के शामिल रहे। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज अबी नॉरग्रोव ने तीन चौके और एक सिक्स की मदद से 25 गेंदों पर 30 रन बनाए। परुणिका सिसोदिया और वैष्णवी शर्मा ने तीन-तीन विकेट लिए। जबकि आयुषी शुक्ला को दो विकेट हासिल हुआ। इंग्लैंड के आठों विकेट्स भारतीय स्पिनर्स ने लिए।जवाब में भारत की ओर से गोंगाडी तृषा और जी.कमलिनी ने शानदार ओपनिंग पार्टनरशिप की। दोनों ने नौ ओवरों में 60 रन जोड़े। तृषा ने 29 गेंदों पर 35 रन बनाए, जिसमें पांच चौके शामिल रहे। वहीं कमलिनी ने आठ चौके की मदद से 50 गेंदों पर नाबाद 56 रनों की पारी खेली। सानिका चालके 11 रन पर नॉटआउट रहीं। बात दें कि आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप का ये दूसरा संस्करण है। पिछला संस्करण 2023 में आयोजित हुआ था, जिसमें भारतीय टीम चैम्पियन बनने में कामयाब रही थी।




साउथ अफ्रीका से खिताबी टक्कर

## द. अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर फाइनल में जगह बनाई



**क्वालालंपुर।** एश्ले वैन विक (चार विकेट) के बाद जेम्मा बोथा (37), और कप्तान कायला रेनेके (26) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को महिला अंडर-19 टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली हैं। ऑस्ट्रेलिया के 105 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपने दो विकेट जल्द ही गवां दिए। हालांकि इस दौरान सलामी बल्लेबाज जेम्मा बोथा एक छोर थामे तेजी से रन बनाती रही। उन्होंने 24 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए (37) रनों की आतिशी पारी खेली। कप्तान कायला रेनेके ने 26 गेंदों में तीन चौकों की मदद से (26) रन बनाए। करबो मेसो (19) रन बनाकर आउट हुई। दक्षिण अफ्रीका ने 18.1 ओवर में पांच विकेट पर 106 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से हसरत गिल और लूसी हैमिल्टन ने दो-दो विकेट लिये। क्लो एंसवर्थ ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया।

# मिशेल मार्श चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

- आईपीएल में खेलना भी संदिग्ध

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिशेल मार्श पीठ में तकलीफ के कारण अगले महीने होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं और उनका इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलना भी संदिग्ध है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में मार्श की चोट के बारे में जानकारी दी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि उन्हें 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर कर दिया गया है। कुछ अन्य रिपोर्टों के अनुसार मार्श का आईपीएल में भी खेलना संदिग्ध है। उन्हें आईपीएल में लखनऊ सुपर जॉइंट्स ने अपनी टीम में लिया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा, 'मिशेल मार्श को पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण आगामी आईसीसी पुरुष चैंपियन ट्रॉफी से बाहर कर दिया गया है। पिछले कुछ सप्ताह में उनकी पीठ के निचले हिस्से में दर्द बढ़ गया था और उन्हें पूरी तरह फिट होने में अभी समय लगेगा। राष्ट्रीय चयन समिति उनके स्थान पर नए खिलाड़ी का चयन करने के लिए जल्द ही बैठक करेगी।' किसी भी टीम को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी अंतिम टीम की घोषणा 12 फरवरी तक करनी होगी। टीम में मैट शॉर्ट और आरोन हार्डी के लिए आईसीसी इवेंट में पहली बार शामिल किए गए खिलाड़ी शामिल हैं, साथ ही तेज गेंदबाज नाथन एलिस को भी शामिल किया गया है। ये तीनों डेविड वार्नर (संन्यास ले चुके), कैमरून ग्रीन (पीठ की सर्जरी के कारण बाहर) और सीन एबॉट की जगह लेंगे। एलिस ने होबार्ट हरिकेंस के साथ एक प्रभावशाली बिग बैश लीग सीजन के बाद अपनी जगह बनाई। शॉर्ट और हार्डी, दोनों बहुमुखी ऑलराउंडर, टीम में गहराई जोड़ते हैं।



### ऑस्ट्रेलिया की प्रारंभिक टीम

- पैट कमिंस (कप्तान), एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, एडम जम्पा (टीम अभी तय नहीं हुई है)।

# सचिन तेंदुलकर को आज लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार

**मुंबई।** पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को शनिवार को यहां भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के वार्षिक समारोह में बोर्ड के 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। भारत के लिए 664 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले 51 वर्षीय तेंदुलकर के नाम क्रिकेट इतिहास में सबसे अधिक टेस्ट और वनडे रन बनाने का रिकॉर्ड है। बोर्ड के एक सूत्र ने बताया, 'हां, उन्हें वर्ष 2024 के लिए सी के नायडू 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।' तेंदुलकर के 200 टेस्ट और 463 एकदिवसीय मैच क्रिकेट इतिहास में किसी भी खिलाड़ी द्वारा सर्वाधिक हैं। उन्होंने वनडे में 18,426 रनों के अलावा 15,921 टेस्ट रन बनाए। उन्होंने अपने शानदार करियर में केवल एक टी20 अंतरराष्ट्रीय खेला है। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री और पूर्व दिग्गज विकेटकीपर फारुख इंजीनियर को यह पुरस्कार मिल चुका है।



आईपीएल 2025

# पंत लखनऊ सुपर जायंट्स के नए कप्तान

**लखनऊ।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की शुरुआत 21 मार्च से होनी है। आईपीएल 2025 की शुरुआत से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने बड़ा फैसला लिया है। लखनऊ की टीम ने ऋषभ पंत को टीम का कप्तान बनाया है। लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में इस बात की पुष्टि की है।



### गोयनका की भविष्यवाणी

- संजीव गोयनका ने ऋषभ पंत को कप्तान बनाने की पुष्टि करते हुए कहा, 'जितनी रणनीति बनाई गई, वह ऋषभ के इर्द-गिर्द घूमती रही। यह सब उन्हें ध्यान में रखकर किया गया।' जब संजीव गोयनका से पूछा गया कि ऋषभ पंत ही क्यों तो गोयनका ने कहा- मुझे लगता है कि समय साबित करेगा। वह न केवल आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं, बल्कि आईपीएल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में भी हैं। लोग आईपीएल के सबसे सफल कप्तानों की सूची में धोनी और रोहित को रखते हैं।

### पंत ने कही ये बात


ऋषभ पंत ने लखनऊ सुपर जायंट्स का कप्तान बनने के बाद कहा, 'उन्होंने मेरे बारे में जो कुछ कहा, उससे मैं अभिभूत हूं। ऋषभ पंत का मानना है कि लखनऊ टीम के लिए सेलेक्ट होने के बाद से गोयनका के साथ उनकी जितनी भी बातचीत हुई है, उससे उन्हें लगा कि फ्रेंचाइजी में उनका खुले दिल से स्वागत किया गया। ऋषभ पंत आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। पंत को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने आईपीएल 2025 के ऑक्शन में 27 करोड़ रुपये में खरीदा था। पंत ने पिछले सीजन में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) की कप्तानी की थी। उन्हें दिल्ली की टीम ने रिटेन नहीं किया था। ऐसे में पंत 2016 के बाद पहली बार ऑक्शन में उतरे। हालांकि पंत के लिए दिल्ली की टीम ने आरटीएम कार्ड नियम का इस्तेमाल किया था, लेकिन अंत में लखनऊ टीम ने लंबी बोली लगाकर पंत को खरीदा। बता दें कि ऋषभ पंत ने 43 मैचों की दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी की, जिसमें टीम को 23 में जीत मिली। जबकि 19 में दिल्ली की टीम को हार का सामना करना पड़ा। एक मुकाबला टाई रहा।

## म नो रं ज न

# राजामौली की फिल्म में प्रियंका चोपड़ा

ग्लोबल स्टार एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड के बाद, इंडियन सिनेमा में वापस आ रही हैं। करीब नौ सालों के लंबे इंतजार के बाद, उन्होंने एक इंडियन फिल्म साइन की है। वो साउथ के मास्टर डायरेक्टर एस।एस।राजामौली की आने वाली फिल्म 'एसएसएमबी 29' में कास्ट हो चुकी हैं। फिल्म में प्रियंका, तेलुगु सुपरस्टार महेश बाबू के साथ नजर आने वाली हैं। लेकिन इस बीच कुछ खबरें ऐसी आ रही हैं जिसे सुनकर किसी का विश्वास कर पाना लगभग नामुमकिन सा हो गया है। माना जा रहा है कि प्रियंका को फिल्म में काम करने की भारी भरकम फीस मिल रही है। कुछ रिपोर्ट्स की मानी जाए, तो फिल्म 'एसएसएमबी 29' के लिए प्रियंका को 30 करोड़ रुपए दिए जा रहे हैं। जो किसी भी इंडियन एक्ट्रेस की फिल्म की फीस से कई गुना ज्यादा है। इससे पहले दीपिका पादुकोण को फिल्म 'पद्मावत' के लिए फीस के तौर पर 13 करोड़ रुपए मिले थे। जो उस समय किसी भी फीमेल एक्ट्रेस की सबसे ज्यादा फीस मानी जाती थी।

वहीं फिल्म में काम कर रहे मेल एक्टर्स रणवीर सिंह और शाहिद कपूर को 10-10 करोड़ रुपए मिले थे। अब दीपिका के बाद, प्रियंका को सबसे ज्यादा फीस मिल रही है जिसके बाद वो टॉप पेड एक्ट्रेसेज की लिस्ट में टॉप पर आ गई हैं।प्रियंका का स्टार पावर काफी है, उनकी फैन फॉलोइंग अब इंटरनेशनल भी है। उन्होंने हॉलीवुड के कई सारे प्रोजेक्ट्स में काम किया है जो सुपरहिट साबित हुई हैं। अब उनकी राजामौली की फिल्म में एंट्री होने से फिल्म का लेवल इंटरनेशनली भी बढ़ गया है। बात करें फिल्म 'एसएसएमबी 29' की तो इस फिल्म में महेश बाबू, प्रियंका चोपड़ा के अलावा साउथ एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन भी दिखाई देंगे। माना जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग अप्रैल में शुरू होगी और इसे रिलीज 2027 में किया जाएगा। एक पुराने इंटरव्यू में प्रियंका ने कहा था कि उन्हें बॉलीवुड में कभी अपने मेल को-स्टार के जितने पैसे नहीं मिले हैं। उन्होंने करीब 22 साल और 60 फिल्मों में काम किया लेकिन उन्हें हमेशा अपने मेल को-स्टार से कम ही पैसा दिया गया। एक्ट्रेस ने कहा- मुझे बॉलीवुड में कभी एक समान पैसा नहीं दिया गया। मुझे हमेशा मेरे मेल कोस्टार की फीस का 10% ही मिला। बॉलीवुड में पैसा मिलने का गैप काफी बड़ा है। और बहुत सारी एक्ट्रेसेज इन सबसे डील करती हैं। मैं भी इससे डील करूंगी अगर मैं अभी बॉलीवुड में किसी मेल कोस्टार के साथ काम करती हूं। मेरे समय की फीमेल एक्टर्स ने कोशिश की कि हमें एक जैसे पैसे मिलें। हमने पूछा लेकिन उन्होंने कभी नहीं दिए।



# खुशी ने मिस्ट्री मैन के साथ शेयर की फोटो

बड़े परदे पर खुशी कपूर की पहली फिल्म आ रही है। बात 'लवयापा' की हो रही है, जिसमें खुशी की जोड़ी आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ जमेगी। उनकी भी बड़े परदे पर यह पहली फिल्म है। 'लवयापा' की चर्चा के बीच खुशी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर की है, जिसमें वे मिस्ट्री मैन के साथ नजर आ रही हैं। खुशी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक फोटो शेयर की है। इसके साथ लिखा है, 'वह ग्रिड तक पहुंच गया, जल्द ही आपके दिलों तक पहुंचेगा'। खुशी ने एक ब्लैक एंड व्हाइट मिरर सेल्फी शेयर की है। इसमें वे मिस्ट्री मैन को गले लगाकर अपना मोबाइल देखते हुए मुस्कुरा रही हैं। इस फोटो को देखते ही यूजर्स उनसे मिस्ट्री मैन के बारे में पूछ रहे हैं। खुशी के फैंस उनसे पूछ रहे हैं कि साथ में कौन हैं? कुछ यूजर्स लिख रहे हैं, 'वेदांग रैना हैं या इब्राहिम अली खान'? वहीं, कुछ लिख रहे हैं कि क्या खुशी की लाइफ में प्यार की एंट्री हो गई है?



# बॉर्डर-2 की रिलीज डेट का ऐलान

सनी देओल के फैंस के लिए अच्छी खबर है। अभिनेता की आगामी फिल्म 'बॉर्डर 2' की शूटिंग हाल ही में शुरू हो गई है। अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। 'बॉर्डर-2' फिल्म अगले साल 2026 में 23 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। डायरेक्टर अनुराग सिंह की फिल्म 'बॉर्डर 2' में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह जेपी दत्ता की 1997 के बॉर ड्रामा फिल्म बॉर्डर का सीक्वल होने वाली है। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर सेट से क्लैपबोर्ड की एक तस्वीर साझा की है और 'बॉर्डर 2' की रिलीज की तारीख 23 जनवरी, 2026 की भी घोषणा की है।




रोमांचक अपडेट साझा करते हुए फिल्म के निर्माता बैनर टी-सीरीज ने लिखा, 'बॉर्डर 2 के लिए कैमरे चालू हैं! सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी के साथ यह अनुराग सिंह निर्देशित सिनेमाई दिग्गज भूषण कुमार, जेपी दत्ता और निधि द्वारा प्रोड्यूस की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, 'बॉर्डर 2' देशभक्ति और साहस की पृष्ठभूमि पर आधारित है और अद्वितीय एक्शन, मनोरंजक नाटक और भावनात्मक गहराई प्रदान करने का वादा करती है। सितंबर में सनी देओल ने 1997 की ब्लॉकबस्टर फिल्म की 27वीं रिलीज़ सालगिरह पर बॉर्डर के सीक्वल की घोषणा की। उन्होंने लिखा, 'एक फौजी अपने 27 साल पुराने वादे को पूरा करने आ रहा है फिर से। भारत की सबसे बड़ी युद्ध फिल्म, बॉर्डर 2।' 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान लोंगेवाला की लड़ाई की घटनाओं पर आधारित बॉर्डर में मूल रूप से सनी देओल के साथ सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, अक्षय खन्ना, सुदेश बेरी और पुनीत इस्सर थे। कुलभूषण खरबंदा, तब्बू, राखी, पूजा भट्ट और शरबानी मुखर्जी भी फिल्म का हिस्सा थे। अब इस फिल्म के सीक्वल में कुछ नए कलाकारों को जोड़ा गया है। 'बॉर्डर-2' में सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी भी इस फिल्म में अहम किरदार में नजर आने वाले हैं। इसको लेकर अहान काफी उत्साहित भी हैं और अपने इंस्टाग्राम पर शेयर भी कर चुके हैं। अहान शेट्टी ने बीते दिनों एक पोस्ट शेयर कर इस फिल्म से खुद को जुड़ने पर अपनी खुशकिस्मति बताई थी। बता दें कि अहान शेट्टी के पिता सुनील शेट्टी बॉर्डर फिल्म में अहम किरदार में नजर आए थे। अहान के साथ फिल्म में वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ भी अहम किरदारों में नजर आने वाले हैं। लेकिन फिल्म का दारोमदार अभी भी सनी देओल के मजबूत कंधों पर है। सनी देओल एक बार फिर आर्मी की ड्रेस में तबाही मचाने वाले हैं।

# 'डब्बा कार्टेल' का टीजर रिलीज

ओटीटी प्लेटफॉर्म पर जल्द ही एक नई वेब सीरीज आने वाली है, जिसमें आदमी नहीं बल्कि महिलाएं ड्रग्स माफिया बनकर राज करती दिखाई देंगी। शुक्रवार को इस सीरीज का टीजर रिलीज किया जा चुका है, जिसका नाम है 'डब्बा कार्टेल' है। डब्बा कार्टेल एक क्राइम थ्रिलर सीरीज है, जिसका निर्देशन हितेश भाटिया ने किया है। सीरीज में शबाना आजमी, ड्रग डिलीवरी करने वाली महिलाओं की सरगना बनी हुई हैं। इसकी कहानी शुरु होती है कुछ ऐसी महिलाओं से जो घर चलाने के लिए एक छोटा खाने वाला डब्बा बेचती हैं। उनकी किस्मत तब बदल जाती है, जब उनकी मुलाकात एक ड्रग माफिया से होती है। 'डब्बा कार्टेल' को लेकर 31 जनवरी को बड़ी अनाउंसमेंट हुई। मेकर्स ने ना केवल सीरीज का दमदार टीजर रिलीज किया, बल्कि स्ट्रीमिंग डेट से भी पर्दा हटा दिया है। टीजर ने दर्शकों का दिल खुश कर दिया है। 'डब्बा कार्टेल' 28 फरवरी को नेटफ्लिक्स इंडिया पर रिलीज होगी। नेटफ्लिक्स की क्राइम थ्रिलर सीरीज 'डब्बा कार्टेल' में शबाना आजमी के अलावा शालिनी पांडे, अंजलि आनंद, ज्योतिका, श्री प्रकाश मिश्रा, सलीम हुसैन मुल्ला, निमिशा सजायन, जिशू सेनगुप्ता, साईं ताम्हणकर और गजराव राव जैसे सितारे मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। शिबानी दांडेकर ने सीरीज को लेकर कहा, "यह एक लंबी प्रक्रिया रही है। दिलचस्प बात यह है कि जब आपके पास एक छोटा सा विचार होता है और आप लेखकों के साथ बैठते हैं, और एक्सेल एंटरटेनमेंट, नेटफ्लिक्स और हितेश भाटिया के साथ काम करते हैं, तो यह सब बढ़ने लगता है।"



# जाह्नवी ने अपनी फिल्म 'परम सुंदरी' के सेट से शेयर कीं तस्वीरें

सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर इन दिनों केरल में अपनी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'परम सुंदरी' की शूटिंग कर रहे हैं। शूटिंग जोरों पर चल रही है और एक्ट्रेस सेट से फोटो भी साझा कर रहे हैं। हाल ही में जाह्नवी कपूर ने भी सेट से एक और तस्वीर साझा की और इसे अपना पसंदीदा दिन बताया। यह फिल्म इस साल जुलाई में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। जाह्नवी कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक तस्वीर शेयर की है। जिसमें हम दृश्य को कैद करने के लिए कैमरा, लाइट को पूरी तरह तैयार देख सकते हैं। इससे पहले सिद्धार्थ ने एक फोटो भी शेयर की थी जिसमें हम उन्हें नारियल पानी का मजा लेते हुए देख सकते हैं। निर्माताओं ने उनका पहला लुक टीज करते हुए मोशन पोस्टर जारी किया था। वहीं फैंस नई जोड़ी को लेकर काफी उत्साहित हैं। यह फिल्म तुषार जलोटा द्वारा निर्देशित और मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बन रही है। यह एक उत्तर भारतीय पुरुष (सिद्धार्थ मल्होत्रा) और एक दक्षिण भारतीय महिला (जाह्नवी कपूर) के बीच की प्रेम कहानी के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म एक दिल छू लेने वाली प्रेम कहानी का वादा करती है जिसमें दो दुनियाएं मिलती हैं और चिंगारियां उड़ती हैं। केरल के शानदार बैकवाटर के बीच स्थापित यह प्रेम कहानी कॉमेडी, एक्शन और सस्पेंस का एक रोलरकोस्टर है जो आपको खुश कर सकती है। मोशन पोस्टर में सिद्धार्थ मल्होत्रा को एक उत्तर भारतीय व्यक्ति के रूप में और जाह्नवी कपूर को पारंपरिक दक्षिण भारतीय पोशाक में दिखाया गया है।



# मलाइका ने किया नोरा को रिप्लेस

बॉलीवुड की डिवा मलाइका अरोड़ा हमेशा चर्चा में रहती हैं। उनके डांस और पर्सनल लाइफ को फैंस बहुत पसंद करते हैं। इस समय मलाइका एक डांस रियलिटी शो जज कर रही हैं और अब उन्होंने एक और बड़ा ऐलान किया है। मलाइका अब रेमो डिसूजा के साथ 'हिप हॉप इंडिया 2' शो में जज के रूप में नजर आएंगी। 'हिप हॉप इंडिया 2' एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होगा। एमएक्स प्लेयर ने गुरुवार को एक इवेंट में कई नए शोज की घोषणा की, जिनमें 'हिप हॉप इंडिया 2' भी शामिल है। मलाइका ने इस शो का पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया है, और फैंस इस खबर से खुश हैं। हिप हॉप इंडिया के पहले सीजन को नोरा फतेही और रेमो डिसूजा ने जज किया था, लेकिन दूसरे सीजन में मलाइका ने नोरा को रिप्लेस किया है। मलाइका के शो में जुड़ने से उनके फैंस बहुत खुश हैं और वे पोस्ट पर कमेंट कर रहे हैं और उनका स्वागत कर रहे हैं।

एमएक्स प्लेयर ने इस शो का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'ग्रूव करने के लिए रेडी हो जाइए इंडिया, 'हिप हॉप इंडिया 2' जल्द ही एमएक्स प्लेयर पर आ रहा है।'

इस पोस्ट में मनीषा रानी को भी टैग किया गया है, जो शो का हिस्सा होंगी। मनीषा के फैंस भी इस खबर से बहुत खुश हैं और वे सोशल मीडिया पर कमेंट कर रहे हैं।



# उत्साह से मनाया आशापुरा माता मंदिर का पाटोत्सव, जयकारों से गूंजा धाम


## धूमधाम के साथ मनाई महाराव लाखणसी चहुआण की जयंती



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** अनंत आद्यशक्ति राजराजेश्वरी आशापुरा माता मंदिर का पाटोत्सव एवं महाराव लाखणसी चहुआण का 1081वां जयंती समारोह उत्साह व उमंग के बीच पूर्ण श्रद्धा के साथ मनाया गया। आयोजन के दोरान पूरा मंदिर परिसर आराध्य के जयकारों से गूंजता रहा।

कृष्णभक्त दाता महेन्द्रसिंह राणावत गुडा मांगलियान, गोपालराम महाराज गढ सिवाणा के संत साह्निध्य में आयोजित समारोह में राजेन्द्रसिंह राठौड़ पूर्व मंत्री, पुष्पेन्द्रसिंह राणावत पूर्व मंत्री व विधायक बाली, चन्द्रभानसिंह आक्या विधायक चित्तोड, पंकजकुमारसिंह रेल मेडल प्रबेधक जोधपुर, महाराज देवतसिंह सिरोही तथा संरक्षक सरकार हिम्मतसिंह घाणेराव, राव भंवरसिंह डोडीयाली, राव महाराजसिंह जोजावर, ठा महिपालसिंह बिसलपुर, राणा गजेन्द्रसिंह वाव का आतिथ्य रहा। ट्रस्टी एवं मेला आयोजन कमेटी के प्रभारी एडवोकेट शैलेन्द्रसिंह श्रीसेला ने बताया कि ट्रस्ट के अध्यक्ष ठा करणसिंह उचियारडा के साह्निध्य में सभी ट्रस्टियों की ओर से अतिथियों का परंपरानुसार स्वागत अभिनंदन किया गया। ट्रस्ट की वर्तमान गतिविधियों एवं आगामी कार्य योजना की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। जिसमें अगले दो वर्ष में 200 करोड से ज्यादा राशि का निर्माण एवं विकास कार्य करने सहित अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं शामिल हैं।







### भजनों पर जमकर झूमे श्रोता

*इससे पहले गुरुवार रात को विशाल भजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रवणगिरी नागौरी एवं पार्टी ने गणपति व गुरु वंदना के बाद आशापुरा माता को समर्पित एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। माताजी ऊंचे है थारो धाम, महिमा है अपरंपार..., थाने तो मनाऊं म्हारी आशापुरा मां...जैसे एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर ऐसा समां बांधा की श्रोता देर रात तक भक्ति सरिता में गौते लगाते रहे।*

### आयोजन की सफलता में इनका रहा सहयोग

*कार्य म में कोषाध्यक्ष भगवतसिंह गुडला, ट्रस्टी चेनसिंह कोट किशनपुरा, ग्यावत पीथाराम नाडोल, रंगराज नाडोल, जोरसिंह नाडोल, सिद्धराजसिंह पीलुडा, प्रवीणसिंह मालपुरा, राणा देवीसिंह सुराचन्द, शैतानसिंह सेंदला, जनकसिंह सियाणा, छोटुसिंह इन्द्रोका, जितेन्द्रसिंह जोडवास तथा स्टाफ लालसिंह, योगेन्द्रसिंह, परबतसिंह, प्रहलादसिंह, दुर्गासिंह, रोहिताशसिंह, माधुराम, रमेशकुमार, कालुराम, दिनेशकुमार, पूराराम का सहयोग रहा।*

## सरगरा समाज की सुश्री सारा राज बनी पहली महिला पायलट

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** सरगरा समाज की सुश्री सारा राज पुत्री उगमराज पंवार भारतीय एयरपोर्ट में हवाई जहाज की पायलट बनी है। उनकी इस उपलब्धि पर समग्र सरगरा समाज ने खुशी जताई है। कस्बे के योग गुरु मांगूनाथ महाराज ने बताया कि सरगरा समाज की पहली महिला पायलट बनने से समाज के युवाओं में अदभूत प्रेरणा का संचार हुआ है। कस्बे के अधिवक्ता सुरेश मारू समेत सरगरा समाज के कई गणमान्य लोगों ने खुशी व्यक्त की।



## राज्यपाल माथुर ने नवदंपती को दिया आशीर्वाद



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** बाली में एक विशेष विवाह समारोह में सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर ने कस्बे में पूर्व विधायक अमृत परमार की पोती के विवाह समारोह में शिरकत कर नव दंपती को आशीर्वाद प्रदान किया। माथुर के आगमन पर परिवार जनों ने उनका स्वागत सम्मान किया। माथुर ने अमृत परमार की पोती एवं समाजसेवी व वैष्णोदेवी माता मंडल के संयोजक नरेंद्र परमार की पुत्री हर्षा के विवाह समारोह में पहुंच नवदंपती को आशीर्वाद प्रदान किया व परिवारजनों को शुभकामना दी।

## पैंथर ने बकरियों को बनाया शिकार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नारलाई/बाली।** निकटवर्ती कोठार गांव में कंजर्वेशन एरिया में लगातार पैंथर का कुनबा बढ़ रहा है। पैंथर के आए भेड़ बकरियों व मवेशियों पर हमला कर शिकार बनाने से पशुपालकों व ग्रामीणों में भय व्याप्त है। ग्रामीण के अनुसार कोठार व आसपास ग्रामीण इलाकों में पैंथर का लगातार मुवमेंट अब परेशानी पैदा कर रहा है। इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी गई है। इस बीच पैंथर कोठार ग्वाला की ढाणी में पोमाराम देवासी के मकान के पास बने बाड़े में घुस गया एवं बकरी को शिकार बना लिया। बकरी के एक बच्चे को मुंह में दबाकर ले जाने का प्रयास किया। लेकिन जाग होने जाने व पशुपालक के चिल्लाने की आवाज सुनकर पैंथर शिकार को छोड़कर फरार हो गया।



## युवक ने फंदा लगा की आत्महत्या



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** समीपवर्ती आना गांव में एक युवक ने रात्रि में गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थानाधिकारी के अनुसार परिजनों को सुबह इसकी जानकारी मिली। जिस पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। इस पर हेड कांस्टेबल रघुवीर मीणा मय जाब्ता मौके पर पहुंचे एवं शव को उतरवा कर मोर्चरी पहुंचवाया। उन्होंने बताया कि गांव निवासी प्रकाश उर्फ पकाराम (26) पुत्र भूराराम प्रजापत ने अज्ञात कारणों से आत्महत्या की है। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया।

# मुंडारा में कल बसंत पंचमी पर भरेगा चामुंडा माता का मेला

### तैयारियां अंतिम चरण में

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंडारा।** मुंडारा स्थित प्रसिद्ध चामुंडा माता मंदिर में रविवार को बसंत पंचमी के अवसर पर भव्य वार्षिक मेला आयोजित किया जाएगा। चामुंडा माता मंदिर ट्रस्ट और मंदिर प्रबंधन समिति की देखरेख में होने वाले इस मेले में प्रदेश सहित अन्य राज्यों से भी हजारों श्रद्धालु शिरकत करेंगे। मंदिर प्रबंधन समिति अध्यक्ष व उपखंड अधिकारी बाली दिनेशकुमार विश्नोई के अनुसार यह मेला हर साल बसंत पंचमी के दिन आयोजित किया जाता है। तहसीलदार बाली जितेंद्रसिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। मंदिर परिसर में पेयजल की व्यवस्था की गई है। वाहनों की पार्किंग के लिए उच्च प्राथमिक स्कूल नंबर 3 का परिसर और मंदिर के पास की कृषि भूमि चिह्नित की गई है। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस थाना सादड़ी और पुलिस चौकी लाटाडा की टीमें तैनात रहेंगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंडारा में चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। व्यापारियों को मंदिर परिसर में अस्थायी दुकानें निःशुल्क आवंटित की जाएंगी। राज्यमंत्री पुजारी ओटाराम देवासी ने मंदिर के ऐतिहासिक महत्व को बताते हुए कहा कि संवत 1885 में मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद बसंत पंचमी के दिन इसकी प्रतिष्ठा की गई थी। तभी से हर वर्ष इस दिन मेले का आयोजन किया जाता है। मेला व्यवस्था को सफल बनाने में मंदिर के मुख्य ट्रस्टी गजेंद्रसिंह करणोत, मुंडारा सरपंच प्रवीण वैष्णव और स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता स ि य योगदान दे रहे हैं।



# जिला कलक्टर ने किया आरएएस परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिला कलेक्टर एलएन मंत्री ने शुक्रवार को जिले के फालना में रविवार को होने वाली आरएएस प्रारंभिक परीक्षा के लिए एग्जाम सेंटर्स का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट भी साथ थे। अतिरिक्त जिला कलक्टर बाली शैलेन्द्रसिंह, उपखंड अधिकारी दिनेश विश्नोई सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



## जिलेभर में 11 स्थानों पर लगेंगे मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग शिविर

### पहला कैंप 3 फरवरी को सीएससी रोहट में

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर के अंतर्गत फरवरी माह में जिले के 11 स्थानों पर मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में सामान्य कैंसर, जिसमें स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, ओरल कैंसर, फेफड़ों का कैंसर की स्क्रीनिंग की जाएगी एवं स्क्रीनिंग टेस्ट में पॉजिटिव पाए जाने पर रोगियों को उच्च उपचार के लिए जोधपुर के मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में संबंधित विभागों के लिए रेफर कर उपचार किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ.विकास मारवाल ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से कैंसर की पहचान व जल्द निदान के लिए प्राप्त मोबाइल कैंसर डिटेक्शन वैन जोधपुर मेडिकल कॉलेज से पाली जिले में कैंपों के लिए भिजवाई जा रही है। जिले में 11 स्थानों पर आयोजित होने वाले कैंपों के लिए जोधपुर से विशेषज्ञ चिकित्सको की ड्यूटी जोधपुर मेडिकल कॉलेज से लगाई गई है। उन्होंने बताया कि शिविरों के तहत 3 फरवरी को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रोहट में, 5 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वायद में, 7 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुंदोज में, 10 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानी में, 12 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाडोल में, 14 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडेराव में, 17 को उप जिला अस्पताल सुमेरपुर में, 19 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तखतगढ़ में, 21 को जिला अस्पताल सोजत में, 24 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंडावल नगर में तथा 27 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगड़ी नगर में आयोजित किया जाएगा।

## घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग जयपुर के निर्देशानुसार सम्पूर्ण जिले में घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के दुरूपयोग/अवैध रिफिलींग इत्यादि के विरूद्ध संचालित प्रतिष्ठानों/दुकानों/गोदामों इत्यादि के विरूद्ध कार्यवाही जारी है। जिला रसद अधिकारी मनजीत सिंह ने बताया कि पाली जिले में शुक्रवार को गुलजार चौक स्थित एक प्रतिष्ठान मुफतलाल नमकीन वाला (फेम्स फाफडा) में संयुक्त जांच दल द्वारा जांच करने पर गैस सिलेण्डरों का अवैध भण्डारण एवं व्यावसायिक उपयोग किया पाए जाने पर 7 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किए गए।

# प्री-लिटिगेशन लोक अदालत 15 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार भारतीय स्टेट बैंक के अनुरोध पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के क्षेत्राधिकार से संबंधित ऋष्ठा खातों के लिए 15 फरवरी 2025 को जिला मुख्यालय व तालुका मुख्यालय पर विशेष प्री-लिटिगेशन लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष प्री-लिटिगेशन लोक अदालत के दौरान भारतीय स्टेट बैंक के विभिन्न ऋष्ठा खातों के संबंध में लोक अदालत नोटिस जारी किए जाएंगे एवं इन प्रकरणों को 15 फरवरी को प्री-लिटिगेशन लोक अदालत के समक्ष रखा जाएगा। इसी ' म में वि' मसिंह भाटी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश) पाली की अध्यक्षता में एसबीआइ के बैंक अधिकारियों के साथ इस विशेष प्री-लिटिगेशन लोक अदालत के सफल ि यान्वयन के लिए बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भाटी द्वारा प्रकरणों को समय पर प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिए ताकि पक्षकारान को समय पर नोटिस जारी किया जा सके। इसके साथ ही नोटिस जारी करने एवं उनकी तामील करने के कार्य में सहयोग प्रदान करने के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए। बैठक में धर्मेंद्रकुमार बैरवा लीड बैंक मैनेजर पाली, अरविन्द चौहान एसबीआइ कलक्ट्रेट, नरेंद्रसिंह एसबीआइ पाली शहर, राहुल जैन एसबीआइ सुराणा मार्केट, विकास रामावत एसबीआइ पुनायता, नीरज आसेरी एसबीआइ औद्योगिक क्षेत्र, सुमन माली एसबीआइ नया गांव आदि उपस्थित रहें।



## पंचायत में अटल प्रेरक नियुक्त करवाने की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंडारा।** बाली ब्लॉक के इ-मित्र प्लस ऑपरेटरों की ओर से बेडल जाकर सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप ग्राम पंचायतों में कार्यरत इ-मित्र प्लस ऑपरेटर्स को ग्राम पंचायत में अटल प्रेरक नियुक्त करवाने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि राजस्थान की प्रत्येक ग्राम पंचायत में इ-मित्र प्लस ऑपरेटर लगे हुए है जो पिछले 13 वर्षो से इ मित्र संचालन के साथ समस्त ग्राम पंचायत के ऑनलाइन-ऑफलाइन कार्य बिना मानदेय के कर रहे है। इस कार्य के लिए सरकार या ग्राम पंचायत में कोई भी मानदेय नहीं दिया जा रहा है। महंगाई के युग में इस अल्प आय से परिवार का भरण पोषण भी नहीं हो पा रहा है। ऐसे में इमित्र प्लस ऑपरेटर को संविदा केडर में लेकर अटल प्रेरक पद पर नियुक्ति की जाए। जिलाध्यक्ष डूंगाराम देवासी के अनुसार ज्ञापन देने के दौरान रवि दत्ता (ब्लॉक अध्यक्ष), दिनेश परमार, ओमप्रकाश, पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल लोंगेशा, धर्मेंद्र मेवाड़ा आदि मौजूद थे। माथुर ने सहयोग का भरोसा दिलाया।



## निःशुल्क जन कल्याण शिविर आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरित होकर भाजपा कार्यकर्ता नरेंद्र सुथार करणवा की ओर से स्वयं के व्यय पर निःशुल्क जन कल्याण शिविर आयोजित करवा लोगों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करवाने का प्रयास किया गया। सुथार का कहना है कि गांव में बैठे अंतिम व्यक्ति तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचना चाहिए। शिविर में लगभग 4 हजार लोग पहुंचे। कई लोगों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। बीपी, शुगर की भी जांच कर लाभान्वित किया गया। सुथार ने बताया कि कुल 27 ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर आयोजन का लक्ष्य रखा था पर 4 ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित नहीं हो सके। शेष में शिविर आयोजित किए गए।

## खिवांदी स्कूल में 212 विद्यार्थियों का जांचा स्वास्थ्य

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** खिवांदी गांव रामदेव कॉलोनी स्थित पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शुक्रवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अलग-अलग विभाग के चिकित्सकों की टीम ने 212 विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच की। मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोविंदसिंह चुंड़ावत, डॉ. चित्रा राठौड़, डॉ. ताराचंद, डॉ. नरेश, फार्मासिस्ट मोडाराम, नर्सिंग स्टाफ अशोककुमार, चेतनकुमार, कविता सोलंकी, बींजाराम मीणा ने विद्यार्थियों की शुगर जांच, हिमोग्लोबिन, नेत्र परीक्षण व अन्य बीमारियों का पता लगाकर उपचार किया और बीमारियों से बचने के सुझाव दिए। अभिभावकों से बालकों की किसी पुरानी बीमारी से संबंधित जानकारी लेकर चिकित्सक टीम से उचित परामर्श लेने के लिए प्रेरित किया गया। नरेशकुमार बागड़ी ने छात्रों को मिलने वाले अंग उपकरणों, चश्मा के बारे में जानकारी प्रदान की। मुकेश मराठा, घनश्यामसिंह, शैलेन्द्र कुमार, शम्भूसिंह, विजय राजपुरोहित ने सभी छात्रों का बारी-बारी से स्वास्थ्य जांच करवाने में सहयोग किया। हेल्थ कैंप में पीइओ गोविंददास एवं एसएमसी अध्यक्ष नारायणलाल, वार्ड पंच दिनेश चौहान उपस्थित रहे।

## रोड सेफ्टी थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता, विजेताओं को किया पुरस्कृत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के तहत ब्यावर-पाली-पिंडवाड़ा टोल वे प्राइवेट लिमिटेड व पुलिस प्रशासन गुड़ा एंदला के संयुक्त तत्ववधान में श्रीमती भवरीदेवी घेवरचंद सुराणा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बालराई में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर रूट मैनेजर मूलचंद खींची ने कहा कि सड़क सुरक्षा का संदेश घर-घर तक पहुंचाना है तो इसे बच्चों के माध्यम आसानी और प्रभावी तोर से पहुंचाया जा सकता है। क्योंकि बच्चों द्वारा बिना हेल्मेट के वाहन चलाने, सीट बैल्ट नही लगाने, शराब पीकर वाहन चलाने, तेज गति से वाहन चलाने आदि पर टोकने से अभिभावकों पर भावनात्मक और मानसिक प्रभाव पड़ता हैं। इस अवसर पर एएसआइ रतनलाल ने सड़क व यातायात नियमों की जानकारी के साथ मोबाइल का उपयोग सीमित मात्रा में करने का संदेश दिया। बालराई सरपंच केशाराम कुमावत ने सड़क पर चलते वक्त सावधनी रखने व यातायात नियमों का पालन करने की बात कही। इस अवसर पर प्रधानाचर्य ओमप्रकाश, नारायणलाल, सविता, रेनू तंवर, आरती, देवकी मेघवाल, मधुलता, भंवरलाल, दिलीप, रूट पेट्रोलिंग टीम के कुपाराम मीणा, इमरान खान, राहुल, भरत, भंवर सिंह, एम्बुलेंस स्टाफ मदन शावर, श्रवण कुमार, गुड़ा एंदला पुलिस के अरविन्द, दौलतराम आदि उपस्थित थे। कार्य म में रोड सेफ्टी थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पहले स्थान पर संतोष, दूसरे स्थान पर प्रियंका व तीसरे स्थान पर खुशबू रही। प्रश्नोत्तरी कार्य म आयोजित कर विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।



## सुमेरपुर की दक्षा बीएसी में प्रथम, मिला गोल्ड मेडल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा में आयोजित 17वें दीक्षांत समारोह में सुमेरपुर निवासी दक्षा गोस्वामी पुत्री पूरणपुरी गोस्वामी के बीएससी में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बांगडे, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा के कुलपति एवं पंजाब विश्वविद्यालय के कुलपति ने विश्वविद्यालय में बीएससी में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर दक्षा को गोल्ड मेडल पहनाकर एवं बीएससी की डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया।



# सज्जन शक्ति की सक्रियता और संगठन से भारत बनेगा विश्व गुरु : योगेन्द्रकुमार

## » राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क विभाग के तत्वावधान में प्रबुद्धजन संगोष्ठी का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्र के सह संपर्क प्रमुख योगेंद्र कुमार ने कहा कि देश के सज्जन लोगों को सक्रिय होने एवं संगठित होने की आवश्यकता है। सज्जन शक्ति की सामूहिक शक्ति के आधार पर ही भारत पुनः विश्व गुरु बन सकता है। वे गुरुवार को आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क विभाग द्वारा आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे।



उन्होंने कहा कि आरएसएस इस वर्ष विजयदशमी पर अपने 100 वर्ष पूरे करने जा रहा है। सौ वर्ष के लंबे कालखंड में संघ की यात्रा के विभिन्न आयामों के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि संघ की यात्रा केवल संगठनात्मक नहीं है, बल्कि यह एक विचारधारा की यात्रा है जो समाज के हर वर्ग को एकजुट कर भारत को सांस्कृतिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से एक सशक्त राष्ट्र बनाने की दिशा में कार्यरत है। उन्होंने कहा कि हजार वर्षों के सतत् संघर्ष के उपरांत जनमानस में व्याप्त हताशा निराशा के भाव को स्व में बदलकर स्वाधीनता आंदोलन की प्रेरणा दे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में समाज को दिशा दिखाने एवं व्यक्तित्व निर्माण की पद्धति देश में किस तरह विकसित हो का विचार कर 1925 में विजयादशमी के दिन डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। उन्होंने संघ के माध्यम से एक ऐसे समाज का निर्माण करने का संकल्प लिया, जो देश और समाज के लिए जी सके। वर्ष 1947 से पूर्व व वर्तमान समय में संघ के काम की जब तुलना करते है तो आज देश भर में 55 हजार से अधिक स्थानों पर 70 हजार से ज्यादा संघ की शाखाएं लग रही है। जिसमें व्यक्तित्व निर्माण का कार्य किया जा रहा है। संघ का लक्ष्य भारत को वैभव संपन्न बनाना है। इसके लिए शिक्षा, विद्यार्थी, राजनीति, मजदूर, वनवासी समाज, किसान आदि क्षेत्रों में भारत के शाश्वत् राष्ट्रीय विचार से प्रेरित विविध संगठन आरम्भ हुए। संघ की शाखा सभी मत पंथ या संप्रदाय के लोगों के लिए खुली है। सभी भारत माता को मातृभूमि मानें और उसके प्रति सम्मान रखें। संघ के स्वयंसेवक विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक कल्याण के लिए कार्यरत है।

### एकजुट हुआ है हिंदू समाज

जनजाति क्षेत्रों में वनवासी कल्याण आश्रम, सीमावर्ती क्षेत्रों में सीमाजन कल्याण समिति और शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती काम कर रही है। पहले यह धारणा थी कि हिंदू समाज को संगठित करना कठिन है। लेकिन आज हिंदू समाज समरस और एकजुट हुआ है। रामसेतु के संकट या अमरनाथ श्राइन बोर्ड हो या हिन्दू आस्था या समाज पर आए संकट का सब ने संगठित होकर उसका प्रतिकार किया और अपनी एकता और जागरूकता का परिचय दिया है। हिन्दुत्व से विश्व का कल्याण है, संघ जब हिंदू, हिंदुत्व और हिंदू राष्ट्र के बारे में जब बात करता है तो उसका मतलब सारे विश्व के कल्याण की मंगलकामना, सभी लोग सुखी हो सर्वे भवन्तु सुखिः हो का भाव होता है।

### दुर्जन शक्तियां हिन्दुत्व में नाम पर कर रही दुष्प्रचार

कुछ दुर्जन शक्तियां हिन्दुत्व के नाम पर दुष्प्रचार कर हिन्दू समाज को जातियो में बांटने का प्रयास कर ही है किन्तु सज्जन शक्ति उनके इस कूकृत्य को सफल नहीं होने दे रही है। अलग अलग कालखण्डो में महापुरूषों ने देश में अपने कार्यों से स्व के भाव का जागरण कर समाज व धर्म को आगे ले जाने का कार्य किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी यही कार्य कर रहा है।

### बढ़ रही है भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा

उन्होंने कहा कि भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ रही है। आज सैन्य, आर्थिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भारत एक महाशक्ति के रूप में उभरा है। सर्जिकल स्ट्राइक, कोरोना काल में वैक्सीन उपलब्धता का विश्वव्यापी प्रसार भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रमाण है। भारत को कमजोर करने के लिए विदेशी षड़यंत्रकारी सर्ि य है वे देश में सोशल मीडिया के माध्यम से जातिवाद, सांप्रदायिकता और सांस्कृतिक विभाजन जैसे मुद्दों का दुष्प्रचार कर रहे है। सनातन विरोधी विदेशी ताकतें भारत की संस्कृति और सनातन जड़ों को कमजोर करने में लगी हुई हैं। वर्तमान में इस चुनौती के समाधान के लिए हम सभी संगठित रह कर सामाजिक समरसता को बनाये रखने का प्रयास करना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक डॉ जगदीश आर्य के सानिध्य एवं जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह आढ़ा की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी में प्रबुद्ध जनो के प्रश्नों के भी सह संपर्क प्रमुख ने जवाब दिए। कार्य' म से पूर्व भारत माता की तस्वीर के समक्ष अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन किया।

## न्यूज ब्रीफ

### पथ संचलन की तैयारियों पर चर्चा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** आमथला गांव में 9 फरवरी को होने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन की तैयारी को लेकर आमथला मंडल की शाखाओं, कारोली, मुदरला, क्यारा, गोलिया, कैमल रॉक की बैठकों का आयोजन किया गया। पथ संचलन में अधिकाधिक भागीदारी तय करने गुरुवार रात्रि कारोली गांव के महादेव मन्दिर परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में खंड कार्यवाह नरपतसिंह ने संघ के शताब्दी वर्ष पर प्रकाश डाला। पथ संचलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। सभी स्वयंसेवक को गणवेश पूर्ण करने के लिए कहा गया। बैठक में आमथला उपखंड कार्यवाह संजय कुमार, मंडल कार्यवाह अशोक नामदेव, शाखा कार्यवाह आमथला अभिषेक पुरोहित, गोपालसिंह, अनिल गरासिया, उज्जवलसिंह, यशवंतसिंह, प्रीतमसिंह, शैतानसिंह, भरतसिंह, दिनेशसिंह व नए पुराने स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### सेंट जोंस स्कूल के विद्यार्थियों ने की सामुदायिक सेवा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** सेंट जोंस स्कूल के कक्षा नवम के विद्यार्थियों ने सामुदायिक सेवा प्रोजेक्ट के तहत कार्य कर सराहनीय पहल की। कक्षा अध्यापिका श्रीमती माधुरी तिवारी व श्रीमती सुधा चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में छात्रों ने अपने खर्चों से बचत की। एकत्रित धनराशि से कारोली राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन के लिए थालियों की व्यवस्था की। सेंट जॉन्स स्कूल के छात्रों ने न केवल राजकीय विद्यालय के छात्रों को थालियां भेंट की बल्कि, गिफ्टिंग, केयरिंग और शेयरिंग की भावना के साथ एक सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम भी आयोजित किया। मेजबान विद्यालय के छात्रों ने शिक्षकों को समर्पित समूह गीत, देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। नैतिक कहानियां सुनाईं। छात्रों ने स्वच्छता और संतुलित आहार पर विचार साझा किए। सेंट जॉन्स स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती उमा श्याम ने कहा कि उनका विद्यालय छात्रों को सामुदायिक सेवा के लिए प्रेरित करता है।

### वृद्धा ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** समीपवर्ती धामसरा में एक वृद्धा ने पेड़ पर रस्सी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सदर पुलिस के अनुसार धामसरा में जंगल में एक पेड़ से वृद्धा का शव लटके होने की सूचना मिली। वृद्धा की पहचान धामसरा निवासी 55 वर्षीय बबली पत्नी जोराराग गरासिया के रुप में हुई। ग्रामीणों के सहयोग से शव को नीचे उतरवा मोर्चरी पहुंचाया गया। पुलिस ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

## थानाधिकारी की कार से स्कूटी चालक घायल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** तलहटी क्षेत्र में माउंट आबू थानाधिकारी प्रदीप डांगा की कार की टक्कर से स्कूटी चालक घायल हो गया। सदर पुलिस के अनुसार कार की टक्कर में स्कूटी सवार सुरेशकुमार घायल हो गया। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जहां माउंट आबू थानाधिकारी मौजूद मिले एवं पता चला कि थानाधिकारी की कार से ही यह हादसा हुआ है। इस बीच घायल सुरेश एक महिला कांस्टेबल का देवर निकला। इस पर दोनों पक्षों में समझाइस की गई। इसी के चलते मामला दर्ज नहीं किया गया।

## सनसिटी कॉलोनी में पेयजल किल्लत पर फूटा आक्रोश

### जलदाय विभाग व यूआइटी अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** मानपुर क्षेत्र स्थित सनसिटी में लंबे समय से पेयजल किल्लत के चलते लोगों का शुक्रवार को आक्रोश फूट पड़ा। कॉलोनीवासी जलदाय विभाग पहुंचे। समस्या समाधान की मांग की। मांग के समर्थन में ज्ञापन सौंपा। इसी क्रम में लोगों ने यूआइटी में जाकर ज्ञापन देकर समस्या समाधान की गुजारिश की।मानपुर क्षेत्र की सनसिटी क्षेत्र के रहवासी पेयजल समस्या से त्रस्त है। लोगों को अन्य विकल्प से जलापूर्ति करने पर विवश होना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि समय-समय पर जलदाय विभाग व यूआइटी को कई बार अवगत करवाया गया। समस्या समाधान की मांग की गई। लेकिन, पानी की समस्या का समाधान करने की जेहमत नहीं उठाई गई। ऐसे में आगामी ग्रीष्म ऋतु में लोगों को खासी दुश्वारियां का सामना करना पड़ेगा। सनसिटी के वाशिंदों ने यूआइटी कार्यालय पहुंच एक बार फिर अपनी समस्या का समाधान करने की गुजारिश की। मांग के समर्थन में दोनों विभाागों के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सनसिटी के निवासी मौजूद थे।



## सांसद चौधरी ने डीपीआर बनाने मुख्यमंत्री भजनलाल से की मुलाकात

### माही-कडाना का पानी संसदीय क्षेत्र में उपलब्ध करवाने का मामला

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जालोर सांसद लुम्बाराम चौधरी ने जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से उनके आवास पर मुलाकात कर डब्लूआरसीपी योजना के तहत माही-कडाना के पानी को संसदीय क्षेत्र हेतू उपलब्ध करवाने की मांग को लेकर पत्र सौंपा। इसके साथ ही जल्द डीपीआर बनवाने का भी आग्रह किया। पत्र में चौधरी ने बताया कि मानसून में माही नदी, सोम नदी एवं जाखम नदी का पानी कडाना बांध से ओवरफ्लो होकर समुंद्र में व्यर्थ बह जाता है। वर्ष 1984 से 2022 तक औसत प्रतिवर्ष 125 टीएमसी व्यर्थ बह गया है। इस हेतु राजस्थान सरकार द्वारा वाप्कोस कम्पनी से उक्त व्यर्थ बहकर जाने वाले पानी को डायवर्ट कर पश्चिमी राजस्थान को देने हेतु राजस्थान सरकार द्वारा फिजिबिलिटी रिपोर्ट हेतु वाप्कोस कम्पनी को 26.43 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी की हैं। वाप्कोस कम्पनी द्वारा रिवाइज्ड इंसेप्शन रिपोर्ट 2 दिसंबर 2024 के अनुसार 35 टीएमसी पानी कडाना बांध से ओवरफ्लो के रूप में 50 प्रतिशत निर्भरता पर उपलब्ध है। जिसकी पुष्टि अधिशाषी अभियंता जालौर के पत्र 30 जुलाई 2024 एवं 3 दिसंबर 22024 से होती है।



### नर्मदा पेयजल योजना से जुड़े है 216 गांव

जालोर जिले को नर्मदा पेयजल योजना से जोड़ा गया है मगर समय पर आपूर्ति नहीं होने से आमजन प्रभावित हो रहा है। जालोर क्षेत्र में 216 गांव ऐसे है जो नर्मदा पेयजल से जुड़े हुए है, मगर वहां पर्याप्त मात्रा में नर्मदा जल उपलब्ध नही होने के कारण स्थानीय स्त्रोतों से उपलब्ध जल को मिक्स कर सप्लाई किया जाता है। जिसमें 2.50 पीपीएम फ्लोराइड रहता है जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। हाल ही में आप द्वारा प्रासंगिक पत्र 18 जून 2024 केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री को प्रेषित कर कडाना बांध के मानसून में ओवरफ्लो में से 25 टीएमसी माही जल को जालोर को उपलब्ध करवाने हेतु गंभीरता पूर्वक विचार कर राजस्थान एवं गुजरात राज्य के राज्य स्तरीय अधिकारियों की मिटिंग बुलाकर निष्कर्ष तक पहुंचने का निवेदन किया गया है। रिवाइज्ड इंसेप्शन रिपोर्ट (सर्वे फिजिबिलिटी) रिपोर्ट चीफ इंजीनियर आरआरबी जयपुर को विभाग द्वारा प्रेषित कर दी गई हैं। ताकि जालोर सिरोही की जनता को समय पर इसका लाभ मिल सके।

### पैरवी के लिए इन्हें भी लिखा पत्र

इस दौरान जिले के प्रभारी मंत्री केके विश्नोई, पंचायतराज्य मंत्री व सिरोही विधायक ओटाराम देवासी, मुख्य संचेतक एवं जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग को भी बजट सत्र के दौरान माही कडाणा के पानी के लिए डीपीआर बनवाने हेतु राज्य सरकार में पैरवी करने बाबत् पत्र लिखा गया है। मुख्यमंत्री आवास पर जिले के प्रभारी मंत्री केके विश्नोई, राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, विधायक समाराम गरासिया, धनाराम मीणा किसान संघर्ष समिति के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

## घर पर पथराव, तलवार के हमले में वृद्ध घायल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** कुंई कट के पास स्थित एक मकान पर करीब डेढ़ दर्जन लोगों ने पथराव कर दिया। मकान के दरवाजे पर तलवार से वार किया। हमले में एक वृद्ध घायल हो गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सदर पुलिस के अनुसार कुंई कट के पास के रहवासी शेरु खान ने बताया कि वह जोधपुर में निवास करता है। कुछ दिन पहले ही घर आया है। 29 जनवरी की रात को क्षेत्र के ही एक युवक ने उसके करीब डेट दर्जन साथियों के साथ उसके घर पर हमला कर दिया। घर पर जमकर पथराव किया। तलवार से घर के दरवाजे तोड़ दिए। हमले में उसका पिता भूरे खान घायल हो गए। बताया जा रहा है कि बहरहाल पुलिस की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है।

## महाकुंभ में अपनों से बिछड़ी वृद्धा, श्रद्धालुओं ने पहुंचाया घर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में पाली की एक वृद्धा अपने परिजनों से बिछड़ गई। आबूरोड से पहुंचे श्रद्धालुओं को वृद्धा रोती हुए मिली। श्रद्धालु वृद्धा को अपने साथ बस में लेकर पाली पहुंचे। वृद्धा के परिजनों को सूचना दी गई। वृद्धा को सकुशल पाकर परिजनों की रुलाई फूट पड़ी। उन्होंने श्रद्धालुओं का माल्यार्पण कर स्वागत सत्कार कर आभार जताया। तलहटी निवासी रितेश सूर्यवंशी व सुरेश सेन ने बताया कि वह 27 जनवरी को बस से तलहटी से रवाना हुए। निजी ट्रावेल्स की बस में सवार 38 श्रद्धालु मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में पहुंचे। प्रयागराज में श्रद्धा की डुबकी लगाई। आस्था की डुबकी लगाकर लौटते समय एक बुजुर्ग महिला रोती हुई मिली। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम प्यारीदेवी हीरागर व पाली की निवासी होना बताया। इस पर वृद्धा को बस में मौजूद महिलाओं के साथ बैठाया। महाकुंभ से लौटने के दौरान पाली पहुंचे। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने रुंधे गले से बस में सवार श्रद्धालुओं का मल्यार्पण कर स्वागत किया। आबूरोड के श्रद्धालुओं का आभार जताया।



## विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** राजकीय महाविद्यालय में साइबर जागरुकता अभियान मनाया गया। साइबर सुरक्षा विषय पर व्याख्यान का आयोजन हुआ।शहर कोतवाल हरचंद देवासी ने विद्यार्थियों को यूपीआइ, सोशल मीडिया, एआइ, फ्रॉड लिंक से होने वाले विभिन्न साइबर अपराधों व बचाव के उपायों की जानकारी दी। साथ ही यातायात सुरक्षा संबधी नियमों से भी अवगत कराया। कालिका पेट्रोलियम यूनिट सदस्य श्रीमती सुलोचना, सुगना व सुंदर ने विद्यार्थियों को राजकॉप सिटिजन एप की जनकारी दी। एप डाउनलोड करने की प्रक्रिया बताई। प्राचार्य डॉ. अंशुरानी सक्सेना ने धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्यार्थियों से साइबर अपराध से रखने वाली सावधानियों व उपायों को ज्यादा से ज्यादा घर के सदस्यों व अपने आप-पास के लोगों तक साझा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक आचार्य नेहा कुमारी ने किया। कार्यक्रम में सहायक आचार्य प्रताप चौहान, आसुराम, खेताराम घांची, भवंरलाल सोलंकी व सुनील कुमार ने सहयोग प्रदान किया।





# राजस्थानः धर्म परिवर्तन रोकने को बनेगा कानून

## राज्यपाल बागडे का अभिभाषण और हंगामा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र शुक्रवार से शुरू हो गया। सत्र के पहले दिन की शुरुआत राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के अभिभाषण के साथ हुई। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद डोटासरा ने सदन की शुरुआत से पहले शांति बनाए रखने का आश्वासन दिया था। हालांकि बाद में विभिन्न मुद्दों को लेकर विपक्ष ने तीन बार हंगामा कर दिया।

इस दौरान सदन में आदिवासी क्षेत्रों में पानी की मांग का मुद्दा गूंजा, पेपर लीक और महाकुंभ के आयोजन को लेकर भी कांग्रेस का हंगामा देखने को मिला। राज्यपाल के अभिभाषण और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के बाद सदन की कार्रवाई सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई है। हालांकि, इससे पहले सरकार की ओर से सदन में चार विधेयक प्रस्तुत किए। इनमें राजस्थान माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2025, भरतपुर विकास प्राधिकरण विधेयक 2025, बीकानेर विकास प्राधिकरण विधेयक 2025 और राजस्थान विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2025 शामिल हैं। अब आने वाले दिनों में इन विधेयकों पर सदन में चर्चा की जाएगी।

### » अभिभाषण में क्या बोले राज्यपाल

अभिभाषण के दौरान राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने पिछली कांग्रेस सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में जल जीवन मिशन घोटाले से देश में राजस्थान की साख खराब हुई है। बाड़मेर के तामलोर गांव के दौरे का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वहां एक झोपड़े के पास प्रधानमंत्री आवास बना था, जहां नल खोलकर देखा तो पानी आ रहा था, मैंने पूछा कि पानी कहां से आया। लोगों ने बताया कि पानी सरदार सरोवर से आया है। 800 किलोमीटर से पानी आया है, तो यह अच्छी बात है। मैं इसका अभिनंदन करता हूं।

### » ऊर्जा क्षेत्र को मिली नई ताकत

राज्यपाल ने ऊर्जा क्षेत्र में हुए सुधारों की चर्चा करते हुए कहा कि पिछली सरकार में प्रदेश का ऊर्जा क्षेत्र संकट में था, थर्मल प्लांट कोयले की भारी कमी से जूझ रहे थे। वर्तमान सरकार ने केंद्र सरकार के मार्गदर्शन और छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से परसा ईस्ट-कांटा बासन कोल ब्लॉक से कोयला खनन पुनः शुरू कराया। इससे अब राज्य की थर्मल इकाइयों को पर्याप्त कोयला मिल रहा है और ऊर्जा क्षेत्र को नई ऊर्जा प्राप्त हुई है।

### राइजिंग राजस्थान लाएगा औद्योगिक क्रांति

राज्यपाल ने सरकार की औद्योगिक नीतियों की सराहना करते हुए राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले ही साल में 35 लाख करोड़ रुपए के निवेश की मजबूत बुनियाद रखी है। राइजिंग राजस्थान के इस कार्यक्रम में 32 देशों ने भाग लिया, जिसमें 16 देश पार्टनर कंट्री बने। 147 एग्जीबिटर्स और 32 हजार से अधिक डेलीगेट्स और विजिटर्स शामिल हुए। 11 नए औद्योगिक क्षेत्रों के लिए 1,282 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए। औद्योगिक क्षेत्रों के विकास और भूमि अधिग्रहण पर 512 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए गए। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट से प्रदेश में औद्योगिक विकास का भाग्योदय होगा, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

### एमपीकेसी परियोजना से बड़ी राहत

राज्यपाल ने एमपीकेसी परियोजना को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से पूर्वी राजस्थान के 17 जिलों में 4 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी। तीन करोड़ से अधिक लोगों को पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार की तरफ से 12 हजार करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। कोटा जिले में कालीसिंध नदी पर नवनेरा बांध का निर्माण अक्टूबर 2024 में पूरा कर लिया गया। यह बांध एमपीकेसी परियोजना के लिए नींव का पत्थर साबित होगा।

### रविन्द्र भाटी ने पहनी अनोखी टीशर्ट

विधानसभा सत्र के पहले दिन कुछ विधायकों ने अपने पहनावे से खास संदेश देने की कोशिश की। इनमें शिव विधायक रविंद्र भाटी 'ओरण बचाओ' लिखी भगवा स्वेट शर्ट पहनकर सदन में पहुंचे। इस स्वेट शर्ट के जरिए उन्होंने गोचर भूमि और चारागाहों के संरक्षण का संदेश दिया। वहीं बामनवास विधायक इंदिरा मीणा समरावता कांड की न्यायिक जांच की मांग लिखी टी-शर्ट पहनकर सदन में पहुंची। उन्होंने सरकार से समरावता कांड में कार्रवाई की मांग की। इसके अलावा नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी अपने गले में नीमकाथाना जिला बहाल करने की मांग को लेकर पोस्टर लटकाकर विधानसभा में पहुंचे। उन्होंने सरकार पर क्षेत्र के साथ भेदभाव का गंभीर आरोप लगाया।

# राजस्थान की पहली लैंण्ड पूलिंग योजना के तहत विकास कार्य प्रारम्भ, जयपुर का होगा समग्र विकास

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा राजस्थान लैंण्ड पूलिंग योजना अधिनियम-2016 के तहत राज्य की पहली लैंण्ड पूलिंग योजना (शिवदासपुरा, बरखेड़ा, चंदलाई) का विकास कार्य 29 जनवरी, 2025 से प्रारम्भ किया गया है। यह योजना किसानों/खातेदारों के हितों को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है, जिसमें पहली बार किसानों/खातेदारों को अवाप्ति के बदले 45 प्रतिशत भूमि देने का प्रावधान किया गया है।

जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत जेडीए के जोन-14 में ग्राम शिवदासपुरा, बरखेडा, चंदलाई में 163 हैक्टेयर भूमि में पहली (प्रथम) 18 मीटर सड़क का निर्माण कार्य खातेदारों के सहयोग से प्रारम्भ किया गया। इस अवसर पर विधिवत पूजा का आयोजन किया गया, और गुजरात मॉडल की तर्ज पर पहली बार राजस्थान में लैंड पूलिंग योजना का विकास किया जा रहा है। यह योजना आधुनिक नगर नियोजन का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत करती है, जिसमें सुव्यवस्थित सड़कें, पार्क, और सुविधा क्षेत्रों का विकास किया जाना प्रस्तावित है। इससे न केवल क्षेत्र का समग्र विकास होगा, बल्कि स्थानीय निवासियों को भी बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी।

जेडीए द्वारा समयबद्ध रूप से आगामी कुछ माह में योजना की 18 एवं 24 मीटर की सडकों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु 28.60 करोड़ रूपये की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त कर निर्माण कार्य एजेंसी का चयन किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, 17-20 जनवरी, 2025 को जविप्रा का एक छः सदस्यीय दल इस योजना के अध्ययन हेतु सूरत (गुजरात) में चल रही लैण्ड पूलिंग सीमा का आधिकारिक दौरा करने गया था। दल का नेतृत्व अतिरिक्त आयुक्त एवं लैंड पूलिंग अधिकारी राजेन्द्र सिंह कविया द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि राजस्थान सरकार द्वारा 13 नवंबर, 2024 को ड्राफ्ट स्कीम की अधिसूचना जारी की गई थी, जिसके तहत विकास कार्यों को गति दी जा रही है। विकास कार्य प्रारम्भ किये जा चुके है तथा खातेदारों को शीघ्र ही भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी प्रारम्भ की जाएगी। यह लैंड पूलिंग योजना न केवल किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी, बल्कि यह जयपुर के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## कांग्रेस विधायक भाकर का निलंबन वापस

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर का निलंबन बजट सत्र के पहले ही दिन खत्म कर दिया। पिछले साल विधानसभा के बजट सत्र के ही दौरान सरकार के कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल के बेटे को राजनीतिक नियुक्ति दिए जाने पर हंगामा हो गया था। इस दौरान वासुदेव देवनानी ने मुकेश भाकर के हंगामे के दौरान चेयर को ऊंगली दिखाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्हें 6 अगस्त 2024 को बजट सत्र के बचे हुए अवधि के लिए निलंबित कर दिया था। हालांकि भाकर के निलंबन की अवधि 6 फरवरी को पूरी हो रही थी लेकिन विपक्ष की मांग पर देवनानी ने शुक्रवार को ही निलंबन वापस ले लिया।

**पायलट ने फैसले का किया स्वागत :-** भाकर का निलंबन समाप्त किए जाने के विधानसभा अध्यक्ष के निर्णय का कांग्रेस विधायक सचिन पायलट ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि हम इसका स्वागत करते हैं, सदन की कार्रवाई में शामिल होंगे। राज्यपाल के अभिभाषण पर पायलट ने कहा-राज्यपाल का अभिभाषण सरकार का लिखा हुआ होता है, वह पढ़ कर सुनाते हैं। उस पर चर्चा होगी, सवालों के जवाब सरकार को देने होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जो हालात हैं कानून, जिलों को समाप्त करने का, उन सब मुद्दों को लेकर सरकार को जवाब देना पड़ेगा। जनता से जुड़े मुद्दों को हम सब सदन में उठाएंगे। उन्होंने कहा कि यह विधानसभा है, यहां पर सवालों का जवाब देना पड़ेगा। विशेष रूप से रोजगार से संबंधित मुद्दों पर।

## देश के सबसे बड़े सोना लुटेरा गिरोह का सदस्य गिरफ्तार



**वैशाली।** देशभर में सोना लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले सुबोध सिंह गिरोह के एक कुख्यात सदस्य को वैशाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी राजस्थान के उदयपुर में हुई 24 किलो सोना लूट का भी मुख्य आरोपी है। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।

### » राजस्थान में 24 किलो सोना लूट में था शामिल

गिरफ्तार अपराधी की पहचान गुड्डू कुमार निवासी गोविंदपुर झखराहा चकसिकंद थाना राजापाकड़ वैशाली के रूप में हुई है। वह पटना जेल में बंद कुख्यात सोना लुटेरा सुबोध सिंह गिरोह का सक्रिय सदस्य है। पुलिस के अनुसार 2022 में राजस्थान के उदयपुर स्थित मडमपुरा गोल्ड लोन कंपनी से 24 किलो सोने की लूट को अंजाम दिया गया था। इस वारदात के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वह अपने घर पर छिपा हुआ है। इस पर वैशाली एसपी ललित मोहन शर्मा के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया और छापामारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### » हत्या के मामले में भी था वांछित

गुड्डू कुमार वैशाली जिले के राजापाकड़ थाना क्षेत्र में 2017 में हुई हत्या का भी मुख्य आरोपी है। पुलिस के अनुसार 25 हजार रुपये के विवाद में नवीन कुमार नामक युवक को घर से बुलाकर उसकी हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक के परिजनों ने राजापाकड़ थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस इतने वर्षों से आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई थी।

## उदयपुर एयरपोर्ट पर बनेगा पर्यटन सूचना केंद्र

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**उदयपुर।** अब उदयपुर एयरपोर्ट पर आने वाले लोगों को सटीक और विश्वसनीय जानकारी मिल सकेगी, जिससे उनकी यात्रा और बेहतर होगी। दरअसल उदयपुर में आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों की सुविधा के लिए डबोक स्थित महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर पर्यटन सूचना केंद्र स्थापित किया जाएगा। इससे राज्य में पर्यटन को बढ़ावा तो मिलेगा ही, साथ में स्थानीय पर्यटन व्यवसायियों, गाइड्स, होटल इंडस्ट्री और परिवहन सेवाओं को भी इसका लाभ मिलेगा। पर्यटन विभाग ने सूचना केंद्र स्थापित करने के लिए एयरपोर्ट प्रशासन को पत्र लिखकर जगह आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अगले दो से तीन महीनों में यह केंद्र पूरी तरह तैयार हो जाएगा।

बता दें कि इस केंद्र पर पर्यटन अधिकारी तैनात होंगे, जो यात्रियों को उदयपुर के इतिहास, कला, संस्कृति और प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में प्रमाणिक जानकारी देंगे। इसके अलावा केंद्र पर कई पर्यटन स्थलों से संबंध रखने वाले साहित्य और गाइड मैप भी उपलब्ध होंगे, जिससे पर्यटक बिना किसी परेशानी के अपनी यात्रा को बेहतर बना सकें।

## महिला और दो बच्चों के शव कुंए में मिले, फैली सनसनी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सवाई माधोपुर।** सवाई माधोपुर जिले के रवांजना डूंगर थाना इलाके में खौफनाक घटना सामने आई है। यहां के लहसोड़ा गांव के पास एक कुंए में एक महिला और उसके दो बच्चों के शव मिले हैं।

दोनों बच्चे मां के साथ उसके पेट से लूगड़ी (ओढ़नी) से बंधे हुए थे। कुएं में मां और उसके दो बेटों के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस अपनी प्रारंभिक जांच में इसे सुसाइड केस मान रही है। शव जब मिले, तब तक वे तीन चार दिन पुराने हो चुके थे।

### » गांव में पसरा मातम

एक ही परिवार के तीन लोगों के शव एक साथ मिलने से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। इन तीनों की छह दिन पहले गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। रवांजना डूंगर थानाधिकारी हरिमन मीणा ने बताया कि 25 जनवरी को महिला के ससुर ने बहू और दो पोतों की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। उसने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उसकी बहू अनिशा योगी (30) पत्नी रमेश योगी और उसके दो बेटे हिमांशु योगी (6) तथा दशरथ योगी (4) निवासी लहसोड़ा लापता है। ससुर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि 24 जनवरी की रात को अनिशा घर से कहीं चली गई थी। उनको गांव में आसपास तलाश किया लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद पुलिस ने जब खोजबीन की तो 29 जनवरी को तीनों के शव गांव के पास स्थित उनके खेत में बने कुंए में पड़े मिले। शव पानी में तैर रहे थे। इसकी सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस ने तीनों शवों को कुंए से बाहर निकलवाया। बाद में पोस्टमार्टम कराकर उनको उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का लग रहा है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि महिला ने दोनों बच्चों को ओढ़नी से अपने पेट से बांधकर सेल्फी ली थी। उसके बाद वह सेल्फी अपने पति को भेजी थी। महिला का पति रेलवे में नौकरी करता है। दोनों की शादी को सात-आठ साल ही हुए हैं। महिला ने संभवतया 25 जनवरी को ही सुसाइड कर लिया था।


## अजमेर में पति ने पत्नी-तीन बच्चों का सिर फोड़ा

**अजमेर।** अजमेर में पति ने पत्नी औ तीन बच्चों पर तवे से सिर फोड़ दिया। हमले के बाद आरोपी पति ने घर की पहली मंजिल से छलांग लगा दी। पांचों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पति-पत्नी और बेटे की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना शहर के क्रिश्चियन गंज थाना क्षेत्र के लोहागल गांव में शुक्रवार शाम 4 बजे की है। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि पारिवारिक विवाद के चलते ये ये हमला किया है। हमले में ममता (35), बेटी तोशिका (11), खुशी (13) और बेटा भूपेंद्र (16) घायल हुआ है। थाना प्रभारी अरविंद चारण ने बताया कि सूचना मिली थी कि रामलाल डोली ने पत्नी और तीन बच्चों के साथ मारपीट की है। गृह क्लेश और मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने की जानकारी मिली है। थाना प्रभारी ने बताया कि रामलाल मजदूरी करता है। परिवार के साथ गांव में किराए पर रहता है। किसी बात को लेकर इनके बीच विवाद हो गया था।

संसदीय कार्य मंत्री का बयान | भजनलाल सरकार बनी सुशासन का प्रतीक

# बिजली और पेयजल आपूर्ति के लिए किए अभूतपूर्व निर्णय : मंत्री जोगाराम पटेल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**जयपुर।** संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय में अपराधी और माफिया पनपे तथा जमकर भ्रष्टाचार भी हुआ। आज भजनलाल सरकार में माफिया का नहीं, जनता का राज है। जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप हमारी सरकार ने अपराधियों पर नकेल कसी है। आज कानून का ऐसा इकबाल है कि बड़े से बड़ा अपराधी हो या गैंगस्टर वो राजस्थान से या तो भाग चुका है या भाग रहा है। हमनें बजरी माफ्यिा पर भी सख्ती से कार्रवाई की है।

पटेल ने शुक्रवार को मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि प्रदेश के इतिहास में यह पहला अवसर है कि किसी राज्य सरकार ने एक साल पूरा कर लिया लेकिन विपक्षी पार्टियों ने किसी भी तरह का आरोप नहीं लगाया। हमारे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पारदर्शिता और पूर्ण जवाबदेही के साथ प्रदेश में बेहतरीन सुशासन का मॉडल स्थापित किया है। वे विकास के विजन के साथ तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये सुखद है कि पहली बार आज बजट सत्र में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े के अभिभाषण में कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं हुआ।

पटेल ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय कुशासन का राज रहा और जनता त्रस्त रही। उन्होंने 5 साल के कार्यकाल में ईआरसीपी परियोजना पर एक कदम भी नहीं बढ़ाया। वहीं हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सानिध्य में 'रामजल सेतु लिंक परियोजना (एमपीकेसी परियोजना) के एमओए पर हस्ताक्षर इसका त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया है। इससे पूर्वी राजस्थान के 17 जिलों में 4 लाख हेक्टेयर भूमि में सिंचाई और 3 करोड़ से अधिक आबादी को पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय में वित्तीय कुप्रबंधन के कारण प्रदेश का ऊर्जा क्षेत्र खस्ताहाल रहा। हमारे थर्मल प्लांट कोयले की कमी से जूझते ही रहे। लेकिन हमारी सरकार ने बिजली आपूर्ति एवं उत्पादन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार के उपक्रमों के साथ 2.24 लाख करोड़ के एमओयू हस्ताक्षरित कर किसानों को वर्ष 2027 तक दिन के समय में भी बिजली उपलब्ध कराने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि भजनलाल सरकार वर्ष 2047 तक राजस्थान को विकसित बनाने के लक्ष्य की ओर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर कर रही है। गत एक वर्ष में हमारी सरकार ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है और जनता-जनार्दन की उम्मीदों पर खरे उतरे हैं। राइजिंग राजस्थान को पहले ही वर्ष में आयोजित कर 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश की मजबूत बुनियाद रखी। इससे राज्य की अर्थव्यवस्था और गतिशील होगी।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए हमारी सरकार ने नियमित रूप से भर्तियां निकाली और परीक्षाएं समय पर आयोजित की। हमने वर्ष 2025 में 81 हजार पदों पर होने वाली भर्ती परीक्षाओं का कैलेंडर जारी किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 5 वर्षों में 4 लाख सरकारी नियुक्तियों की घोषणा की थी। इसमें से एक वर्ष में ही 59 हजार 236 पदों पर नियुक्तियां दी जा चुकी हैं। इसके अलावा 1 लाख 72 हजार 990 पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। यह बताता है कि हम जो कहते हैं, वह करते भी हैं।

नई आबकारी नीति लागू

## राजस्थान में खुलेंगे बार ही बार, झट मिलेगा अप्रूवल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने अपनी नई आबकारी नीति लागू कर दी है। राजस्थान में पहली बार 4 साल के लिए नई नीति लागू की गई है। इस नीति के तहत पहली बार 10 कमरे वाले होटल को भी बार लाइसेंस मिलेगा। इससे पहले पहले हेरिटेज होटल्स को ही 10 कमरों पर बार लाइसेंस मिलता था। इस नीति में सरकार का मानना है कि नए प्रावधान से वैध शराब की बिक्री से रेवेन्यू में बढ़ोतरी होगी। नई आबकारी नीति में प्रदेश में एयरपोर्ट्स पर भी बार खोलने की अनुमति दी गई है। सरकार की नई नीति में सभी तरह की अनुमति, लाइसेंस और परमिट के लिए ऑनलाइन ऑटो अप्रूवल की व्यवस्था की गई है। नई आबकारी नीति में क्लस्टर और रिन्यू सिस्टम का प्रावधान रहेगा। इसके तहत प्रति वर्ष गारंटी राशि में 10 फीसदी की बढ़ोतरी की जाएगी। सरकार ने नई नीति को लागू करते हुए दुकानों की संख्या में कोई बदलाव नहीं किया है। उनकी संख्या यथावत रखी गई है।

**हर साल होगी नीति की समीक्षा:-** सरकार की यह नीति 1 अप्रेल 2025 से लेकर 30 मार्च 2029 तक लागू रहेगी। इस नीति का सबसे बड़ा फायदा उन ठेकेदारों को मिलेगा, जो अपनी दुकान को यथावत रखते हुए अगले साल भी ठेका लेना चाहते हैं। जो ठेकेदार दुकान छोड़ना चाहता है, उनकी दुकानों को ई-बिड के आधार पर फिर से ऑक्शन किया जाएगा। नई नीति की हर साल दिसंबर और जनवरी में समीक्षा की जाएगी। आश्यकता होने पर नियमों में संसोधन किया जा सकेगा।

# राजस्थान विधानसभा से मिटा 'अपशकुन' का साया

## अब नहीं होगी किसी विधायक की असमय मौत!



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा पर 25 साल से मंडरा रहा 'अपशकुन' का साया दूर कर दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने वास्तुशास्त्रियों से न सिर्फ सुझाव लिए बल्कि इन सुझावों के आधार पर विधानसभा भवन में रंग से लेकर कई बदलाव किए हैं। खुद विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सदन में कहा कि हर बार किसी न किसी वजह से विधायक कम हो जाते हैं। आगे चार साल तक सभी दौ सो विधायक रहे इसलिए वास्तु शास्त्रियों सुझाव लेकर बदलाव किए गए हैं।

इन बदलावों में सदन में कुर्सियों और कॉर्पेट का रंग हरे से गुलाबी किया गया है। सदन में कागज की बजाय विधायकों की टेबल पर लेपटॉप रखवाए गए हैं। विधायकों का प्रवेश अब तक पश्चिम द्वार से होता था, वह अब पूर्वी द्वार से होगा। विधायक अब पश्चिम द्वार से बाहर निकलेंगे। दक्षिण पश्चिम में खाली जगह पर टेंट लगाए गए हैं।

### » एक साथ 200 विधायक सदन में बैठे

विधानसभा अध्यक्ष ने सदन में वास्तु का जिक्र करते हुए कहा कि लंबे समय बाद एक साथ 200 विधायक सदन में बैठे हैं। कुछ दिनों पहले हमने वास्तुविदों से इस बारे में चर्चा की थी। कुछ सुझाव लिए हैं। उनमें एकाध सुझाव लागू भी किया है। देवनानी ने कहा कि आज विधायक मुकेश भाकर का निलंबन बहाल हुआ है। मेरी अपेक्षा है सभी विधायक इसी तरह 4 साल तक बने रहें।

### » जो आया है, वो जाएगा जरूर : जूली

बीजेपी विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि ये बदलाव अच्छा है। अब अपशकुन दूर होगा। हम हिंदू संस्कृति में विश्वास करते हैं। इसलिए मानना जरूरी है। अंधविश्वास कहने वालों को जबाब भी देना जरूरी है। वहीं विधानसभा के अजीब संयोग पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली बोले कि जो आया है वो जाएगा जरूर। हर बार कोई ना कोई टोटके होते हैं।

### » कम बार 200 विधायक एक साथ रहे

उल्लेखनीय है कि राजस्थान विधानसभा के नए भवन को लेकर लंबे समय से वास्तुदोष की चर्चा होती रही है। हर कार्यकाल में यहां किसी न किसी विधायक की मौत हो जाती है। बहुत कम अवसर ऐसे आए हैं, जब विधानसभा में सभी 200 विधायक एक साथ बैठे हों। उसके बाद यह चर्चा जोर पकड़ गई कि विधानसभा भवन में ही कोई वास्तुदोष है जिसके कारण पांच साल तक सभी 200 विधायक एक साथ नहीं बैठ पाते हैं।

# केजरीवाल के खिलाफ प्रियंका की चुनावी जनसभा

## कांग्रेस उम्मीदवार संदीप दीक्षित के लिए कांग्रेस ने झोंकी ताकत



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में पहली बार अरविंद केजरीवाल के खिलाफ गांधी परिवार खुलकर प्रचार कर रहा है। कांग्रेस पार्टी ने अपनी रणनीति में बदलाव करते हुए अब नई दिल्ली विधानसभा सीट पर सक्रिय प्रचार अभियान शुरू किया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा शुक्रवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे पिलनजी गांव, सब्जी मंडी में प्रचार किया। वे कांग्रेस उम्मीदवार संदीप दीक्षित के समर्थन में जनसभा की और कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाया। इससे पहले, कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 20 जनवरी को पदयात्रा निकालनी थी, लेकिन स्वास्थ्य कारणों से उनका कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया था।

इसके बावजूद, राहुल गांधी ने हाल ही में नई दिल्ली इलाके के बाल्मीकि मंदिर में दर्शन किए और पूजा-अर्चना की, लेकिन उन्होंने किसी प्रकार की चुनावी बयानबाजी से दूरी बनाए रखी थी। इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की रणनीति बदली हुई नजर आ रही है। इस बार पार्टी का शीर्ष नेतृत्व भी जमीन पर उतरकर प्रचार कर रहा है।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.